
देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



एजेंसियां ऐसा कठोर रुख अपनाएं, जिससे... 12

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया संयुक्त... 10



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 351
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 06 अक्टूबर, 2023

## स्व. मुलायम सिंह यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में सारे दस्तावेज जुटाते थे

# प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे

* तत्कालीन राज्यपाल टीवी राजेश्वर के लीगल एडवाइजर और दाहिना हाथ थे प्रदीप दुबे
* मुलायम परिवार के खिलाफ याचिका करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील विश्वनाथ चतुर्वेदी का भी जमकर हित साधा

जन एक्सप्रेस स्पेशल रिपोर्ट
डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे विधानसभा की नियम विरुद्ध हुई नियुक्तियों में धांधली के मास्टरमाइंड तो हैं ही, शातिर अधिकारी होने के साथ ही राजनीति के हर पेंतरे में माहिर हैं। मूल रूप से इटावा के रहने वाले प्रदीप दुबे ने करियर में तरक्की के लिए स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव का दामन थामा था। एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के अनुसार जिन मुलायम सिंह यादव ने प्रदीप दुबे की हर जरूरत पर मदद की, बहुत शातिराना अंदाज में उनकी ही पीठ में इन्होंने खंजर घोंपा। मुलायम सिंह यादव परिवार के खिलाफ याचिका दाखिल करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील विश्वनाथ चतुर्वेदी से भी इन्होंने पूरी यारी निभाई। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के अनुसार दरअसल स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव, प्रदीप दुबे दोनों ही मूल रूप से इटावा जनपद के रहने वाले हैं। प्रदीप दुबे ने अपने पद और क्षेत्रवाद का हवाला देकर परिस्थितियों को अपने हिसाब से खूब भुनाया। जब उन्हें मुलायम सिंह यादव की कृपा की जरूरत पड़ी तो उनकी शरण में जाने से गुरेज नहीं किया। जब उनका काम लगाने की ठानी तो मुलायम सिंह परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की याचिका दायर करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील विश्वनाथ चतुर्वेदी को पर्दे के पीछे हर संभव सहयोग किया।



प्रदीप कुमार दुबे, प्रमुख सचिव विधानसभा



विश्वनाथ चतुर्वेदी, सुप्रीम कोर्ट के वकील

### राजनीतिक महत्वाकांक्षा पाले थे प्रदीप दुबे, कांग्रेस से बनना चाहते थे सांसद

दरअसल, प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं बड़ी थीं। वह खुद को प्रदेश में एक नौकरशाह तक सीमित रखना नहीं चाहते थे। उनका सपना कांग्रेस के माध्यम से संसद के सदस्यके रूप में बैठने का था। इसीलिए वह कांग्रेस, तत्कालीन राज्यपाल टीवी राजेश्वर और एडवोकेट विश्वनाथ चतुर्वेदी तीनों के सगे बने हुए थे।

### तत्कालीन एडीसी भगवान स्वरूप थे टीवी राजेश्वर का बायां हाथ

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के अनुसार तत्कालीन राज्यपाल टीवी राजेश्वर के तत्कालीन एडीसी भगवान स्वरूप की भी इस मामले में प्रमुख भूमिका रही। प्रदीप दुबे अगर टीवी राजेश्वर का दाहिना हाथ थे तो एडीसी भगवान स्वरूप बायां हाथ। जिस तरह प्रदीप दुबे तत्कालीन राज्यपाल टीवी राजेश्वर, विश्वनाथ चतुर्वेदी और 10 जनपथ के बीच सेतु थे, उसी तरह भगवान स्वरूप भी सबसे विश्वसनीय संदेशवाहक थे। कोई भी गोपनीय संदेश या दस्तावेज इन दोनों अधिकारियों के माध्यम से ही संबंधित पक्ष तक पहुंचाया जाता था।

### राजभवन का संरक्षण था तभी मुलायम सिंह यादव से लोहा लेते रहे विश्वनाथ चतुर्वेदी

स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के बारे में कहा जाता है कि वह कुशल राजनेता के साथ ही एक अच्छे पहलवान भी थे। राजनीति के अखाड़े से लेकर दंगल के अखाड़े तक उन्हें पटखनी देने का हर दांव आता था। ऐसे में उनके मुख्यमंत्री रहते विश्वनाथ चतुर्वेदी का उन्हें सुप्रीम कोर्ट तक घसीट कर ले जाना चुनौती पूर्ण था। यह सब इसलिए संभव हो सका क्योंकि विश्वनाथ चतुर्वेदी को कानून की जानकारी के साथ ही उत्तर प्रदेश के राजभवन से सीधा संरक्षण मिला हुआ था।

### विश्वनाथ चतुर्वेदी को खुद दस्तावेज उपलब्ध कराते थे प्रदीप दुबे

वरिष्ठ आईएएस के अनुसार तत्कालीन राज्यपाल टीवी राजेश्वर मुलायम सिंह यादव की कार्यशैली से खुश नहीं थे। राजेश्वर खुद 10 जनपद के करीबी थे। विश्वनाथ चतुर्वेदी के याचिका दाखिल करने पर तत्कालीन राज्यपाल टीवी राजेश्वर और 10 जनपथ को सुनहरा मौका हाथ लग गया। प्रदीप दुबे-टीवी राजेश्वर, 10 जनपथ और एडवोकेट विश्वनाथ चतुर्वेदी के बीच संपर्क का सबसे प्रमुख और विश्वस्त माध्यम थे। विश्वनाथ चतुर्वेदी की बात राज्यपाल तक पहुंचाना हो या फिर 10 जनपथ से आने वाले निर्देशों को राज्यपाल तक प्रेषित करना, यही नहीं मुलायम सिंह यादव के खिलाफ जरूरी दस्तावेज, रिजोईंडर तक खुद प्रदीप दुबे पहुंचाते और लिखवाते थे।

## रनियां स्थित मयूर रिफाइनरी में गुरुवार सुबह आयकर टीम ने छापेमारी की

## मयूर ग्रुप के 35 ठिकानों पर

# आईटी की छापेमारी

जन एक्सप्रेस | कानपुर देहात

रनियां स्थित मयूर रिफाइनरी में गुरुवार सुबह आयकर टीम ने छापेमारी की। फैक्टरी में 20 से अधिक गाड़ियां एक साथ पहुंची। सिक्योरिटी के मोबाइल पहले जब्त किए। छापेमारी के दौरान हड़कंप मच गया। फैक्टरी के कर्मचारियों को अंदर जाने से रोक दिया गया। सबसे पहले टीम ने दफ्तर को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। इसके बाद फैक्टरी के अन्य ठिकानों में भी पड़ताल शुरू हुई। हालांकि गेट पर अंदर प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई। मयूर ग्रुप के कानपुर शहर, दिल्ली और मध्य प्रदेश समेत 35 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी हुई। इनकम टैक्स की कार्रवाई एक फिर चर्चा में है। कानपुर के बड़े कारोबारी मनोज गुप्ता के मशहूर मयूर ग्रुप में टैक्स चोरी की सूचना पर छापामारी हुई है। गुरुवार सुबह करीब डेढ़ सौ से अधिक आयकर अधिकारी मयूर ग्रुप के कानपुर के सिविल लाइन, शक्करपट्टी दफ्तर पहुंचे। इसी समय पर कानपुर देहात के रनियां स्थित फैक्टरी में भी टीम पहुंची। ग्रुप के कानपुर, दिल्ली के 20 और मध्य प्रदेश के 15 प्रतिष्ठानों पर एक साथ ये कार्रवाई छापामार की गई है।

### क्या बनाता है मयूर ग्रुप

मयूर ग्रुप वनस्पति तेल, फूड आइटम्स और पैकेजिंग का काम करता है। कानपुर देहात के रनियां में रिफाइनरी का बड़ा प्लांट है। साथ ही फूड आइटम्स और पैकिंग के लिए प्लास्टिक की बोतलें और डिब्बे साथ ही अन्य पैकिंग से संबंधित आइटम्स बनाता है। मयूर ग्रुप की तीन फैक्टियां हैं। इनमें सभी में एक साथ इनकम टैक्स की छापामारी हुई है। सभी जगह पड़ताल जारी है।

### मयूर ग्रुप पर आयकर विभाग की बड़ी रेड

**मध्य प्रदेश, दिल्ली और कानपुर दफ्तरों में एक साथ पहुंची टीम**

**मयूर ग्रुप वनस्पति तेल, फूड आइटम्स और पैकेजिंग का काम करता है**

यूपी के **20** और एमपी के **15** ठिकानों पर आईटी की छापेमारी




### 5 मंजिला आलीशान कोठी में 2 दर्जन से अधिक अधिकारी

- सिविल लाइन स्थित मयूर ग्रुप की कोठी 5 मंजिला बेहद आलीशान बनाई गई है। सूत्रों के मुताबिक यहां 2 दर्जन से अधिक आयकर अधिकारियों की टीमें मौजूद हैं। आयकर अधिकारियों ने तब छापेमारी की है, जब कंपनी के दोनों डायरेक्टर इसी आलीशान कोठी में मौजूद हैं। बता दें कि मयूर ग्रुप वनस्पति तेल, फूड आइटम्स और पैकेजिंग का काम करते हैं।

### पहले भी 2021 में हो चुकी है छापेमारी

- कानपुर में मयूर वनस्पति के ठिकानों 30 दिसंबर 2021 को भी डीजीजीआई लखनऊ के छापे में आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) में बड़ी गड़बड़ी पकड़ी गई थी। चार साल पुराने इस मामले में कंपनी के मालिक सुनील गुप्ता और सुरेश गुप्ता भी फंसे थे। वर्ष 2019 में डीआरआई ने (राजस्व खुफिया निदेशालय) ने मयूर वनस्पति पर छापा मारकर कंपनी के एक निदेशक को गिरफ्तार भी किया था।

### इत्र करोबारी के यहां मिले थी 200 करोड़ से अधिक नकदी

- कानपुर के कारोबारी के यहां इनकम टैक्स की कार्रवाई चर्चा में इसलिए है कि इत्र करोबारी पियूष जैन के यहां करीब एक साल पहले इनकम टैक्स की टीम ने दो सौ करोड़ से अधिक नकदी बरामद की थी। विधानसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर बरामद हुई नकदी से राजनीतिक सरगर्मी काफी बढ़ गई थी। सैकड़ों करोड़ की नकदी बरामदगी पूरे देश में चर्चा का विषय रही थी।

### फैक्ट्री में कर्मियों की इंट्री पर रोक

मयूर ग्रुप के सीएमडी मनोज गुप्ता के कानपुर स्थित आवास ,कार्पोरेट कार्यालय में सुबह छह बजे टीम पहुंच गई थी। सुबह सुबह बड़ी संख्या में आवास के बाहर गाड़ियां देख वहां लगे सुरक्षा कर्मियों और अन्य कर्मचारी दहशत में आ गए। हालांकि टीम ने किसी को संभलने का कोई मौका नहीं दिया। तत्काल अंदर दाखिल हो गई। रनियां स्थित फैक्टरी में टीम के पहुंचते ही कर्मचारियों की इंट्री पर रोक लगा दी गई। गेट से उन्हें बैरंग वापस कर दिया गया। टीम के साथ आए सुरक्षाकर्मी गेट पर ही बैठ गए। फैक्टरी की हर गतिविधि पर उनकी नजर रही। टीम के लोग फैक्टरी के दफ्तर से बड़े पैमाने पर अभिलेख कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गए।

## 150

**अधिकारियों की पहुंची फौज, देखकर सब रह गए दंग**

### बंगाल, तमिलनाडु और तेलंगाना में छापे

**ममता के मंत्री के घर ईडी की रेड, डीएमके सांसद और बीआरएस विधायक के ठिकानों पर आईटी की कार्रवाई**

**कोलकाता/चेन्नई/हैदराबाद।** भ्रष्टाचार से जुड़े अलग-अलग मामलों में सेंट्रल एजेंसियों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय और इनकम टैक्स ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और तेलंगाना में सत्ताधारी पार्टियों के सांसद और विधायकों के कई ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी की जद में आने वाले नेताओं में ममता सरकार में मंत्री रथिन घोष, तमिलनाडु के डीएमके सांसद एस जगतरक्षकन और तेलंगाना में बीआरएस विधायक मागन्ती गोपीनाथ शामिल हैं। इसके अलावा बंगाल के ही एक नगर पालिका के पूर्व अधिकारी के घर पर भी रेड डाली जा रही है।

### ईडी और आईटी की कार्रवाई

**पश्चिम बंगाल-** मंत्री रथिन घोष के आवास सहित कोलकाता और नॉर्थ 24 परगना जिले में? उनसे जुड़े 12 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ने दबिश दी है। वहीं टीटागढ़ नगर पालिका में भर्ती घोटाला मामले को लेकर नॉर्थ 24 परगना जिले में टीटागढ़ नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन प्रशांत चौधरी के आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही है।

**तमिलनाडु-** चेन्नई में डीएमके सांसद एस जगतरक्षकन के 40 से अधिक परिसरों पर तलाशी जारी है।

**तेलंगाना-** हैदराबाद में इनकम टैक्स ने सत्ताधारी पार्टी बीआरएस के विधायक मागन्ती गोपीनाथ के खिलाफ कार्रवाई की है। हैदराबाद के जुबली हिल्स, कुकटपल्ली, गाचीबोवली समेत बीआरएस विधायक के आवास और कार्यालय पर इनकम टैक्स के अधिकारियों की टीम तलाशी ले रही है।

**कानपुर: केडीए के जोन दो में तैनात प्रवर्तन के जिम्मेदार अधिकारी**

## सरकार और प्राधिकरण के राजस्व को पहुंचा रहे करोड़ों रुपये की क्षति

जन एक्सप्रेस फॉलो अप
कमलेश फाइटर

**राज्य मुख्यालय/कानपुर नगर।** कानपुर विकास प्राधिकरण (के.डी.ए.) के जोन दो में तैनात प्रवर्तन के जम्मिेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण सरकारी राजस्व को तगड़ी चोट पहुंचने के साथ साथ योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीती की साख पर भी बट्टा लग रहा है। प्रवर्तन प्रभारी से लेकर अवर अभियंता और सुपरवाइजर तक सिर्फ़ और सिर्फ़ नोटिस नोटिस का खेल खेलकर अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर ले रहे हैं। जिस कारण मानक विहीन अवैध अवैध निर्माण करने वाले बिल्डरों की तिजोरियों में खजाने का इजाफा हो रहा है लेकिन सरकारी खजाना खाली होता हुआ दिखाई दे रहा है। ज्ञातव्य हो कि कानपुर विकास प्राधिकरण अक्सर अपने द्वारा किए गए भ्रष्टाचारों को लेकर पेपर की सुर्खियों में बना रहता है। अभी हाल ही में प्राधिकरण के जोन एक में नक्शा विभाग द्वारा गलत तरीके से पास किए गए दो मानचित्रो को निरस्त करने का आदेश हो चुका है। अब अगर यह कहा जाए कि यह गलती मात्र नक्शा विभाग की थी तो यह कहना गलत होगा क्योंकि नक्शा पास होने के बाद निर्माण के समय प्रवर्तन में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों की यह जिम्मेदारी होती है कि वह अपने उच्च अधिकारियों को फर्जीवाड़ों से अवगत करवाएं लेकिन वह ऐसा करते नहीं।

### अवैध निर्माण अगर हो करवाना तो केडीए के जोन दो जरूर आना



जन एक्सप्रेस/कमलेश फाइटर

कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन दो में क्षेत्रीय जिम्मेदारों से सांठ गांठ करके बिल्डर अवैध निर्माणों की झड़ी लगा चुके हैं। जिम्मेदारों की एक निर्माण कर्ता पर तो ऐसी दया हो गई है कि वह निर्माण कर्ता बिना नक्शा पास कराए ही अपने निर्माण को तान चुका है पूर्व में भी इस निर्माण कर्ता ने लगभग तीन हजार वर्ग मीटर में बिना नक्शा पास कारण अपना निर्माण तान दिया था और बाद में सेटिंग करके नक्शा दाखिल किया गया था। लेकिन पूर्व में तैनात रहे क्षेत्रीय जिम्मेदार अधिकारियों ने इस निर्माण कर्ता को बगल में अवैध निर्माण करने से रोक दिया था । इन सभी के ऊपर बैठे उनके प्रवर्तन प्रभारी को तो अवैध निर्माण दिखाई ही नहीं देते और सबसे बड़ा ब्रह्मास्त्र धारा 27 और 28 का नोटिस निर्माण कर्ता को अंत तक बचाता रहता है। कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन दो में आनंदपुरी शास्त्री नगर में दिनेश मनमानी के द्वारा क्षेत्रीय जिम्मेदारों से सांठ गांठ करके प्राधिकरण से स्वीकृत नक्शे के विपरीत जाकर मानक विहिन अवैध निर्माण किया गया है साथ ही साथ काफी हिस्सा रोड और फुटपाथ का भी कब्जा कर लिया गया है। इस मामले में पूर्व पार्षद राजेन्द्र प्रताप कटियार द्वारा कई शिकायतें की गई लेकिन नीचे से लेकर ऊपर तक बैठे अधिकारियों को सिर्फ और सिर्फ कलम से खेल खेलना आता है लगातार अवैध निर्माण होता जा रहा है और वह सिर्फ 27 और 28 का नोटिस काट रहे है। जेके मंदिर की ओर जाने से पहले पांडव नगर की ओर मुड़ी रोड कॉर्नर पर ही एक बहुत बड़ा अवैध निर्माण हो चुका है जो क्षेत्रीय जिम्मेदारों को नहीं दिखाई दे रहा है। इस निर्माण कर्ता द्वारा घरेलू नक्शा पास कराने के बाद कमर्शियल निर्माण कर लिया गया है। साथ ही साथ देवेंद्र जॉली के द्वारा जो अवैध निर्माण कराया गया और कराया जा रहा उस पर सरकार को चैलेंज कर दिया गया है।

**मरियमपुर, सरोजनी नगर, रंजीत नगर, पांडु नगर, शिवाजी नगर में देखने लायक हैं मानकों के विपरीत निर्माण**

### जिम्मेदार क्या कर रहे हैं

जोन दो में प्रवर्तन का काम देख रहे प्रवर्तन प्रभारी अवर अभियंता और सुपरवाइजर सभी जानते हैं कि जो नक्शे आवासीय हैं उनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। लेकिन सिर्फ अवैध निर्माण मानक विहीन होने का नोटिस काट कर 27 और 28 की धारा का प्रयोग करते हुए अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेते हैं। ऊपर बैठे प्रवर्तन प्रभारी भी सिर्फ और सिर्फ नीचे वाले की रिपोर्ट पर अपनी मोहर लगा देते हैं जिस कारण सरकार और प्राधिकरण दोनों की साख पर बट्टा लग रहा है।

### भ्रष्टाचार की हद कर दी पार

वर्तमान समय में कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन दो का अंसल अपार्टमेंट परिसर का प्रभार देख रहे नीचे से लेकर ऊपर तक के सभी ज़िम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार की हदों को पार कर दिया है। यहां पर एक देवेंद्र जॉली नाम के व्यक्ति द्वारा पहले तो लगभग 3000 वर्ग गज में मानक विहिन अवैध निर्माण किया गया और उसके बाद अभी वर्तमान में बचे शेष भाग पर बिना नक्शा स्वीकृत कराए दो मंजिल का अवैध निर्माण कर लिया है। जिम्मेदार अधिकारी रंगबाजी से उसे खुली छूट दे रखे हैं। शेष जारी

### आवासीय का नक्शा पास कराने के बाद हो रहा व्यावसायिक निर्माण

कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन दो स्थित लाजपत नगर ,शिवाजी नगर, शास्त्री नगर, सर्वोदय नगर, पांडू नगर, दर्शन पुरवा, क्षेत्र में लगभग सत्तर फीसदी निर्माणों का मानचित्र आवासीय में पास है लेकीन उनका व्यवसायिक निर्माण करके बिल्डर अपनी जेबें भर रहे हैं और सरकार के साथ प्राधिकरण के राजस्व को भारी हानि हो रही है।

### मुख्यमंत्री का पीलीभीत दौरा आज, वन महोत्सव में करेंगे शिरकत

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को पीलीभीत का दौरा करेंगे। दोपहर 1:25 बजे वह हेलीकॉप्टर से वन विभाग के मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। यहां वह वन महोत्सव के समापन समारोह में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम भी जारी हो गया है। वह करीब पौने दो घंटे यहां रहेंगे। बृहस्पतिवार को कमिश्नर व आईजी ने गेस्ट हाउस पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। लखनऊ से आए वन विभाग के अफसर भी दिन भर मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर शुक्रवार को 1.25 बजे मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस के नजदीक बनाए गए हेलीपैड पर उतरेगा।

### देवरिया हत्याकांड: राजस्वकर्मियों व पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज, उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी समेत कई निलंबित

जन एक्सप्रेस | लखनऊ/देवरिया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया में घटित घटना की समीक्षा करते हुए कहा कि दोषी कोई भी हो, हर एक पर कार्रवाई की जाएगी। शासन की रिपोर्ट में जनपद देवरिया की तहसील एवं थाना रूद्रपुर स्थित ग्राम फतेहपुर में घटित घटना के संबंध में दोषी कर्मचारी/अधिकारी की घोर लापरवाही एवं कर्तव्यपालन में शिथिलता संज्ञान में आयी है। उक्त विवाद के संबंध में स्व.सत्य प्रकाश दुबे द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में आईजीआरएस के अंतर्गत अनेक शिकायतें मुख्यमंत्री संदर्भ के रूप में आनलाइन पुलिस विभाग/राजस्व विभाग को भेजी गई थीं एवं दोनो विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा गम्भीरतापूर्व संज्ञान लेकर निस्तारण नहीं कराया गया।



## दोना, तेजकृष्ण खेड़ा व पुरैना की ग्राम पंचायत के खाते की जमीन में खूब हुआ फर्जीवाड़ा

जन एक्सप्रेस/विश्वामित्र पांडेय/आशीष कुमार सिंह

**लखनऊ।** राजधानी के सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र के काकोरी ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में सरकारी जमीनों में प्लाटिंग करने की होड़ में कई सरगनाओं के नाम सामने आने लगे हैं। तहसील प्रशासन से लेकर राजनैतिक रसूखदार लोगों द्वारा भी रियल एस्टेट के अवैध कारोबार में खूब जमकर निवेश किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 2016 में पूर्व ब्लाक प्रमुख काकोरी व तेजकृष्ण खेड़ा ग्राम पंचायत के प्रधान की मिलीभगत से ग्राम पंचायत की जमीनों में जमकर बंदरबांट हुई। सूत्रों की मानें तो तत्कालीन ग्राम प्रधान और काकोरी ब्लाक प्रमुख द्वारा भूमि आवंटन में भारी मात्रा में अनियमित बरती गई है।



### पूर्व उप जिलाधिकारी व तहसीलदार की भूमिका पर भी उठे थे सवाल

काकोरी ब्लाक के तेज कृष्णा खेड़ा में हुई ग्राम समाज की जमीन के आवंटन व विनिमय के खेल में तत्कालीन उप जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह व तत्कालीन तहसीलदार उमेश सिंह की भूमिका पर भी सवाल उठ चुके हैं। ग्राम पंचायत पुरैना के मजरा सराय मुहिब की गाटा संख्या 42, 136, 232 लगभग 2.5200 हेक्टेयर वृक्षारोपण के नाम दर्ज भूमि का कोई अता - पता ही नहीं है, जबकि इस मामले को लेकर कई बार ग्रामीणों द्वारा शिकायत भी की जा चुकी है। जानकारों की माने तो लगभग 5 बीघे से ज्यादा भूमि का रकबा प्रॉपर्टी डीलर द्वारा बेचा जा चुका है।

### उच्चाधिकारियों तक नहीं पहुंच पाती वास्तविक जानकारी

उच्च पदों पर कार्यरत कुछ पूर्व अधिकारियों से इस संबंध में बात की गई जिसपर यह बात भी सामने आई कि क्षेत्र में काम करने वाले निम्न कर्मचारियों द्वारा मामला दबाए जाने के कारण उच्च अधिकारियों तक वास्तविक जानकारी नहीं पहुंच पाती, जिसका खामियाजा शासन की सख्ती के बात उच्च अधिकारियों को ही झेलना पड़ता है।

### रियल एस्टेट के काले कारोबार में कई सफेदपोश भी शामिल

सूत्रों की मानें तो लखनऊ शहर में हो रहे रियल एस्टेट के काले कारोबार में व्यापारी ही नहीं बल्कि सफेदपोश भी बड़े पैमाने पर हिस्सेदारी लिए बैठे हैं। सरोजनीनगर, मोहनलालगंज व बख्शी का तालाब तहसील में सफेदपोशों द्वारा जमकर इन्वेस्ट किया गया है। जल्द ही जन एक्सप्रेस उन तमाम सफेदपोशों का पर्दाफाश करेगा जिन्होंने गरीब मजदूरों व किसानों के अधिकारों को कुचल कर अपना काला साम्राज्य स्थापित किया है।

# अधिवक्ता के साथ लेखपाल ने किया मारपीट, नकदी और चेन छीना

**जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर**

प्रदेश के हापुड मे अधिवक्ताओ के साथ हुई लाठी चार्ज का मामला अभी ठण्ढा भी नही हुआ। वही तहसील परिसर मे ही अधिवक्ता व लेखपाल के बीच जमकर मार-पीट हुई घटना की खबर होते ही अधिवक्ता संघ आन्दोलित हो गया और उपजिलाधिकारी व तहसीलदार से घटना की शिकायत करते हुये आरोपी लेखपाल पर कार्यवाही की मांग किया। तहसील अधिवक्ताओ ने बताया कि सरलीकरण, वरासत सहित हक बन्दी जैसे मामलो मे लेखपाल व कानूनगो मनमानी ढग से पैसे की मांग करते है। जिससे वादकारी ही नही अधिवक्ता भी परेशान है। तहसील मे विधि व्यवसाय से जुडे अधिवक्ता अरबिन्द पाण्डेय सरलीकरण के मामले मे वादकारी के तरफ से मुकदमा की पैरवी कर रहे थे। वही रजिस्ट्री दफ्तर के पास रास्ते मे सुजानी पुर गॉव मे तैनात लेखपाल विपिन यादव मिले और 50 हजार रुपये की मांग करने लगे। जिसमे अधिवक्ता और लेखपाल के बीच कहा-सुनी हुई और बात बढते-बढते मारपीट मे बदल गयी। पीडित अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी लेखपाल अपने सहयोगियो के साथ मिलकर मारा और मारपीट के दौरान 5000 नकद व गले मे पड़ी सोने की चेन छीन लिया। आन्दोलित अधिवक्ताओं ने बताया कि सरलीकरण सहित अन्य वादो मे लेखपाल की रिर्पोट लगती है। जिसके लिए लेखपाल व कानूनगो मनमानी धन वसूली के चक्कर मे अवधि से अधिक समय तक फाईलो को डाले रहते है और रिर्पोट लगाने के लिए कहा जाता है तो पैसे की मांग करते है। जिसके चलते आये दिन वादकारियो सहित अधिवक्ताओ मे विवाद होता रहता है लेकिन आज तो सीमा पार कर दिया और अधिवक्ता के साथ मार-पीट किया। इसके पहले भी उच्चाधिकारियो से भ्रष्टचारी लेखपालो व कानूनगो के विरुद्ध शिकायत भी किया लेकिन कोई भी कार्यवाही नही हुई। कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान मे है लेकिन अभी तक कोई भी तहरीर नही मिली।




# ऑनलाइन आवेदन कर उठाएं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शासनादेश आवेदन की आफलाइन व्यवस्था समाप्त करते हुए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी के लिए सामूहिक विवाह के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत साफ्टवेयर विकसित कर आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करने की प्रक्रिया लागू की गयी है। जिसमें आवेदक को सामूहिक विवाह की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन करना होगा तथा सम्बन्धित विकास खण्ड, नगर निकाय द्वारा स्थलीय सत्यापन किया जायेगा।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय अधिकतम 2 लाख रूपये, कन्या की आयु 18 वर्ष व वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो। आवेदन के समय पोर्टल पर आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, वर-वधू का आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो व कन्या का हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 898 लक्ष्य आवंटन के सापेक्ष 250 जोड़ों का विवाह कार्यक्रम आयोजन कराये जाने के लिए धनराशि का आवंटन प्राप्त हो चुका है। जिसमें प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार की धनराशि व्यय की जायेगी। जिसमें से कन्या के बैंक खाते में 35 हजार रुपये, 10 हजार की विवाह संस्कार के लिए आवश्यक गृह उपयोगी सामग्री दी जायेगी तथा 6 हजार रूपये विवाह कार्यक्रम में व्यय होंगे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 23 एवं 24 नवम्बर के शुभ मुहुर्त में प्रस्तावित हैं। प्रथम आगत प्रथम पावत के आधार पर लाभार्थियों का चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करते हुए योजना का लाभ उठायें। प्रथम आगत प्रथम पावत के आधार पर लाभार्थियों का चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करते हुए योजना का लाभ उठायें।

# पराली व फसल अपशिष्ट जलाने के बजाय गोआश्रय में दें दान: कृष्णा पासवान

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली तथा सर्वोच्च न्यायलय के आदेशों के क्रम में पराली-फसल अपशिष्ट जलाना पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया गया है तथा इसे दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है। धान की पराली-फसल अवशेष को जलाये जाने से वायु प्रदूषण, तापमान में बढोत्तरी हो रही है। जिससे मानव स्वास्थ्य सम्बन्धी अनेक समस्यायें उत्पन्न हो रही हैं। साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति तथा भूमि में पाये जाने वाले लाभदायक जीवाणु नष्ट हो रहे हैं। जिससे उत्पादन एवं उत्पादकता पर भी असर पड़ रहा है। लागत बढ रही है एवं उत्पादन घट रहा है।

यह जानकारी देते हुये किसानो से खागा विधायक कृष्णा पासवान अनुरोध भी किया कि पराली-फसल अपशिष्ट को आधुनिक कृषि यंत्रों यथा मल्चर रिवर्सेबुल एम0बी0 प्लाऊ, थ्रेडर, रोटावेटर, रोटरी स्लेशर, हैरो आदि कृषि यंत्रों का प्रयोग कर खेत में मिलाकर खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाई जा सकती है अथवा कम्पोस्ट पिट में डालकर उसे सड़ाकर कम्पोस्ट खाद बनाया जा सकता है। खेतों अथवा कम्पोस्ट पिट में पराली-फसल अपशिष्ट को शीघ्र सड़ाने के लिये वेस्ट डी कम्पोजर की 20 ग्राम मात्रा को 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव किया जा सकता है। पराली को गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित पशुओं हेतु चारे एवं बिछौना के लिये दान किया जा सकता है। शासन के निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत के माध्यम से पराली एकत्र कराकर पराली गौ-आश्रय स्थलों को पहुँचाने का कार्य किया जायेगा। साथ ही मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों के माध्यम से कम्पोस्ट पिट तैयार कराकर पराली को कम्पोस्ट पिट में डालकर कम्पोस्ट तैयार किया जायेगा। खागा विधायक कृष्णा पासवान ने किसान भाईयों से अनुरोध किया कि वे अपनी ग्राम पंचायत में पराली-फसल अपशिष्ट को कदापि न जलायें अपितु उसको ग्राम पंचायत के माध्यम से गौ-आश्रय स्थलों को भिजवायें अथवा उसका कम्पोस्ट बनाने में प्रयोग करें। जनपद में पराली-फसल अपशिष्ट जलाने की घटनाओं की सेटेलाइट से मानिटरिंग-निगरानी किया जा रहा है। साथ ही ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकास खण्ड एवं तहसीलवार क्षेत्रीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो भ्रमण कर कृषकों को जागरूक एवं

# कलेक्ट्रेट परिसर में आम आदमी पार्टी नेताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी के छापे को लेकर कार्यकर्ताओं में बेहद नाराजगी व्याप्त है। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर ईडी को भाजपा का अनुसांगिक संगठन बताया। साथ ही वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार का 2024 में अंत होना सुनिश्चित है। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार मौर्य एडवोकेट के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। पूर्व जिला संयोजक व प्रांत सचिव श्रीराम पटेल व प्रांत उपाध्यक्ष मोहम्मद शाहजहां ने अपने विचार प्रकट किया। कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार 2024 की हार के डर से बौखला गयी है और विपक्षी दलों के नेताओं के विरूद्ध सीबीआई, ईडी का दुरूपयोग करके जेल भेजने का कार्य कर रही है ताकि केंद्र सरकार की नकारापन एवं विकास विरोधी कार्यशैली एवं भ्रष्टाचार को उजागर करने से रोका जा सके। वक्ताओं ने कहा कि जब भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचता है। तब भ्रष्टाचार से भरे घड़े का फूटना तय है इसलिए भाजपा सरकार फड़फड़ा रही है। विपक्षी नेताओं पर अकारण परेशान करने का काम कर रही है। इस मौके पर राम किशोर विश्वकर्मा एडवोकेट, शेर आलम, मो. गुलफाम खान, ज्ञानेंद्र कुमार, संजय सिंह एडवोकेट आदि आप नेता मौजूद रहे।



# केन्द्रीय राज्य मंत्री ने किया धर्मनगरी का दौरा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

केन्द्रीय राज्य मंत्री ग्रामीण विभाग, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय साध्वी निरंजन ज्योति का गुरूवार को जनपद आगमन हुआ। जनपद आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ ने जनपद की सीमा में उनका स्वागत किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने निरीक्षण भवन लोकनिर्माण विभाग में पदाधिकारियों से वार्ता कर कार्यकर्ताओं का हाल चाल लिया। कार्यकर्ताओ से भेट के केन्द्रीय राज्य मंत्री ने भगवान कामदनाथ का पूजन-अर्चन किया।

साथ ही दर्शन कर साधू संतो का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, रजंना उपाध्याय, डिस्ट्रिक्ट कार्पेटिव बैक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, कर्वी नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, तीरथ तिवारी, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, अश्वनी अवस्थी, संजय पांडेय, राजेश्वरी द्विवेदी, सुरेश अनुरागी, शिवाकान्त पांडेय, अभिषेक ओझा, जितेन्द्र शुक्ला, दिव्या त्रिपाठी, राखी चैबे, बिनीता द्विवेदी, शक्ति सिंह, लवलेश निषाद, आदित्य सिंह, दीपू चैवे आदि मौजूद रहे।



# जागरूकता संगोष्ठी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी यातायात एसपी सोनकर के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात निरीक्षक मनोज कुमार एवं यातायात पुलिस द्वारा एक शैक्षिक संस्थान में प्रदेश में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

यातायात प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई एवं पालन करने के लिए बताया गया। उन्होंने सभी से कहा कि अपने परिजनों से यातायात नियमों का पालन करने के लिए बताएं। साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने के लिए बताएं। वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करें, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाए। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद अपना ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य बनवाये। साइकिल व वाहन से स्कूल आते समय हमेशा अपने बायीं ओर चले एवं सावधानीपूर्वक वाहन चलाए। इस मौके पर प्रधानाचार्या डॉ. कुसुम तिवारी, टीएसआई शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। साइकिल व वाहन से स्कूल आते समय हमेशा अपने बायीं ओर चले एवं सावधानीपूर्वक वाहन चलाए। इस मौके पर प्रधानाचार्या डॉ. कुसुम तिवारी, टीएसआई शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# खण्ड विकास अधिकारी ने दिलाया स्वच्छता का संकल्प

**जन एक्सप्रेस । रामनगर चित्रकूट**

खण्ड विकास अधिकारी रामनगर शैलेन्द्र सिंह ने गुरूवार को स्वच्छता पखवारा के अन्तर्गत रामनगर क्षेत्र के देऊधा में बृहद सफाई अभियान की शुरूआत की।

गुरूवार को देऊधा ग्राम पंचायत के खोर गांव से सफाई अभियान की शुरुआत हुई। जिसमें ग्रामीणों ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया। कम्पोजिट विद्यालय में विद्यालय के बच्चों तथा ग्रामीणों को साफ सफाई की जानकारी दी। साथ ही स्वच्छता की शपथ दिलाई। खण्ड विकास अधिकारी ने गंदगी से फैलने वाली बीमारियों मलेरिया, डेंग, पीलिया, हैजा? जैसी बिमारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों तथा ग्रामीणों से अपने घरो में साफ-सफाई रखने के लिए कहा। साथ ही कूलर पर अधिक दिनों तक पानी न भरा रखने की सलाह थी। गंदे पानी में ही मच्छर अंडे देते हैं। जिससे मच्छर की बढोत्तरी होती है और गंभीर बिमारियों का सामना करना पडता है। उन्होंने प्रतिदिन सफाई के लिए निर्देशित किया।

इस मौके पर ग्राम प्रधान मीना देवी, प्रधान प्रतिनिधि दिलीप पांडेय, चंद्र प्रकाश, कोमल त्रिपाठी, संजय केशरवानी आदि मौजूद रहे।



# 20 करोड़ से ज्यादा खर्च फिर भी चित्रकूट डिपो की लोग लगाए बैठे आस

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पिछले कई वर्षो से बेड़ी पुलिया में बिल्डिंग बनी खड़ी है, लेकिन चित्रकूट डिपो की स्थापना नहीं हो पाई। शासन ने जमीन खरीदने से लेकर डिपो की बिल्डिंग बनाने में 20 करोड़ से अधिक खर्च कर दिए, लेकिन डिपो की आस आज भी धर्मनगरी के लोग लगाए बैठे हैं। मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बुंदेली सेना ने लोकसभा चुनाव के पहले जनता को डिपो की बड़ी सौगात दिए जाने की मांग की है। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भरकम आवक को देखते हुए चित्रकूट डिपो की महती आवश्यकता है। शासन ने बस अड्डा और डिपो की स्थापना के लिए काश्तकारी जमीन खरीदी थी और इसके बाद दो मंजिला भवन का निर्माण हुआ था। इस बिल्डिंग में एआरएम आफिस से लेकर बाबू और स्टाफ के कमरों के अतिरिक्त यात्रियों के लिए सुविधायुक्त हाल व दुकाने बनी हैं। पिछले कुछ वर्षो से केवल यहां बसों की इंट्री होती है। प्रयागराज और बाँदा डिपो से आने वाली बसें इस विशाल बिल्डिंग में चक्कर लगाकर लौट जाती हैं। पिछले वर्ष लगा कि डिपो शुरु हो जाएगा। कार्यशाला के लगभग 10 कर्मचारी यहां एक महीने की ड्यूटी पूरी करके वापस लौट गए। पेट्रोल पम्प बनाने के लिए मशीने धूल फांक रही हैं। वर्कशाप के निर्माण में अनुमानित 3-4 करोड़ की जरूरत है। यदि यह धनराशि अवमुक्त हो जाय तो चित्रकूट डिपो की स्थापना हो जायेगी। बुंदेली सेना ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में मांग की है कि व्यापक जनहित में लोकसभा चुनाव के पहले जनता को डिपो की सौगात मिलनी जरूरी है। डिपो बनने से यहीं से यूपी के विभिन्न महानगरों के अलावा मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात जैसे प्रदेशों से चित्रकूट का सीधा जुड़ाव हो जाएगा। सौ नई बसों का बेड़ा देने के साथ ही धर्मनगरी के डिपो में एसी बॉलबो बसें भी उपलब्ध कराये जाने की मांग की गई है ताकि अयोध्या, बनारस, दिल्ली और लखनऊ से आने वाले श्रद्धालु राहत का एहसास करें।

उत्तर रेलवे
पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केंद्र, उ.रे., चारबाग, लखनऊ
रेल कौशल विकास योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त सूचना
'रेल कौशल विकास योजना' के अंतर्गत वेल्डर तथा इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में नवम्बर 2023 माह में पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केंद्र, चारबाग, लखनऊ में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन एवम् विस्तृत जानकारी के लिए website: www.railkvy.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें।
आवेदन तिथि: 07/10/2023 से 20/10/2023 तक
निदेशक/एसटीसी
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
3086/2023

# शारदीय नवरात्रि के दृष्टिगत महिला आरक्षियों को किया गया प्रशिक्षित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में गुरूवार को नोडल अधिकारी मिशन शक्ति, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय एवं थानाध्यक्ष महिला थाना शालिनी सिंह भदौरिया की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में शरदीय नवरात्रों में महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति व शक्ति दीदी कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों के एण्टी रोमियों टीम प्रभारी एवं महिला बीट अधिकारियों के साथ ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने सभी एण्टी रोमियों टीम प्रभारियों को बताया कि प्रतिदन टीम द्वारा स्कूलों, शिक्षा संस्थान, मंदिरों के आस-पास भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं से छेड़खानी करने वाले मंचलों पर पूर्णतः अंकुश लगायें। महिला बीट अधिकारियों को बताया कि किस प्रकार महिला चौपालों में महिलाओं का सम्बोधित करना है एवं किन महत्वपूर्ण बातों पर बल देना है, उसके सम्बन्ध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने स्वयं द्वारा तैयार जागरुकता सामग्री जिसको आसानी से महिला आरक्षी उपयोग कर सके, उसको भी वितरित कराया।

कार्यशाला में महिला बीट अधिकारियों को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य व इसके क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी प्रदान की गयी। कार्यशाला में महिला आरक्षियों को पुलिस मुख्यालय से प्राप्त नुक्कड़ नाटक के वीडियो दिखाये गये। इन वीडियोज के माध्यम से महिला आरक्षियों को बताया कि किस प्रकार से विद्यालयों, गांवों, बाजारों में जाकर महिलाओं, बालिकाओं को गुड-टच, बैड-टच, साइबर अपराध, छींटाकसी, घरेलु हिन्सा के सम्बन्ध में जागरुक किया जाए। शारदीय नवरात्रों में शक्ति दीदी द्वारा भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। शारदीय नवरात्रों के दौरान सभी बड़े पूजा पण्डालों एवं मंदिरों के आस पास शक्ति दीदी तैनात रहेंगी। जिससे महिलाओं को किसी प्रकार की असहज स्थिति उत्पन्न न हो। शारदीय नवरात्रों के दौरान सभी बड़े पूजा पण्डालों एवं मंदिरों के आस पास शक्ति दीदी तैनात रहेंगी। जिससे महिलाओं को किसी प्रकार की असहज स्थिति उत्पन्न न हो।

# मारपीट के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपियों को सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मारपीट करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे ने एक आरोपी को छह माह कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही चार आरोपियों को एक वर्ष की परीविक्षा में रखने के आदेश दिए हैं। अभियोजन अधिकारी हरिओम ने बताया कि बीती 3 अप्रैल 2009 को अमानपुर निवासी रामबहादुर सिंह पुत्र बद्री विशाल सिंह ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार गोबरिया निवासी महेश यादव और उसके चार साथियों ने उसे गाली गलौच करते हुए मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। साथ ही उसका सामान भी तोड़ डाला। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी महेश यादव पुत्र नत्थू यादव को छह माह कारावास की सजा सुनाई।

# रानी दुर्गावती के शौर्य और बलिदान पर ग्रामोदय विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

रानी दुर्गावती पंचशती समारोह की पूर्व संध्या पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सीएमसी एलसीडीपी सभागार में शोध एवं बलिदान की परंपरा की संवाहक महारानी दुर्गावती विषय को लेकर रानी दुर्गावती शोध संस्थान जबलपुर, दीन दयाल शोध संस्थान चित्रकूट और महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी में पूर्वोत्तर भारत के 15 राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। विद्याभारती के अखिल भारतीय महामंत्री डॉ. अवनीश भटनागर और पूर्वोत्तर शैक्षणिक यात्रा के संयोजक और अरूणाचल प्रांत के मुख्यमंत्री के सलाहकार आताई तारक, रानी दुर्गावती शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पावन स्थापक, विद्या भारती के पूर्वोत्तर क्षेत्र मंत्री डॉ. पवन तिवारी, रानी दुर्गावती शोध संस्थान के सचिव डॉ. अतुल दुबे उपस्थित रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने किया। संगोष्ठी का संयोजन अधिष्ठाता प्रो आई पी त्रिपाठी ने किया।




डॉ. अवनीश भटनागर ने कहा कि इतिहासकारों ने हमारे पूर्वजों के बलिदान का उल्लेख न करके अनर्थ किया है। रानी दुर्गावती जैसी बलिदानी नारियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। पंचशती समारोह के माध्यम से हमारे पूर्वजों के बलिदान और योगदान से पूरा देश परिचित हो सकेगा। डॉ. पवन तिवारी ने रानी दुर्गावती के शौर्य और बलिदान की विस्तृत चर्चा की। आताई तारक ने कहा कि हमें हिंदुस्तानी होने पर गर्व है। उन्होने नमस्ते शब्द से पूर्वोत्तर राज्यों के नाम को जोड़ते हुए भारत माता का नारा बुलंद किया। रानी दुर्गावती शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पवन स्थानक ने रानी दुर्गावती शोध संस्थान के कार्यों पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि रानी दुर्गावती के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। आभार प्रदर्शन डॉ. अतुल दुबे व संचालन डॉ. नीलम चैरे ने किया।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.0 (+0.3)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.0 (-0.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 85 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 59 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# भारत में दो लाख से ज्यादा ईसाई मिशनरी हिन्दुओं को मतांतरित करने के षड्यंत्र में लिप्त हैं: विनायक राव

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर में गुरुवार को जब बजरंग दल के नेतृत्व में शौर्य जागरण यात्रा निकली तो उसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दी। इस दौरान बीएनएसडी इ शिक्षा निकेतन के मंच से केन्द्रीय संगठन महामंत्री विनायक राव ने कहा कि युवाओं में ही बदलाव लाने की शक्ति होती है, आदि शंकराचार्य जी स्वामी विवेकानंद इसके उदाहरण हैं। भारत युवाओं का देश है, इन युवाओं को संस्कारित स्वावलंबी संगठित स्वाभिमानी राष्ट्रभक्त बनाने का उनके शौर्य को जागृत करने का कार्य बजरंग दल करता है। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज के सामने व्याप्त लव जिहाद, मतांतरण जैसी विभीषिकाओं का प्रतिकार बजरंग दल करता है। भारत में दो लाख से ज्यादा ईसाई मिशनरी हिन्दुओं को मतांतरित करने के षड्यंत्र में लिप्त हैं, ईसाई मिशनरियों का सेवा की आड़ में चाइल्ड स्मगलिंग रैकेट पूरे विश्व में कुख्यात है, इनका प्रतिकार युवा शक्ति ही करेगी। वहीं लव जेहाद के षड्यंत्र में फंसी हजारों बेटियों को रक्षा बजरंग दल ने की है। प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल ने कहा कि, हिन्दुओं की सनातन संस्कृति का कभी पश्चिमी देश मजाक उड़ाया करते थे, आज हमारी सनातन धर्म संस्कृति की वैज्ञानिकता, काल गणना, परंपराओं पर इन्हीं पश्चिमी देशों में शोध हो रहे हैं। हमारे वेद पुराणों शास्त्रों में वर्णित ज्ञान से विश्व प्रभावित हो रहा, सीखने पढ़ाने का प्रयास कर रहा है। सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु बलिदान हुए लाखों वीर बलिदानी जिनके शौर्य, जिनके सतत प्रयास और संघर्ष के कारण ही आज श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। राष्ट्र रक्षा हेतु सर्वस्व समर्पण के भाव का जागरण हो,स्वावलंबी स्वाभिमानी राष्ट्रभक्त संस्कारित युवा शक्ति का निर्माण हो यह शौर्य जागरण यात्रा का उद्देश्य है। जितेंद्रानंद महाराज ने कहा कि मुगलों तथा अंग्रेजों घोर षड्यंत्र रचकर हिन्दू समाज को विखंडित किया, ताकि हिंदुओं को कमजोर किया जा सके। मंदिरों में जाने तक पर टैक्स लगाया। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में श्री रामलला के मंदिर में आने हेतु पीले अक्षत देकर हिन्दू समाज का आह्वान किया जाएगा, यह पांच दाने पीले चावल ईसाई मिशनरियों के पांच किलो चावल पर भारी पड़ेंगे। पंडोखर महाराज ने कहा कि, हिन्दू समाज की चेतना जागृत हो उठी है, हिन्दू समाज की रक्षा हेतु लाखों साधु संत, बच्चे बूढ़े युवा भगिनी बन्धु बलिदान हुए हैं, हिन्दू समाज सभी हुतात्माओं को नमन करता है। वीरभूमि झांसी से 30 सितंबर को प्रारंभ हुई बजरंग दल के नेतृत्व में शौर्य जागरण यात्रा ने कानपुर महानगर में 5 अक्टूबर गुरुवार को भ्रमण किया। प्रांत संयोजक आचार्य अजीत राज , प्रांत सह संयोजक अमरनाथ तथा शुभम कौशिक यात्रा संयोजक नरेश तोमर के नेतृत्व में बिठूर के नाना राव पार्क से प्रातः शुरू होकर कोठारी चौराहा नवशील धाम गुरुदेव पैलेस पर पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ, अनुशासित बजरंगी पंक्तिबद्ध वाहनों से रावतपुर से हैलट होते हुए बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में सभास्थल पहुंचे।

सभा का श्रीगणेश अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री पूज्य जितेंद्रानंद महाराज, पंडोखर महाराज, कृष्णदास महाराज, विहिप केंद्रीय संगठन महामंत्री विनायकराव देशपांडे, विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना ने प्रभु श्री राम जानकी दरबार का पूजन अर्चन कर किया। इसके बाद यात्रा चुन्नीगंज ग्वालटोली वीआईपी रोड मॉल रोड कैंट लाल बंगला हरजिंदर नगर रामादेवी सनी गांव गोपाल नगर यशोदा नगर किदवई नगर में स्थान स्थान पर स्वागत होते हुए रतनलाल शर्मा पालिका स्टेडियम पहुंची। स्टेडियम में सभा संपन्न हुई। विहिप कार्याध्यक्ष डा उमेश पालीवाल, उपाध्यक्ष अटल प्रताप सिंह,क्षेत्र संयोजिका दुर्गा वाहिनी कल्पना दीदी, उद्योगपति मुरारीलाल अग्रवाल , विहिप प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल,प्रांत संगठन मंत्री परमेश्वर जी,सह मंत्री अभिनव दीक्षित तथा अवधेश सिंह, बजरंग दल प्रांत संयोजक अजीत राज , विनोद तोमर ,विभाग संगठन मंत्री पीयूष , जिला अध्यक्ष संत सिंह, अनुराग दुबे, अशोक सिंह, उपाध्यक्ष आनंद सिंह, बब्बू जायसवाल, जिला मंत्री मुकेश यादव, युवराज द्विवेदी, केशव पाण्डेय, ज्ञानेंद्र गुप्ता, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख प्रशांत शुक्ला, बजरंग दल जिला संयोजक रौनक राय, नरेंद्र सिंह, आकाश यादव, प्रांजल द्विवेदी, विशाल बजरंगी समेत कानपुर महानगर के धर्मप्रेमी भगिनी बंधु उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, वाहन चालक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगा बैराज हाईवे पर बैराज की ओर से आ रही तेज रफ्तार टाटा नेक्सों कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों ने घायल युवक को कार में डालकर उपचार के लिए ले जा रहे थे कि तभी रास्ते में घायल युवक ने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस में वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ख्यौरा कटरी के लक्ष्मण पुरवा गांव का रहने वाला मनीष कुमार उम्र 26 वर्ष पुत्र प्रकाश निषाद जो कि अपनी बाइक से 9ः30 बजे गंगा बैराज की ओर कम पर निकला था। एनआरआई सिटी के पीछे गंगा बैराज हाईवे पर गंगा बैराज की ओर से आ रही तेज रफ्तार टाटा नेक्सों कर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक उछलकर रोड पर जा गिरा वही बाइक बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद भी टाटा नेक्सों कर चालक रोहित गौतम निवासी मंधना ने कर नहीं रोक और घायल युवक को कुचल दिया। प्रत्यक्ष दर्शन ने घटना देखकर कार को रोक लिया और वाहन चालक को पीटने लगे। मौके पर पहुंचे पूर्व प्रधान अशोक कुमार निषाद कार द्वारा घायल का उपचार करने के लिए अस्पताल लिए जा रहे थे जहां रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी जैसे ही नवाबगंज पुलिस को हुई मौके पर पहुंचे पुलिस में वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद से मां इंद्राना, बहन रीना, छोटे भाई छोटू व परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता द्वारा तहरीर दिए जाने के बाद थाना प्रभारी नवाबगंज रोहित कुमार ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## राष्ट्रीय विकलांग पार्टी कांग्रेस को भेजेगी नोटिस




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर फर्जीवाडा कर विकलांग पार्टी के विलय करने कि घोषणा कि निन्दा की है। गुरूवार को राष्ट्रीय विकलांग पार्टी की बैठक हुयी। बैठक में तय किया गया कि कांग्रेस के नेताओं कि शिकायत उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी से कि जायेगी। लीगल नोटिस भेजा जायेगा। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता राष्ट्रीय विकलांग पार्टी को कमजोर आंकने कोशिश न करें, वरना परिणाम भूगतना पडेगा । वीरेन्द्र कुमार के कहा कि तन्मय श्रीवास्तव को पार्टी से जिले के पदाधिकारियों से अवैध वसूली के चलते पार्टी से निकाला जा चुका है। 8 अक्टूबर को राष्ट्रीय विकलांग पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव है और चुनाव में वसूलीबाज तन्मय श्रीवास्तव का व्यापक विरोध था और पार्टी से निकाले जाने के कारण वो राष्ट्रीय अध्यक्ष का विरोध कर रहा है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि कोई भी पार्टी बिना राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सहमति के पार्टी को अपने में शामिल नही कर सकती है। आज कि बैठक में राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, जिला अध्यक्ष दक्षिण आनन्द तिवारी, अल्पना कुमारी, वैभव दीक्षित, कमलेश कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार गुप्ता, अनुराधा गुप्ता आदि शामिल थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दुष्कर्म करने वाले आरोपी को तलाश रही पुलिस

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। शहर के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के परिवार की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि आरोपी की तलाश में संभावित स्थानों पर पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है। सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज अकमल खान बताया कि 4 अक्टूबर को नजीराबाद थाना क्षेत्र इलाके का रहने वाला एक व्यक्ति थाने आया था। उसने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी से ग्वालटोली निवासी दिव्य प्रकाश गौतम ने फेसबुक के जरिए 2022 में दोस्ती की थी। इसके बाद मोबाइल नंबर लेकर उससे बातचीत करना शुरू कर दी। इसके बाद में वह मिलने के लिए भी बुलाने लगा। उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन संबंध भी बनाए। 2 अगस्त 2023 को बेटी की तबीयत बिगड़ने पर आरोपी ने उसका प्रेग्नेंसी टेस्ट कराया। उसे जब पता चला कि वह प्रेग्नेंट हो गई है तो 27 अगस्त 2023 को बेटी को एबॉर्शन की दवाएं खिला दी। इससे किशोरी की तबीयत बिगड़ गई। हालात खराब होती देख परिवार के लोगों ने किशोरी को एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार जारी है। इस संबंध में किशोरी के पिता की तहरीर पर कर्नलगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### आईटीआई पाण्डु नगर में रोजगार मेले का हुआ आयोजन




जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ जिसका उद्देश्य लड़के और लड़कियों के लिए जॉब और अप्रेंटिस दिलाना रहा। रोजगार मेले में हीरो मोटोकॉर्प निमराना कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभागी 148 बच्चों में 35 बच्चों को चयनित किया गया।

### बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन कार्यशाला का समापन

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में 3 अक्टूबर से चल रही तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन कार्यशाला का समापन गुरुवार को हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ प्रधानाचार्य एवं डीन डॉ.संजय काला और किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ के डॉ.आर.के.दीक्षित द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. काला ने कहा कि यह कोर्स मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों को समग्र रूप से छात्रों को शिक्षित एवं प्रशिक्षण देने की सभी विधाओं से प्रशिक्षित करेगा। कार्यशाला में हर छात्र का उसकी विशेषताओं के अनुरूप एक सुरम्य एवं तनाव रहित वातावरण में सर्वांगीण विकास कैसे किया जाए संबंधित जानकारी दी गई।

### श्रमायुक्त कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरने का आयोजन



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। श्रम विभाग में कर्मचारी 9 अक्टूबर 2023 को श्रमायुक्त कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना देकर श्रमायुक्त यू.पी. के माध्यम से मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन देंगे। यह जानकारी देते हुए श्रम विभाग कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने बताया कि पदोन्नति न किए जाने पर श्रम विभाग कर्मचारी संघ के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन के साथ यू पी लेबर डिपार्टमेंट मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बिष्ट एवं महामंत्री नरेन्द्र सिंह ने पत्र जारी कर 9 अक्टूबर 23 को श्रमायुक्त कार्यालय के परिसर में एकदिवसीय धरना एवं मुख्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन श्रमायुक्त यू पी के माध्यम से देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि श्रमायुक्त संगठन में प्रधान सहायक से श्रम प्रवर्तन अधिकारी के पद पर पदोन्नति के लिए 105 पद रिक्त हैं जिसमे श्रमायुक्त कार्यालय कारखाना कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय के प्रधान सहायको की पदोन्नति होनी है जिस पर प्रदेश के श्रम विभाग में श्रम अनुभाग 3 द्वारा रोक लगाई गई है।

### फुरकान हत्याकांड में शरीफ़ बिल्डर रफाकात समेत अन्य दो कोर्ट ने माना दोषी

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। शहर के थाना बेकनगंज क्षेत्र में लगभग 14 वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में चार आरोपियों को बीते दिन कानपुर नगर की जिला अदालत एफटीसी 52 की कोर्ट ने दोषी मान लिया और न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 14 वर्ष पूर्व थाना बेकनगंज के हिरामन पुरवा क्षेत्र में निवास करने वाले फुरकान अहमद नाम के व्यक्ति की शातिर अपराधियों रफाकत, शरीफ भिस्ती बिल्डर, रिंटू, सोनी के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद इन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भी भेजा था यह सभी जमानत पर रिहा थे। मामले की सुनवाई एफटीसी 52 में चल रही थी बीते दिन कोर्ट ने इन सभी को दोषी मान लिया और हिरासत में लेते हुए जेल भेजने के आदेश दिए हैं अब अगली सुनवाई आगामी 7 अक्टूबर को होनी है।

### करंट की चपेट में आया किशोर

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बिधनू थाना क्षेत्र अंतर्गत कठुई गांव निवासी अजय उम्र 15 वर्ष पुत्र संतोष घर में लगे लोहे के दरवाजे के पास खड़ा था इसी बीच अचानक से दरवाजे में करंट उतर आया और अजय उसकी चपेट में आकर जमीन में गिर पड़ा। अजय को इस हाल में देख कर्जन आनंद में उसे बिंधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया गया है।

## कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के मामले में सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष देवी दीन भाऊ और महामंत्री रमाकांत मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त से मुलाकात की। महामंत्री रमाकांत मिश्रा ने बताया कि नगर आयुक्त से लंबे समय से कर्मचारियों का एसीपी एवं मेडिकल भुगतान, स्थाईकरण, प्रमोशन, मृतक आश्रित की नियुक्तियां न किए जाने जैसी समस्याएं बताई गई जिस पर नगर आयुक्त ने आश्वस्त करते हुए अपर नगर आयुक्त प्रथम से मिलकर वार्ता करने की बात कही। संघ के नेताओं द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को प्रॉपर सूचना न होने पर 1 अक्टूबर रविवार को अनुपस्थित रहने पर उनकी सेवा समाप्त न किया जाने तथा भविष्य के लिए चेतावनी देते हुए कार्य कराये जाने की बात कही। जिस पर नगर आयुक्त ने इस पर अलग से विचार करने का आश्वासन दिया। महामंत्री रमाकांत मिश्रा ने बताया कि नगर आयुक्त को पुरानी पेंशन बहाली सहित 13 सूत्रीय मांग पत्र पर उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर प्रदेश भर में धरना देकर नगर आयुक्त के माध्यम से 10 अक्टूबर को नगर विकास मंत्री एवं प्रमुख सचिव नगर विकास को ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

## सोम गोयनका को बधाई देने पहुंचे उद्योगपति और व्यापार मंडल के पदाधिकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



गोल्डी मसाले के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक सोम प्रकाश गोयनका को उ0प्र0 औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्रालय द्वारा औद्योगिक विकास हेतु नवगठित सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। उ0प्र0 औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता जी %नंदी % ने अपने पत्र में उल्लेख करते हुए बताया है कि औद्योगिक जगत में गोल्डी मसाले ने अपने निरंतर प्रयास और लगन से एक विशेष एवं उल्लेखनीय स्थान अर्जित किया है। ग्रुप की सफलता एवं उपलब्धियां प्रेरक एवं प्रसंशनीय है। उद्योग जगत में आपके विराट अनुभव को देखते हुए उश्प्रश्र की इस आर्थिक विकास यात्रा में सोम प्रकाश गोयनका के बहुमूल्य सुझाव बेहद कारगर साबित होंगे। औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता जी %नंदी % ने अपनी ओर से एवं सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ की ओर से बधाई देते हुए सहयोग, सक्रिय भागीदारी एवं मार्गदर्शन की आशा व्यक्त की । उ.प्र. के औद्योगिक विकास के लिए नवगठित सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत होने पर गोल्डी मसाले के संस्थापक व प्रबंध निदेशक सोम गोयनका का सम्मान किया गया। सम्मान करने वालों में प्रमुख रूप से गोल्डी मसाले के प्रबंध निदेशक सुरेन्द्र गुप्ता, ओपल के अमरनाथ मेहरोत्रा, अनिल गुप्ता, कपूर प्लास्टिक के सुनील कपूर इत्यादि लोग उपस्थित रहे । कानपुर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कोआपरेटिव एस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर तथा इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तरूण कुमार खेत्रपाल, सुनील वैश्य, राष्ट्रीय महामन्त्री आलोक अग्रवाल, कानपुर चैप्टर के अध्यक्ष दिनेश बरासिया, महामन्त्री हर्षल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल ने पत्र भेजकर उनको बधाई दी तथा कानपुर के औद्योगिक विकास में उनको महत्वपूर्ण भूमिका दी पर हर्ष व्यक्त किया। विजय कपूर ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सोम गोयनका के बहुमूल्य सुझावों और सक्रिय प्रयासों से कानपूर के औद्योगिक क्षेत्र का समग्र विकास होगा तथा प्रधानमंत्री व उ.प्र. के मुख्यमंत्री को अपने देश को विश्वगुरु बनाने का सपना साकार होगा। श्री सोम गोयनका ने अपनी तरफ से यह विश्वास दिलाया कि सरकार के सहयोग से उद्योगों को नयी दिशा देने मे व प्रदेश के उत्थान मे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अंत मे उन्होने सभी को धन्यवाद दिया।

## आईआईटी में पांचवीं आदित्य-एल 1 कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आईआईटीके इसरो के आदित्य-एल1 मिशन के वैज्ञानिक उद्देश्यों में सक्रिय रूप से शामिल है। सूर्य एवं उसके वायुमंडल तथा पृथ्वी पर इसके प्रभावों का अध्ययन करने के लिए भारत ने पहली बार सूर्य पर एक उपग्रह लॉन्च किया गया है। इस कार्यशाला का उद्देश्य चयनित अंतिम वर्ष के स्नातक (यूजी), एमएससी और पीएचडी छात्रों को उपग्रह से आने वाले डेटा के उपयोग में प्रशिक्षित करना है। यह जानकारी गुरुवार को आईआईटी कानपुर के भौतिकी विभाग और लेजर और फोटोनिक्स केंद्र के प्रमुख प्रोफेसर हर्षवर्धन वानरे ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने आईआईटी कानपुर में पांचवीं आदित्य-एल 1 कार्यशाला का आयोजन किया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संयुक्त रूप से आईआईटी कानपुर के भौतिकी विभाग और आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान अनुसंधान संस्थान (एरीज) नैनीताल के आदित्य-एल1 सपोर्ट सेल किया। प्रोफेसर दीपांकर बनर्जी ने दो पेलोड, विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) और सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) के साथ-साथ पार्कर सोलर प्रोब और सोलर ऑर्बिटर जैसे नासा और ईएसए मिशनों के सहयोग से समन्वित अवलोकन की संभावना पर चर्चा की। उनके विकास में विवरण और चुनौतियों के साथ अन्य पेलोड भी प्रस्तुत किए गए।

## नगर आयुक्त का सीएमएम कोर्ट में सरेंडर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

नगर निगम में कार्यरत कपिलमुनि सिंह समेत 25 कर्मचारियों को वर्ष-2006 में सेवा से हटा दिया गया था। नौकरी बहाली के लिए सभी ने श्रमायुक्त की कोर्ट में केस किया था। इस मामले में आईएएस अफसरों में सबसे तेज तर्रार माने जाने वाले शहर के नगर आयुक्त जीएन शिव शरणप्पा ने एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद गुरुवार को सीएमएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जैसे ही इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर प्रसारित हुई शहर की ब्यूरोकेसी समेत लखनऊ तक हड़कम्प मच गया। हालाकिं ये कोई पहला मामला नहीं है जब किसी अफसर ने कोर्ट में सरेंडर किया हो। बता दे कि 2006 में नगर निगम के कर्मचारियों की नियुक्ति मामले में कोर्ट के बार-बार आदेश के बाद भी नगर आयुक्त वह हाजिर नहीं हो रहे थे। इसके बाद कोर्ट ने नगर आयुक्त के खिलाफ एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया था। हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिलने पर उन्होंने सीएमएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। श्रमायुक्त ने सुनवाई के बाद वर्ष 2010 में कर्मचारियों की बहाली के आदेश दिए थे। लेकिन आदेश का पालन नहीं होने पर सीएमएम कोर्ट में वाद दाखिल किया था। बार-बार सम्मन भेजने के बाद भी नगर आयुक्त के कोर्ट में हाजिर न होने पर 22 जून 2023 को गैर जमानतीय वारंट जारी हो गया था। अधिवक्ता ने वारंट निरस्त करने के लिए अर्जी दी थी। लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और नगर आयुक्त को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के निर्देश दिए थे। मामला आईएएस अधिकारी का है, इसलिए वारंट तामीली के लिए उच्च अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है। कोर्ट ने माना कि नगर आयुक्त के प्रभाव और प्रशासनिक दबाव के कारण पुलिस कोर्ट के वारंट को कानूनी तौर पर तामील नहीं करा पा रही है। जानकारी होने के बाद भी नगर आयुक्त कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे हैं। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर नगर आयुक्त के खिलाफ नॉन बेलेबल वारंट जारी कर दिया गया।

### महानीपुर गाँव मे काट डाले गए हरे पेड़, जिम्मेदार अनजान

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर

साढ़।सरकार द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जगह जगह पौधे लगाए जा रहे है तो दूसरी ओर लड़की ठेकेदार सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारियों से सेटिंग करके हरे पेड़ो पर कुल्हाड़ा चलाने से बाज नही आ रही है और दिन प्रतिदिन विकाशखण्ड भीतरगांव में पेड़ो की कटान आधा धुंध चलने की खबर अखबारों में प्रकाशित हो रही लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मामले में लीपा पोती करके पल्ला झाड़ लेते जिससे ठेकेदारों के हौसले और बुलन्द हो जाते है ऐसा ही एक मामला साढ़ थाना क्षेत्र के महानीपुर गाँव का सामने आया है जहाँ पर लकड़ी ठेकेदार ने जिम्मेदार अधिकारियों के साथ सेटिंग करके हरे पेड़ो को काट डाला ।महानीपुर गाँव मे हरे पेड़ो की काटन की खबर शोशल मीडिया में वारयल होने से जिम्मदरो व ठेकेदार के बीच शुक शुक सुरु हो गई लगातार हो रही काटना से ये प्रतीत होता कि ठेकेदार के मन मे शाशन- प्रशासन का कोई भय नही रह गया है जिसकी वजह से पूरी दबंगई दिखाते हुए दिनदहाड़े हरे पेड़ो पर कुल्हाड़ा चटकवाने लगते है।

## एनटीपीसी सोलर प्लांट सुरक्षा के लिए बनाई गई बैरिकेडिंग टूटी पड़ी, अनहोनी की आशंका



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील का ड्रीम प्रोजेक्ट एनटीपीसी सोलर प्लांट में सुरक्षा की दृष्टिकोण से बनाई गई लोहे के इंगलो के सहारे तारों की बेरी कटिंग लगभग 10 फीट का ऊंचा बनाया गया है जिससे कोई भी जानवर अंदर घुसकर सोलर प्लेटों और वायर का कोई नुकसान न कर सके वहीं पर सुरक्षा के दृष्टि कोण से भी मजबूत बनाई गई थी । कई बार चोरी की घटनाएं होती रही है। जिस पर अधिकारी एक दूसरे पर आरोप प्रत्यरोप लगाते रहे हैं पिछले माह पुलिस की सतर्कता और सुरक्षा गाड्र्स की मेहनत रंग लाई। कई चोर गिरफ्तार हुए माल सहित और चोरी की घटना पर विराम लगा गुरुवार को जन एक्सप्रेस संवाददाता जब डोडवा रोड से गुजर रहा था तो एक जगह पर पुलिया के समीप दो एंगल हुए झुके हैं जिससे वहां से एक भैंस भी घास चर कर निकल रही थी वहां पर दो महिलाएं बैठी थी जब उनसे पूछा तो उन्होंने बताया कि यह काफी समय से टूटे पड़े हैं जानवर घास देखकर अंदर घुस जाते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से वहां पर करीब एक से दो किलोमीटर तक कोई भी सुरक्षा गार्ड भी सड़क पर नहीं नजर आया प्लांट में बड़ी-बड़ी घास खड़ी है जिसमें सांप बिच्छू आदि आराम से रह सकते हैं वहां पर सफाई की कोई भी व्यवस्था नहीं है जबकि 2 अक्टूबर पर तमाम प्लांट में अच्छी खासी सफाई हुई है लेकिन इस प्लांट पर किसी भी अधिकारी ने सफाई का कोई भी ध्यान नहीं दिया है।

# स्कूली बच्चों को स्वच्छ पेय जल की महत्ता की दी गई जानकारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

बृहस्पतिवार को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की पहल **जल ज्ञान यात्रा** का आयोजन सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ किया गया।



जल निगम कार्यालय में रखी जल जीवन मिशन की उपलब्धि मॉडल बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इस मॉडल में घर, शौचालय, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय और एएनएम सेंटर पर ही नहीं, स्कूली बच्चों को हर घर में नल कनेक्शन और जल की पर्याप्त उपलब्धता दिखाई गई। इससे पूर्व जल निगम ग्रामीण अधिशासी अभियंता विक्रम प्रताप सिंह ने जल ज्ञान यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जल ज्ञान यात्रा में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा पांच के ऊपर के बच्चों ने जल जीवन मिशन की परियोजनाओं को करीब से देखा, जाना।

स्कूली बच्चों को ग्राम पंचायत सोगरा, विकासखंड गौरीगंज और टीकरमाफी ग्रामीण पेयजल योजना पर ले जाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को सौर ऊर्जा से संचालित ओवर हैड टैंक दिखाया गया। उनको जल जीवन मिशन की **हर घर जल** योजना से पहुंच रहे स्वच्छ पेयजल से गांव-गांव में आए बदलाव की जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आवशयकता और महत्ता बताई गई। स्कूली बच्चों ने जल निगम कार्यालय में जल जांच लैब का भ्रमण किया। जल जांच प्रयोगशाला में पानी गुणवत्ता की जांच को नजदीक से देखा। पानी को पीने लायक बनाने की प्रक्रिया को देखा एवं समझा। इसलिए उनके अन्दर एक-एक चीज जानने का उत्साह भी दिखा। एफटीके प्रशिक्षित महिलाओं ने फील्ड टेस्ट किट से पानी की ग्यारह तरह की जांच करके दिखाई। स्कूली बच्चों ने ग्राम पंचायत संभई विकसखंड गौरीगंज में अमृत सरोवर भी देखा। स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में पकड़े स्कूली बच्चों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण व संचयन का संदेश भी दिया।


## टेलीकॉम कंपनी के मैनेजर ने अजय गैंग के 4 सदस्यों के खिलाफ रंगदारी का मुकदमा

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** रंगदारी के लिए भाजयुमो जिलाध्यक्ष के चचेरे भाई अजय नारायण सिंह ने सितंबर माह के अंत में डॉक्टर घनश्याम तिवारी की निर्मम हत्या कर दी। अब अजय गैंग के जरायम की परत दर परत कहानी सामने आ रही है। टेलीकॉम कंपनी के मैनेजर ने अजय गैंग के चार सदस्यों के विरुद्ध रंगदारी समेत अन्य आरोप लगाए। जिसको लेकर कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कंपनी के मैनेजर शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर के नारायणपुर में गाटा संख्या 322ए स्थित विजय बहादुर सिंह की भूमि में एटीसी टेलीकॉम का टावर लगा है। जिस पर जियो व एयरटेल के उपकरण लगे हैं। 15 जुलाई को 7 किलोवाट का कमर्शियल कनेक्शन बिजली विभाग द्वारा किया गया और मीटर भी लगा दिया गया है। लेकिन विजय बहादुर सिंह के लड़के दबंगई एवं सरहंगी के बल पर अरुण कुमार सिंह, सुशील सिंह, विनय सिंह (कल्लू) व सौरभ सिंह उर्फ सिब्बु द्वारा खंभे से टावर का कनेक्शन नहीं करने दिया जा रहा है। बिजली विभाग के कर्मचारियों को डरा-धमका कर व गाली-गलौज देते हुए भगा देते हैं। उसी की आड़ में कंपनी से लगभग 150000/रु. के डीजल की रंगदारी वसूली जा रही है। कंपनी द्वारा न देने पर टावर उपकरण बंद कर देते हैं और गाली-गलौज देते हुए मारने पीटने एवं हत्या की धमकी देते रहते है। जिससे कंपनी कर्मचारी उक्त लोगों के उत्पीड़न से भयभीत है। टावर बाधित होने पर आसपास के एरिया में नेटवर्क बंद रहता है। जिससे आम जनमानस को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

# भाजपा नेता समेत 4 पर रंगदारी का मुकदमा दर्ज, डॉक्टर हत्याकांड में भी थे नामित

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य रहे गिरीश नारायण सिंह उर्फ बब्बन सिंह, उनके पुत्र, भतीजे व गुर्गों के काले कारनामों का कच्चा-चिट्ठा खुलने लगा है। सरहंग किस्म के दबंग भू-माफिया गिरीश व उसके लोगों के खिलाफ कोतवाली नगर में रंगदारी का मुकदमा लिखा गया है। गिरीश ही 50 हजार के इनामिया बदमाश अजय नारायण सिंह का शरणदाता है। हाल ही में अजय नारायण ने संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी की हत्या की थी। इस मामले में पीड़िता की पत्नी ने दूसरी तहरीर में गिरीश के नाम का उल्लेख किया था जिसे पुलिस ने विवेचना में नहीं जोड़ा है। दरअस्ल कादीपुर कोतवाली के टिकरी गांव की रहने वाली सुनीता कुमारी पत्नी बैजनाथ प्रजापति नगर कोतवाली अंतर्गत निराला नगर मोहल्ले में रहती है। पीड़िता सुनीता का आरोप है कि साल 2018 में उसने कोतवाली नगर के नारायणपुर में गाटा संख्या 287 घ भूखंड का बैनामा लिया। दाखिल खारिज के बाद खतौनी में नाम भी दर्ज हो गया। बैनामा ली हुई जमीन पर वो नींव खुदवा कर पिलर तैयार करा रही थी। इस बीच बीते 11 मार्च 2023 को मिस्त्री लेवर जब प्लॉट पर काम कर रहे थे तब भाजपा नेता गिरीश नारायण उर्फ बब्बन सिंह पुत्र स्व अवध नारायण सिंह, उसका भतीजा अजय नारायण सिंह पुत्र जगदीश नारायण सिंह, अरुण सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह और उसका पुत्र आशुतोष सिंह पुत्र गिरीश नारायण सिंह मौके पर पहुंचा। पीड़िता का आरोप है कि इन सभी ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। जब हम मौके पर पहुंचे तो दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता सुनीता की माने तो दबंगों ने कहा कि हमसे 4 लाख की रंगदारी मांगी गई। दबंगों ने कहा यहां रहना है तो रुपए देने पड़ेंगे। फिलहाल कोतवाली नगर में पीड़िता की तहरीर पर रंगदारी, मारपीट और गाली-गलौच का मामला दर्ज किया गया है। नगर कोतवाल श्री राम पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### डॉक्टर हत्याकांड में दूसरी तहरीर में आया नाम

गिरीश नारायण के भतीजे अजय नारायण ने बीते 23 सितंबर 2023 को रंगदारी के लिए संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी की नृशंस हत्या की थी। 25 सितंबर को मृतक चिकित्सक की पत्नी ने एसपी को दी दूसरी तहरीर में गिरीश नारायण सिंह व उनके पुत्र भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह के नाम का उल्लेख किया था। पुलिस अधिकारियों ने तहरीर को विवेचना में शामिल करने की बात कही थी जो दस दिन बाद भी अमल में नहीं आ सकी। अजय नारायण पर 50 हजार का इनाम घोषित है और वो फरार है। सीजेएम कोर्ट ने उसके विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी करते हुए कुर्की की नोटिस जारी किया है।

### आधी-अधूरी मांगे ही हो सकी पूरी

23 सितंबर की देर शाम चिकित्सक की हत्या हुई। 25 सितंबर को धोपाप घाट पर शव का अंतिम संस्कार किया गया था। अंतिम संस्कार से पूर्व परिवार ने प्रशासन के समक्ष 6 मांगे रखी थी। सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस, जमीन पर तत्काल कब्जा दिलाने, योग्यतानुसार रोजगार, एक करोड़ का मुआवजा, अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी और आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई की जाए। इन मांगों की संस्तुति भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, लंभुआ से भाजपा विधायक सीताराम वर्मा, सदर विधायक राजबाबू उपाध्याय और पूर्व लंभुआ विधायक देवमणि द्विवेदी ने की। जिस पर तत्कालीन डीएम जसजीत कौर ने सहमति व्यक्त किया था। इन मांगों में जमीन पर परिवार को कब्जा तो दिला दिया गया है। लेकिन एक करोड़ के स्थान पर शासन से दस लाख की ही मदद मिल सकी है। अपराधी के घर पर ना तो बुलडोजर चला और ना ही उसकी गिरफ्तारी हो सकी। सुरक्षा की दृष्टि से दो सुरक्षा कर्मी लगाए गए हैं।

### इनामी को नहीं गिरफ्तार कर सकी पुलिस

बता दें कि हत्याकांड का मुख्य आरोपी भाजयुमो जिलाध्यक्ष का भाई अजय नारायण अब तक पकड़ा नहीं जा सका है। उस पर 50 हजार का इनाम घोषित है, यूपी एसटीएफ भी उसकी गिरफ्तारी के लिए लगाई गई है। उधर कोर्ट ने बीते सप्ताह उसके विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी किया। और अब कोर्ट से कुर्की की कार्रवाई की नोटिस जारी हुई है।

### बैंक एकाउंट जारी कर सर्व समाज के साथ चलाएगे मानवीय मुहिम- पूर्व विधायक संतोष

डॉक्टर घनश्याम तिवारी की नृशंस हत्या पर परिवार की ओर से एक करोड़ रुपए मुआवजे की मांग उठी थी। पूर्व सपा विधायक संतोष पाण्डेय ने सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि डीएम की प्रेस मीट से पता चला है कि 10 लाख रुपए ही शासन से स्वीकृत हुए हैं। ऐसे में हम पीड़ित परिवार का एक एकाउंट नंबर जारी करके सर्व समाज के साथ एक मानवीय मुहिम चलाएंगे। लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पाण्डेय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उल्लेख किया है कि डॉ. घनश्याम तिवारी हत्याकांड प्रकरण में पीड़ित परिवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों व तत्कालीन डीएम सुलतानपुर ने एक करोड़ की मदद के लिए हस्ताक्षर किए थे। आश्वासन के बाद डीएम सुलतानपुर ने प्रेस मीट के माध्यम से बताया शासन स्तर पर केवल 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद की स्वीकृति प्रदान हुई है। उन्होंने भाजपा नेताओं को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा, आम जनमानस शव संस्कार के समय जन प्रतिनिधियों द्वारा पीड़ित परिवार की मदद में प्रस्तावित वादों के प्रति जवाबदेही चाहता है। संतोष पाण्डेय ने कहा है कि सरकार भले ही परिवार की मदद में इतनी निष्ठुरता दिख रही है। लेकिन हम लोग अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुए शीघ्र ही पीड़ित परिवार के नाम एक बैंक अकाउंट नंबर जारी करके सर्व समाज के साथ एक मानवीय मुहिम पर अग्रसर होगे।

# अधिवक्ता और डॉक्टर के केस में एक तरह की कार्रवाई, कोर्ट सख्त



**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड रहा हो या हाल का डॉक्टर घनश्याम तिवारी मर्डर केस, दोनों ही मामलों में पुलिस की कार्रवाई एक सी ही है। इनाम दोनों पर घोषित हुआ, एसटीएफ तक पकड़ने के लिए लगाई गई। लेकिन बदमाश पकड़े नहीं जा सके। अधिवक्ता कांड में कोर्ट की सख्ती के बाद हिस्ट्रीशीटर के घर की कुर्की हुई। अब वैसे ही कोर्ट ने डॉक्टर की हत्या के मामले में कुर्की की नोटिस जारी कर दिया है। माना जा रहा है पुलिस इसमें भी ये अंतिम कार्रवाई कर बैठ जाएगी।

### अगस्त माह में हुआ था अधिवक्ता हत्याकांड

बीते 6 अगस्त की देर शाम कोतवाली देहात के नकराही के पास अधिवक्ता आजाद अहमद की हिस्ट्रीशीटर बदमाश सिराज अहमद उर्फ पप्पू ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना में अधिवक्ता के भाई को गोली लगी थी उसे अस्पताल ले जाया गया था। इस मामले में नामजद सभी आरोपियों के साथ-साथ अज्ञात को एक-एक कर पुलिस ने पकड़ लिया था। लेकिन एक लाख के इनामिया मुख्य आरोपी सिराज को पुलिस व एसटीएफ गिरफ्तार नहीं कर सकी। सीजेएम कोर्ट से 19 अगस्त को कुर्की की नोटिस मिलने के बाद पुलिस ने 20 अगस्त से लगातार चार दिनों तक बदमाश के घर कुर्की की कार्रवाई की थी। घर से खिड़की-दरवाजे तक पुलिस उठा ले गई थी।

### डॉक्टर के मामले में एक व्यक्ति को ही जेल भेज सकी है पुलिस

संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी के मामले में भी पुलिस इसी ट्रैक पर है। 23 सितंबर को उनकी हत्या हुई और कोतवाली नगर में भाजयुमो जिलाध्यक्ष के चचेरे भाई अजय नारायण सिंह समेत अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ। 25 सितंबर को उस पर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया। इस दिन ही अजय के पिता जगदीश नारायण को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। सोनभद्र जिले से पुलिस को उसकी चार पहिया गाड़ी मिली। लेकिन आरोपी को पुलिस पकड़ नहीं सकी। इसके बाद से ही पुलिस ने कोर्ट की कार्रवाई में तेजी ला दी। बीते सप्ताह उसके खिलाफ गैर जमानतीय वारंट के लिए पुलिस ने अर्जी दी जो स्वीकृत हो गई। अब 4 अक्टूबर को कोतवाली नगर पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई के लिए अर्जी दी थी। जिस पर कोर्ट ने कुर्की की नोटिस जारी कर दिया है। माना जा रहा है कि पुलिस जल्द ही इस कार्रवाई को करके मामले को ठंडे बस्ते में डाल देगी।

## चार्ज लेते अरविंद पांडेय ने दिखाई शानदार पुलसिंग, कई मामलों का किया खुलासा

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** लंबे समय के बाद रेलवे पुलिस ने बहतर पुलिसिंग दिखाई है,लगातार ट्रेनों में होने वाले अपराध पर अंकुश लगाने के लिए नव-नवेले जीआरपी थानाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने चार्ज लेते ही कई मामले का खुलासा करते हुए अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों को धर दबोचा। बीते सप्ताह थानाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने यात्रियों के फोन और सामानों पर हांथ साफ करने वालो पर कार्यवाई अरते हुए उन्हें जेल रवाना किया था,बीते बुद्धवार को थानाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने बिहार प्रदेश के रहने वाले मो. सज्जाद कुरैशी को दबोचा। जमा तलाशी पर उसके पास से एक मोबाईल बरामद हुआ, पूछतांछ में सज्जाद ने अपना जुर्म कबूल करते हुए मोबाईल चोरी करना स्वीकार किया,एसओ जीआरपी अरविंद पांडेय ने बताया कि विभागीय उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश में रेलवे पुलिस अपराधियों के विरूध अभियान चला रही है।

## संविदा चिकित्सक की पत्नी ने ठुकराई सरकार की मदद

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



संविदा चिकित्सक डॉक्टर घनश्याम तिवारी की हत्या के मामले में उनकी पत्नी निशा तिवारी ने सरकार की मदद ठुकरा दी है। प्रशासनिक अधिकारी शासन से आए 10 लाख रुपए का चेक लेकर उन्हें देने पहुंचे थे। जिसे उन्होंने लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने मीडिया में आकर कहा कि प्रशासन द्वारा मुझे 10 लाख का चेक भेजवाया गया था लेकिन मैने उसे एक्सेप्ट नहीं किया। क्योंकि मैं उस धनराशि से संतुष्ट नहीं हूं।

निशा तिवारी ने आगे कहा कि जिस समय मेरे पति का शव रखा हुआ था उस समय हमारी सारी मांगों को माना गया था। उस मांग में हमने सरकार से 1 करोड़ की मांग की थी। जिसको सरकार ने एक्सेप्ट करते हुए साइन भी किया था। भाजपा अध्यक्ष, डीएम, विधायक और प्रशासन और शासन के सारे लोगों के सामने स्वीकार किया गया था। अभी तक हुई कार्रवाई से मैं 90 प्रतिशत संतुष्ट नहीं हूं। मेरी मांगे जो मानी जानी चाहिए थी वह बिल्कुल नहीं मानी गई है। उन्होंने आगे कहा बस यह है मुझे चेक प्रदान किया जा रहा है। अभी तक न तो हमारी जॉब की बात की गई है। धनराशि तो देख ही रहे हैं कि कितनी भेजी गई और न तो मेरी सेफ्टी के बारे मे सोचा जा रहा है और न ही अभी तक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसने यह इतना बड़ा जघन्य अपराध किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मैं आग्रह करती हूं कि मेरे साथ निष्पक्ष बरताव करें और निष्पक्ष कार्रवाई हो। उन्होंने ये भी कहा कि निष्पक्ष कार्रवाई के लिए मैं चाहती हूं कि सीबीआई को बुलाया जाए। बुलडोजर की कार्रवाई जो हुई वह भी सिर्फ दिखाने के लिए हुई। मुझे पता चला कि एक 12X12 का कार्यालय था जिस पर बुलडोजर चलाया गया है। बाकी उनका कोई नुकसान नहीं किया गया। मैं बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हूं।

# व्यापारी एकता दिवस पर चौहान गुट ने एक सैकड़ा लावारिस शवों की अस्थिओं को गंगा मे किया विसर्जित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

देश भर मे आज 5 अक्टूबर को व्यापारी एकता दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद रायबरेली का चौहान गुट व्यापार मंडल इस व्यापारी एकता दिवस को लावारिस आत्माओं के नाम कर दिया। समाज व व्यापारियों मे इस संदेश को देते हुए समस्त जनपद व प्रदेश के व्यापारी बंधुओ की एक रैली का आयोजन करते हुए चौहान गुट द्वारा अब एक सैकड़ा लावारिस शवों की अस्थियों को डलमऊ गंगा घाट मे विधि विधान से विसर्जित किया। उन्होंने लावारिस मृत आत्माओं की शांति के लिए 113 ब्राह्मणो को भोज कराने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला अधिकारी के द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जिसे चैहान गुट टीम व पदाधिकारी सैकड़ों की संख्या मे रैली के साथ गंगा घाट डलमऊ पहुंचे।



ज्ञात हो कि 5 अक्टूबर को इस बार व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान ने लावारिस मृत आत्माओं के नाम पर रैली का आयोजित करते हुए उनके व उनकी टीम द्वारा जलवाये गये लावारिस शवों की दाह संस्कार की अस्थियों के विसर्जन को लेकर एक मुहिम के साथ जिला मुख्यालय बचत भवन निकट से अस्थियों की इस रैली को रवाना किया गया। इस रैली को डीएम के हरी झंडी दिखाने के बाद डलमऊ गंगा घाट के लिए रवाना किया। जहां पहुंचकर विधि विधान से पिंड दान के साथ प्रशासन की मौजूदगी के बीच अस्थियो का विसर्जन किया गया। जिसमे प्रदेश अध्यक्ष सहित सैकड़ो व्यापारी बंधु व पदाधिकारी शामिल रहे।

व्यापार मंडल चौहान गुट के प्रदेश मीडिया प्रभारी एस के सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि चौहान गुट व्यापारियों की समस्याओं व उनके उत्पीड़न की आवाज प्रशासन व सरकार तक पहुंचाता है, इसके साथ ही गरीब असहायो की मदद के साथ जनपद मे लावारिस शवों को भी निःशुल्क जलवाने का कार्य करता है, इस कार्य सराहनीय कार्य को व्यापारी पदाधिकारियों की मदद से किया जाता है, अब तक जनपद रायबरेली में चौहान गुट एक सैकड़ा लावारिस शवों का विधि विधान से बैकुंठ धाम मे दाह संस्कार करवा चुका है।

जिला मीडिया प्रभारी ने कहा कि व्यापार मंडल चौहान गुट निरंतर बिना किसी भेदभाव के लावारिस शवों को दाह संस्कार का कार्य करता रहेगा। लावारिस शव जिस भी धर्म का उसका दाह संस्कार उसी के अनुसार कराया जायेगा ताकि मृत आत्मा को शांति मिल सके। जिनकी अस्थियो को आज 5 अक्टूबर को व्यापारी एकता दिवस पर विधि विधान से डलमऊ गंगा घाट पर पिंड दान के साथ विसर्जन किया ताकि उन लावारिस शवों की आत्माओं को शांति मिले।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ग्राम पंचायतों के मिट्टी के कलश, कलश यात्रा के साथ गौरीगंज पहुंचे

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिला अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में बृहस्पतिवार को विकास खंड गौरीगंज व नेहरू युवा केन्द्र द्वारा ग्राम पंचायतों के मिट्टी के कलश गौरीगंज ब्लाक मुख्यालय में एकत्रित किए गए। क्षेत्र पंचायत स्तरीय कलश यात्रा में सम्मिलित पूर्व विधायक दादा तेज भान सिंह, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मटियारी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, डॉ आराधन रॉज उपनिदेशक नेहरू युवा केन्द्र अमेठी एवं खंड विकास अधिकारी, गौरीगंज, पर्यटक अधिकारी महेंद्र मिश्रा एक साथ ब्लॉक पर कलश को लेकर गाजे बाजे के साथ पहुंचे। और एक स्थान पर कलश को एकत्रित किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों के मिट्टी के कलश से मिट्टी को मिलाकर उससे एक कलश जनपद स्तर पर भेजने के लिए तैयार किया गया। दरपीपुर के प्रधान रिंकु शुक्ल आदि इस कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विकास शुक्ल, अभय, आकाश, ज्योति एवं खन्ड विकास अधिकारी कार्यालय के समस्त कार्मिक व प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य गण मौजूद रहे।

### देवरिया नरसंहार के विरोध में ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच ने निकाला कैंडल मार्च

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** देवरिया में हुए ब्राह्मण परिवार के सामूहिक नरसंहार की हृदय विदारक घटना के विरोध में बृहस्पतिवार को ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच संगठन द्वारा दिनेश तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। उपस्थित जन समुदाय ने घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।और ब्राह्मणों के ऊपर हो रही लगातार घटनाओं के लिए शासन प्रशासन के प्रति आक्रोश व्यक्त किया गया। सरकार से मांग की गई की आतंकी हत्यारों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।और घटना के जिम्मेदार अधिकारियों को कठोर दंड देकर बर्खास्त किया जाए। मृतक आश्रितों को सुरक्षा और अधिकतम आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाए। कैंडल मार्च में अनिरुद्ध मिश्रा,भूपेंद्र मिश्रा, मनोज तिवारी, अजय तिवारी, अभिमन्यु उपाध्याय, दिनेश मिश्रा, राजेंद्र शुक्ला, गिरजा शंकर शुक्ला, राकेश शुक्ला, अमित शुक्ला, विनय त्रिपाठी, दीपक सिंह, बाबू मौर्य, अजय पांडेय, जयप्रकाश मिश्रा, सूरज अग्रहरि, शिवम शुक्ला सहित भारी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

### पुलिस अधीक्षक ने निर्माणाधीन नवीन पुलिस लाइन का किया आकस्मिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी द्वारा गौरीगंज में निर्माणाधीन नवीनतम रिजर्व पुलिस लाइन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।उन्होंने स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया। तथा मानक के अनुसार एवं समयबद्ध निर्माण कार्य करने हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। **शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्बा गौरीगंज में किया गया पैदल गस्त:** अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा बृहस्पतिवार को शांति,सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा फ्रमिशन शक्तिफ्रनारी सुरक्षा नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण और आम जनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा गौरीगंज में भीड़-भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। साथ ही मुख्य मार्गों, चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई। तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई।

### यूपी बैंक वेलफेयर कमेटी ने टीबी के 60 मरीज लिये गोद

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** क्षय रोगियों को पोषण, सामाजिक वभावनात्मक सहयोग करने के लिए बृहस्पतिवार को यूपी बैंक वेलफेयर कमेटी टीबी के 60रोगियों को गोद लिया। राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) और बड़ौदा यूपी बैंकवेलफेयर कमेटी के तत्वावधान में निजी होटल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में पिछले वर्ष टीबी मरीजों को गोद लेने वाले स्वयंसेवी संगठनों एवं अन्य संस्थानों (निक्षयमित्रों) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.वीरेंद्र सिंह ने क्षय रोगियों को गोद लेने के निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर क्षय उन्मूलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि टीबी उन्मूलन में इंडियन डेंटल एसोसिएशन, रोटरीक्लब रायबरेली इनरवेल क्लब रायबरेली ऑस्कर प्लाई अतुल गुप्ता व्यापार मंडल व जनपद की अन्य संस्थाएं जिस तरीके से इस नेक काम में शामिल हैं उसमें यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ शम्स रिजवान ने बताया कि टीबी के इलाज में जितना महत्व नियमित दवाओं के सेवन का होता है, उतना ही महत्व प्रोटीन युक्तखाद्य सामग्री के सेवन का होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सरकार समाजसेवियों स्वयंसेवी संस्थाओं, औद्योगिक एवं शैक्षिक संस्थानों के माध्यम से टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषाहार तो वितरित करवा हीर ही है साथ ही में उन्हें भावनात्मक सहयोग भी दे रही है। इसके साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज केदौरान टीबी मरीज को पोषण के लिए 500 रुपये की राशि प्रदान की जाती है। यह राशि उनकेबैंक खाते में आती है द्यजिला क्षय रोग अधिकारी ने उपस्थितलोगों से कहा कि टीबी के इलाज में सबसे महत्वपूर्ण बात है समय से बीमारी की पहचानऔर इलाज। तभी हम प्रधानमंत्री के साल 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को पूरा कर सकते।

### जिलाधिकारी ने महाराजगंज ब्लॉक-तहसील का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने महाराजगंज तहसील का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों और अभिलेखों की जांच की। उन्होंने उपजिलाधिकारी महाराजगंज को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए और उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। जो भी मामले लंबित पड़े हैं उनका समयान्तर्गत निस्तारण किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने महराजगंज ब्लॉक का भी निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने आयुष्मान कार्ड, मनरेगा, एनआरएलएम से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में अब तक की हुई प्रगति से संबंधित अभिलेखों को देखा और खंड विकास अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। दोनों प्रकरणों में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर देखा जाए और उनसे संबंधित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को अवश्य दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्देश के बावजूद भी यदि कार्य में सुधार नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लंबित चयन वेतनमान स्वीकृति हेतु शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा रायबरेली ने जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व जिला महामंत्री मुकेश द्विवेदी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के शिक्षकों के लंबित चयन वेतनमान की स्वीकृति हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली को ज्ञापन प्रेषित किया। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया माननीय उच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति शिक्षकों के लंबित चयन वेतनमान की स्वीकृति का आदेश किया है जिसको जनपद में भी लागू होना चाहिए। जिला महामंत्री मुकेश द्विवेदी ने कहा कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के शिक्षकों का लगातार आर्थिक नुकसान हो रहा है जो कि अब खत्म होना चाहिए। जिलाध्यक्ष संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तत्काल प्रभाव से प्रकरण को निस्तारित करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर सतांव अध्यक्ष डॉ. चंद्रमणि बाजपेई, हरचंदपुर अध्यक्ष अरविंद द्विवेदी, गौरा अध्यक्ष शैलेश पांडेय, डलमऊ अध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संघर्ष समिति सुरेंद्र सिंह यादव, मंत्री संघर्ष समिति सुधीर सिंह, जनपदीय मीडिया प्रभारी अनुराग द्विवेदी, अककॉउंटेंट गंगाचरण भारती, मंत्री राही दिलीप गुप्ता, मंत्री शिवगढ़ आलोक मिश्रा आदि शिक्षक नेता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद सुलतानपुर

**धारा 82 सीआरपीसी तामीला/नोटिस**

सूचित किया जाता है कि मु0अ0सं0 935/23 धारा 302/120बी /34 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर से सम्बन्धित अभियुक्त अजय नरायण सिंह पुत्र जगदीश नरायण सिंह निवासी नरायनपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर के विरूद्ध धारा 82 सीआरपीसी का तामीला **दिनांक 05.10.2023** को किया गया है जिस पर 50,000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया है।

**प्रभारी निरीक्षक,**
कोतवाली नगर,
सुलतानपुर।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# सरकारी खजाने को भरने में आबकारी विभाग नंबर वन: वित्त मंत्री सुरेश खन्ना

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



अगस्त में सावन की वजह से शराब से होने वाली कमाई घट गई थी जिसकी भरपाई सितंबर में हो गई। अगस्त माह में प्रदेश सरकार के खजाने को भरने में आबकारी विभाग नंबर वन आया है। राज्य कर विभाग दूसरे नंबर पर और स्टांप व रजिस्ट्रेशन विभाग तीसरे नंबर पर है। पिछले वित्त वर्ष के सितंबर माह की तुलना में इस वित्त वर्ष प्रदेश सरकार को 1632 करोड़ रुपये का ज्यादा राजस्व प्राप्त हुआ है। प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने ये जानकारी दी। गुरुवार को राज्य सरकार की सितंबर आय के बारे में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि वित्त वर्ष 22-23 के सितंबर माह में राज्य सरकार को 12206 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था। इस वित्त वर्ष 23-24 के सितंबर माह में राज्य सरकार को 13839 रुपये की आय हुई। यानी पिछले सितंबर की तुलना में इस बार 1632 करोड़ रुपये ज्यादा मिले, जो राज्य की लगातार बेहतर होती आर्थिक स्थिति का सूचक है। कर सुधारों और नीतियों का परिणाम राजस्व में दिखाई दे रहा है। पिछले साल अगस्त के मुकाबले इस अगस्त को प्रदेश सरकार के खजाने में 1219 करोड़ रुपये अधिक आए। सावन और पुरुषोत्तम मास का असर आबकारी की आय में दिखाई दिया और पिछले अगस्त के मुकाबले इस अगस्त को आबकारी विभाग का राजस्व 18.19 करोड़ रुपये घट गया। शेष सभी कर व करेत्तर विभागों ने राजस्व का रिकार्ड बनाया। केन्द्र सरकार से विशेष मदद के रूप में यूपी को 17939 करोड़ स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 11960 करोड़ मिल चुके हैं। ये जानकारी प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने दी। उनके साथ अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारी थे। बुधवार को अगस्त माह के राजस्व का ब्योरा वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने साझा किया। वर्ष 2022-23 के अगस्त माह में 13024.44 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस वित्त वर्ष 23-24 के अगस्त माह में 14243.82 करोड़ रुपये राजस्व के रूप में प्राप्त हुए। यानी पिछले अगस्त की तुलना में 1219.38 करोड़ रुपये राजस्व ज्यादा मिला। इसमें सबसे ज्यादा योगदान जीएसटी और वैट का रहा। आबकारी, स्टांप व निबंधन, परिवहन और भूतत्व व खनिकर्म भी राजस्व के प्रमुख स्रोत रहे।

### बुनियादी विकास के लिए केन्द्र ने दिए 17939 करोड़

सुरेश खन्ना ने बताया कि राज्य को केन्द्र सरकार ने विशेष मदद के रूप में 179319 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। जिसमें 11960 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। इस धनराशि का उपयोग ऊर्जा, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, इंफ्रा, औद्योगिक विकास और गृह विभाग में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ये ब्याज मुक्त लोन है, जिसे 50 वर्ष में वापस करना है।

# अबू आजमी की बेनामी संपत्तियों की तलाश में मुंबई, वाराणसी और लखनऊ में छापे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी की बेनामी संपत्तियों की तलाश में आयकर विभाग ने तीन शहरों में उनके करीबियों के ठिकानों पर छापा मारा है। बृहस्पतिवार को आयकर विभाग, लखनऊ की बेनामी विंग के अधिकारियों की टीम ने उनके करीबियों के मुंबई, वाराणसी और लखनऊ स्थित ठिकानों पर बेनामी संपत्तियों से जुड़े तमाम दस्तावेजों को बरामद किया है। सूत्रों के मुताबिक छापे की कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी। दरअसल, आयकर विभाग ने बीते वर्ष नवंबर माह में अबू आजमी और उनके करीबियों के देश भर में 30 ठिकानों पर छापा मारा था। इस दौरान तमाम बेनामी संपत्तियों की खरीद-फरोख्त के बारे में जानकारी मिली थी। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, वाराणसी, कानपुर और लखनऊ में छापों के बाद अबू आजमी पर 160 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी करने का आरोप भी लगा था। इन ठिकानों से मिले दस्तावेजों की करीब दस महीने तक चली जांच के बाद बृहस्पतिवार को मुंबई, वाराणसी और लखनऊ में उनके करीबियों के ठिकानों को आयकर विभाग की बेनामी विंग ने फिर से खंगालना शुरू किया है। सूत्रों के मुताबिक वाराणसी में विनायक ग्रुप के ठिकानों पर भी छापा मारा गया है। विनायक ग्रुप समाजवादी पार्टी के पूर्व महासचिव रहे गणेश गुप्ता का है। उनका निधन होने के बाद परिजन इसे संचालित कर रहे हैं। इस ग्रुप के वाराणसी में तमाम आलीशान मॉल, रिहायशी बहुमंजिला इमारतें, शॉपिंग कॉम्पलेक्स आदि हैं। अधिकारियों के मुताबिक अबू आजमी को हवाला के जरिए 40 करोड़ रुपये मिलने की जांच में पुष्टि हुई थी। मुंबई में अबू आजमी का कारोबार संभालने वाले अनीस आजमी के जरिए इस रकम को इधर से उधर किया जाता था। फिलहाल आयकर विभाग के अधिकारी छापों में हुई बरामदगी के बारे में सूचना देने से बच रहे हैं।

# ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स भाजपा के ही संगठन: अखिलेश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी पर कहा कि देश की सौ करोड़ जनता भाजपा के खिलाफ है। भाजपा डरी हुई है इसीलिए विपक्षी नेताओं को फर्जी केसों में फंसा रही है। भाजपा जिससे घबराती है, उसे झूठे मामले में फंसा कर गिरफ्तार करती है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स तथा अन्य सरकारी संस्थाएं भाजपा के प्रकोष्ठ हैं और उनके संगठन का हिस्सा हैं। पहले पत्रकारों के घरों पर छापेमारी की गई और और अब आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के घर छापेमारी और गिरफ्तारी हुई। यह सब भाजपा के कहने पर हो रहा है। प्रतापगढ़ में समाजवादी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने पहुंचे अखिलेश यादव ने कहा कि सपा कार्यकर्ता पार्टी के विचारों और कार्यक्रमों को लेकर गांव-गांव, घर-घर जाएंगे और भाजपा को हराने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है। इंडिया गठबंधन इस बार लोकसभा चुनाव में पीडीए के साथ मिलकर भाजपा को हराएगा। मीडिया से रूबरू अखिलेश ने देवरिया कांड के लिए सरकार और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि अगर समय पर कार्रवाई की होती तो छह लोगों की हत्याएं नहीं होती। आरोप लगाया कि भाजपा पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के बजाय घटना से लाभ लेना चाहती है। मांग की कि सरकार उच्च स्तरीय जांच कराकर मामले में जिम्मेदार सभी के खिलाफ कार्रवाई करे और बर्खास्त करे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल देवरिया जाएगा तो दोनों परिवारों से मिलेगा। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हैं। गड्ढामुक्त के नाम पर आवंटित बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। लाखों करोड़ के एमओयू का दावा किया गया लेकिन कहीं पर भी कोई फैक्ट्री नहीं लगी। किसानों के धान खरीद की कोई तैयारी नहीं है। लोग सरकारी अस्पतालों में जाने से डरते हैं।

# बिना अनुमति के संविदा या ठेका पर कर्मचारी नहीं रख पाएंगे, निदेशालय ने निकायों से मांगी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

निकायों क स्तर पर संविदा या ठेक पर कर्मचारियों की नियुक्तियों के खेल पर लगाम लगा दी गई है। नगर विकास विभाग ने निकायों के स्तर पर होने वाली नियुक्तियों की व्यवस्था में बदलाव कर दिया है। इसके तहत अब ठेके या संविदा पर कर्मचारी रखने से पहले निकायों को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजना होगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद ही कर्मचारी रख सकेंगे। दरअसल मौजूदा व्यवस्था के तहत प्रदेश में निकायों के स्तर पर जरूरत के आधार पर संविदा और ठेके पर कर्मचारियों को रखा लिया जाता है। इसमें बड़े स्तर पर खेल होने की शिकायत सामने आती है। सबसे अधिक शिकायतें कम कर्मचारी रखकर अधिक कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान करने को लेकर हैं। शासन स्तर गोपनीय तरीके से इसकी जांच भी कराई गई थी। इसके आधार पर शासन ने अब यह तय किया है कि निकायों में संविदा या ठेका पर कर्मचारियों की नियुक्ति करने से पहले सक्षम स्तर से मंजूरी लेना अनिवार्य होगा। इस संबंध में स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से सभी नगर निकायों को तत्काल इस व्यवस्था को लागू करने के निर्देश भेज दिए गए हैं। साथ ही संविदा पर रखे गए कर्मचारियों का मनमाने तरीके से मानदेय रोकने की शिकायतों पर भी शासन ने तय किया है कि ऐसा करने से पहले कारण बताना अनिवार्य होगा। बिना वजह किसी का वेतन नहीं रोक जा सकेगा। स्थानीय निकाय निदेशालय ने निकायों से वेतन के संबंध में जानकारी मांगी है। संयुक्त निदेशक स्थानीय निकाय ने निकायों से इस संबंध में पूरी जानकारी मांगी है। इसमें कहा गया है कि निकायों में कार्यरत सभी प्रकार नियमित, संविदा, दैनिक, आउटसोर्स यानी ठेके पर रखे गए कर्मियों को वेतन भुगतान की क्या स्थिति है। इन्हें वेतन देने में किसी तरह की कोई बाधा तो नहीं आ रही है। इसकी पूरी जानकारी निदेशालय को दी जाए। अक्सर यह शिकायतें आती रहती हैं कि इन कर्मियों को समय पर वेतन नहीं मिलता है। इसको लेकर धरना प्रदर्शन तक होता रहा है। नियमत- इन्हें रखने से पहले मानदेय देने के लिए बजटीय व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके बाद भी मनमानी करते हुए कर्मियों को रख लिया जाता है। इसीलिए उच्च स्तर पर तय किया गया है जरूरत के आधार पर ही कर्मियों को रखा जाए और अनावश्यक वेतन न लटाया जाए।



### आउटसोर्स कर्मचारी के शोषण पर लगेगी लगाम

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने आउटसोर्स कर्मचारियों की न्यूनतम मजदूरी तय करने व उनके लिए नीति बनाने के शासन के निर्णय का स्वागत किया है। परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने कहा है कि इस नीति के बनने से आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण पर लगाम लगेगी। उन्होंने बताया कि परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पिछले दिनों मिला था। इसमें आउटसोर्स कर्मचारियों का मुद्दा प्राथमिकता के साथ उठाया गया था। इसी क्रम में शासन की ओर से प्रक्रिया शुरू की गई है। सेवायोजन विभाग की नीति को कैबिनेट की हरी झंडी का इंतजार है। इसके जारी होने के बाद आउटसोर्स कर्मचारी को न्यूनतम मानदेय मिलेगा। परिषद सचिव अरुणा शुक्ला ने विभिन्न विभागों में रखे संविदा कर्मचारियों का विभागीय उत्पीड़न बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी समाज कल्याण विभाग में दो साल में 16 संविदा शिक्षकों की संविदा समाप्त की है। जनजाति विकास विभाग की उपनिदेशक ने इसी साल आठ संविदा शिक्षकों को संविदा से निकाले जाने की नोटिस दिया है। उन्होंने इस उत्पीड़न को रोकने की मांग की है।

# एल.एच.पी.एल. का ग्यारहवां संस्करण शुरू



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित क्रीडा स्थल पर लॉ हॉस्टल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शुरू हुआ, 5 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट का उद्घाटन पार्षद (प्रतिनिधि) जानकीपुरम (प्रथम) सौरभ तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर के एडिशनल डॉक्टर प्रोफ़ेसर (डॉ.) मोहम्मद अहमद, स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी, गौरव तिवारी उपस्थित रहे। आयोजक मण्डल के रुद्र प्रताप, सुमित ने बताया कि लीग में 5 दिनों तक क्रिकेट के मुकाबले खेले जाएंगे, कमेंट्री आयुष प्रताप सिंह ने की, इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# एसजीपीजीआई के पूर्व विभागाध्यक्ष की डेंगू से मौत, लखनऊ में 29 नए मरीज मिले

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सीएम पांडेय (69) की डेंगू से मौत हो गई। उधर, बुधवार को राजधानी में डेंगू के 29 नए मरीज मिले हैं। डॉ. पांडेय की पिछले हफ्ते डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इसके बाद उन्हें दो अक्तूबर की दोपहर एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वह वर्ष 2018 में एसजीपीजीआई के बायोस्टैटिस्टिक्स और स्वास्थ्य सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद से वे सुपर स्पेशियलिटी कार्डियक संस्थान, डिवाइन हार्ट हॉस्पिटल में निदेशक (शैक्षणिक और अनुसंधान) के रूप में कार्यरत थे। सुल्तानपुर जिले के दोस्तपुर के सरैया गांव के मूल निवासी डॉ. पांडेय सेवानिवृत्ति के बाद रायबरेली रोड स्थित एल्डिको कॉलोनी में निवास कर रहे थे। उनकी मौत के बाद बुधवार को उनकी याद में संस्थान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उधर, बुधवार को डेंगू पीड़ित मिले 29 लोगों डेंगू का सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में इलाज चल रहा है। डेंगू का सबसे ज्यादा प्रकोप अलीगंज, इंदिरानगर, एनके रोड और टूड़ियागंज इलाके में हैं। यहां चार-चार लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। जबकि रेडक्रॉस, सिल्वर जुबली में तीन-तीन तथा गोसाईंगंज इटौजा, काकोरी, मलिहाबाद, मोहनलालगंज में एक-एक लोग डेंगू की चपेट में आए। स्वास्थ्य विभाग व मलेरिया इकाई ने 1087 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया।

# दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 में संशोधन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के दुग्धशाला विकास विभाग द्वारा प्रदेश में स्थापित होने वाले दुग्ध उद्योग की इकाईयों को अनुमन्य वित्तीय अनुदान, रियायतें एवंसुविधाओं के सम्बन्ध में दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 में संशोधन करते हुए आदेश जारी कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव, दुग्ध विकास विभाग डा रजनीश दुबे की तरफ से जारी शासनादेश मेंआरक्षित भूमि के श्रेणी परिवर्तन शुल्क में छूट तथा भू-उपयोग परिवर्तन एवं वाह्य विकास शुल्क में छूट के सम्बंध में व्यवस्था की गई है।आरक्षित भूमि के श्रेणी परिवर्तन शुल्क में छूट के संबंध में व्यवस्था की गयी है कि इस नीति के अन्तर्गत स्थापित होने वाले परियोजना स्थल के मध्य आने वाली आरक्षित श्रेणी की भूमियों जैसे चकरोड आदि का श्रेणी परिवर्तन निःशुल्क किया जायेगा तथा आरक्षित श्रेणी की भूमि चकरोड, नाली इत्यादि के विनिमय के फलस्वरूप दी जाने वाली भूमि पर चकरोड, नाली का निर्माण निवेशक,संस्था द्वारा स्वयं कराकर दिया जायेगा। भू-उपयोग परिवर्तन एवं वाह्य विकास शुल्क में छूट के संबंध में कहा गया है कि इस नीति के अन्तर्गत आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अधीन उत्तरप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के क्षेत्र में स्थापित होने वाले उद्योगों के लिए कृषि भूमि में स्थापित होने की स्थितिमें भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क की दर में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। इस नीति के अन्तर्गत आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अधीन उद्योगों को बाह्य विकास शुल्क की दर में 75 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

# त्वरित आर्थिक विकास योजना: लखनऊ, आजमगढ़, बुलन्दशहर व गोण्डा हेतु 374.14 लाख मंजूर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत लखनऊ, आजमगढ़, बुलन्दशहर एवं गोण्डा में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु कुल 374.14 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं। मंजूर की गई धनराशि सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी को उपलब्ध करा दी गयी है।इस सम्बन्ध में नियोजन विभाग ने आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। लखनऊ के विधानसभा क्षेत्र बक्शी का तालाब में राजकीय पॉलीटेक्निक भवन के निर्माण कार्य हेतु 227.78 लाख रूपये,जनपद आजमगढ़ कीविधानसभा क्षेत्र-मेंहनगर में सीसी रोड़ के निर्माण कार्य हेतु 75 लाख रूपये, बुलन्दशहर की विधानसभा क्षेत्र-स्याना में सम्पर्क मार्गमिट्टी खडन्जा के निर्माण कार्य हेतु 37.59 लाख रूपये तथा गोण्डा की विधान सभा क्षेत्र- तरबगंज में सीसी रोड के निर्माण कार्य हेतु 33.77 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं।

# राजकीय माध्यमिक विद्यालयों हेतु प्रवक्ता के पद पर पदोन्नत सहायक अध्यापिकाओं का ऑनलाइन पदस्थापन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र देव ने बताया कि राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापिकाओं महिला शाखा को प्रवक्ता महिला शाखा पद पर पदोन्नति प्रदान करते हुए ऑनलाइन माध्यम से पदस्थापन आदेश निर्गत किया जाना है। विभाग द्वारा एनआईसी के माध्यम से मानव सम्पदा पोर्टल पर अध्यापिकाओं को आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। अध्यापिकाओं की सुविधा के लिए 06 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक कार्यदिवस में समय 11 बजे से 5 बजे तक ई-मेल तथा हेल्पलाइन पर कॉल एवं व्हाट्सअप पर अपनी समस्या के निराकरण हेतु संपर्क कर सकते हैं।डॉ महेन्द्र देव ने बताया कि आवेदन पत्र मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही सबमिट होगा, किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**उत्तर रेलवे**

G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-09-2023-24 |
| कार्य का नाम | "रिप्लेसमेंट ऑफ़ वार्न आउट एंड डिफेक्टिव अर्थिंग फॉर सिग्नलिंग इंस्टालेशन ओवर लखनऊ डिवीज़न" |
| अनुमानित लागत | रु. 8987527.69 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु. 179800.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 240 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 27.10.2023 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराषि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106- सिग-टेन्डर-09/2023-24 दिनांक: 04.10.2023 3078/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बीकेटी के सोनवा पंचायत भवन में लाखों की हुई चोरी

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**

- चोरों ने कम्प्यूटर, मॉनीटर, प्रिंटर, डीवीआर, सोलर बैटरी लेकर हुए फरार
- पुलिस ने चोरों की तलाश में गठित की टीम,चोर जल्द जायेंगे जेल

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में सोनवां ग्राम पंचायत में मिनी सचिवालय पंचायत भवन में रखे लाखों रुपए के सरकारी समान उपकरण चोर लेकर फरार हो गए। बता दें कि गुरुवार सुबह ग्राम प्रधान को पंचायत भवन पहुंचने पर चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी सचिव को सूचित किया। मामले में दोपहर ग्राम प्रधान व सचिव के साथ बीकेटी थाने पहुंच गये। उन्होंने लिखित शिकायत तहरीर पुलिस को दी, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




आपको बताते चलें कि बीकेटी थाना क्षेत्र के सोनवा गांव में स्थित मिनी सचिवालय ग्राम पंचायत भवन में चोरों ने धावा बोला। जहां से लाखों रुपए के कम्प्यूटर सेट, मानीटर, प्रिंटर, डीवीआर, सीसीटीवी कैमरा, सोलर बैटरी, सोलर पैनल सहित अन्य उपकरण ले गए। वहीं गुरुवार सुबह सोनवां गांव के ग्राम प्रधान अशोक गिरि जब गौशाला से वापस आए और ग्राम पंचायत भवन पहुंचे तो उन्होंने देखा कि ग्राम प्रधान कक्ष और ग्राम विकास अधिकारी सचिव कार्यालय के ताले टूटे पड़े हुए हैं। वहीं दोनों कक्षों में रखे कम्प्यूटर, सोलर बैटरी, सोलर पैनल, सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर सहित लाखों के समान गायब हैं। इस संबंध में उन्होंने बीकेटी थाना पुलिस को सूचना दी। क्षेत्र के ग्राम पंचायत अधिकारी सचिव संजय सिंह को भी सूचित किया। दोपहर को ग्राम पंचायत अधिकारी सचिव व ग्राम प्रधान बीकेटी थाना पहुंचे, जहां उन्होंने चोरी की लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीकेटी थाना प्रभारी बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि इस चोरी का जल्द खुलासा किया जायेगा। वहीं चोरों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# डोलती धरती, कांपते लोग

**उत्तराखंड भूकंप की त्रासदी झेल चुका है। उत्तरकाशी, पिथौरागढ़,अल्मोड़ा, द्वारहाट, चमोली जिले भूकंप के निशाने पर है। दरअसल उत्तराखंड भूकंप के मुहाने पर खड़ा है, यहां कभी भी भूकंप से धरती डोल सकती है। इससे उत्तराखंड कभी भी तबाह हो सकता है। अपनी भौगोलिक परिस्थिति के कारण बादल फटने, जल प्रलय और भूस्खलन के कारण हजारों मौतों के साथ ही मकानों तथा खेत-खलिहानों के नष्ट होने का कारण बनता रहा है। भू-वैज्ञानिको की माने तो उत्तराखंड कभी भी भूकंप आपदा से प्रभावित हो सकता है।**

*नेपाल में धरती से पांच किलोमीटर नीचे भूकंप के केंद्र बिंदु ने तीन अक्टूबर की दोपहर 2 बजकर 51 मिनट पर पहले 4.6 तीव्रता व एक मिनट के ही अंतराल में 6.2 तीव्रता ने सबको हिलाकर रख दिया। सम्पूर्ण नेपाल और उत्तर भारत में जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, देहरादून आदि क्षेत्रों में धरती डोलती रही। लोग घर, दफ्तर और दुकानों से बाहर निकल आए। भूकंप के इन शक्तिशाली झटकों से लोग अभी दहशत में है। बीते साल भी 8 और 9 नवंबर की रात 1:57 बजे आए भूकंप का मैग्नीट्यूड 6.3 था और इसका असर भारत के अलावा नेपाल और चीन में भी देखा गया। भूकंप का केंद्र तब भी नेपाल था। दिल्ली के साथ ही नोएडा और गुरुग्राम में भी कई सेकंड धरती डोलती रही। ऐसा पृथ्वी के स्थल मंडल में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली तरंगों की वजह से होता है। भूकंप कभी इतने विनाशकारी होते हैं कि शहर के शहर जमींदोज हो जाते हैं। भूकंप का मापन भूकंपमापी यंत्र से किया जाता है। इसे सीस्मोग्राफ कहते है। तीन या उस से कम रिक्टर परिमाण की तीव्रता का भूकंप अक्सर अगोचर होता है, जबकि 7 रिक्टर की तीव्रता का भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण बन जाता है। भूकंप के झटकों की तीव्रता का मापन मरकैली पैमाने पर किया जाता है। पृथ्वी की सतह पर भूकंप भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर प्रभाव डालता है। जब कोई बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है तो यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी फटने का भी कारण बनते हैं। भूकंप अक्सर भूगर्भीय दोषों के कारण आते हैं। 2021 में 11 सितंबर को जोशीमठ से 31 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण में सुबह 5-58 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.6 थी। उत्तराखंड में इस भूकंप का प्रभाव चमोली, पौड़ी, अल्मोड़ा आदि जिलों में था । इससे पूर्व 24 जुलाई, 2021 को उत्तरकाशी से 23 किलोमीटर दूर करीब 1 बजकर 28 मिनट पर भूकंप आया था। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई थी। जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के साथ डुंडा, मनेरी, मानपुर, चिन्यालीसौड़, बड़कोट, पुरोला व मोरी में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। हरिद्वार जिले में वर्ष 2020 में एक दिसम्बर को नौ बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.9 मैग्नीट्यड मापी गई थी, जिसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर तक थी। इस भूकंप से कोई क्षति तो नहीं हुई थी। लेकिन इसे भविष्य में किसी बड़े भूकंप का संकेत अवश्य माना गया था। उत्तराखंड भूकंप के दृष्टि से अति संवेदनशील है। यहां सालभर भूगर्भीय हलचल होती रहती है। 25 अगस्त, 2020 को भी उत्तरकाशी में भूकंप आया था। भूकंप का केंद्र टिहरी गढ़वाल था। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई थी। इससे पहले चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में 21 अप्रैल, 2020 को भूकंप के झटके महसूस हुए थे। इसका केंद्र चमोली जिले में था। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.3 थी। देवभूमि उत्तराखंड से लेकर गुजरात तक भूकंप का खतरा लगातार बना हुआ है। 14 जून, 2020 की शाम गुजरात के भचाऊ, राजकोट और अहमदाबाद में 5.5 तीव्रता के भूकंप ने सबकी नींद उड़ा दी थी। 2015 में नेपाल में आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी। नेपाल और उत्तर भारत में ढाई हजार से अधिक लोग काल कलवित हो गए थे। इसकी तीव्रता उस समय सात दशमलव नौ से अधिक थी। यह हिरोशिमा बम विस्फोट से पांच सौ चार गुना ताकतवर था। इससे उत्तराखंड में भी दहशत फैल गई थी। हिरोशिमा बम विस्फोट से साढ़े 12 किलोटन ऑफ टीएनटी एनर्जी रिलीज हुई थी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**मोदी सरकार द्वारा निर्मित बुंदेलखंड की जीवन रेखा केन-बेतवा लिंक परियोजना अब यहां युगांतकारी परिवर्तन लाएगी। जल-संकट खत्म होने के साथ ही महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। उन्हें मीलों सिर पर पानी ढोने से निजात मिलेगी। पानी की उपलब्धता से स्वच्छता बढ़ेगी और उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। इस परियोजना से बुंदेलखंड में सामाजिक-सांस्कृतिक-आर्थिक स्तर ऊँचा होगा। नहरों का विकास होगा, पनबिजली से सस्ती बिजली मिलेगी तथा वनीकरण भी बढ़ेगा। आर्थिक समृद्धि आने से जीवन बदलेगा और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति रुझान बढ़ेगा तो पर्यटन उद्योग भी निखरेगा।**

# केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड की युगांतकारी परिवर्तन-वाहिनी



विष्णु दत्त शर्मा

**खाद्य सम्पन्नता और रोजगार के अवसर मिलेंगे तो पलायन पर विराम लगेगा। आज जिस बुंदेलखंड की पहचान अकाल और सूखा की है, वह बुंदेलखंड भविष्य में हरियाली से पहचाना जाएगा। जो बुंदेलखंड गरीबी से जाना जाता है, बुंदेलखंड बनेगा और भविष्य में अपने गौरवशाली अस्मिता के साथ सारी दुनिया को आकर्षित करेगा।**

बुंदेलखंड की दो दशक पुरानी आस अब पूरी हो रही है। 18 साल से लंबित केन-बेतवा लिंक परियोजना का शुभारंभ क्षेत्र की प्यास के बुझने के साथ ही जीवन बदलने का ऐतिहासिक पड़ाव भी है। चार दशके से बुंदेलखंड की जनता को जिस दिन का बेसब्री से इंतजार था, वह दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़संकल्प से आ गया है। जिस सपने को भाजपा सरकार में ही अटल जी देखा और देश में 37 नदियों को आपस में जोड़कर जल संकट को दूर करने का बीड़ा उठाया था, जिसमें केन-बेतवा लिंक परियोजनी भी थी, उसे अब पीएम मोदी के नेतृत्व में मूर्त रूप मिल गया है। यह भारत की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। इसको अंतर्राज्यीय नदी हस्तांतरण मिशन के लिये एक मॉडल योजना के रूप में माना जाता है। लेकिन दुर्भाग्य से अटल जी के बाद की यूपीए सरकार ने इसमें रुचि नहीं दिखायी। हालांकि उन्होंने बुन्देलखंड की दुर्दशा पर राजनीतिक रोटियाँ खूब सेकीं। स्मरण रहे कि जब अटल जी ने नदियों को जोड़ने की जो परिकल्पना की थी, उनमें से केन-बेतवा पहला लक्ष्य था। देश में जल के संकट से सर्वाधिक प्रभावित बुन्देलखंड का ही क्षेत्र था, जिसका निदान मानवता की माँग थी। भाजपा सरकार क्षेत्र के इस जीवन-संकट को समझ रही थी। स्वाधीन भारत में सर्वाधिक राजनितिक रोटियाँ बुंदेलखंड के पिछड़ेपन पर ही सेकी गईं। राजनीतिक पर्यटकों ने इसकी दुर्दशा की तस्वीरों को देश-विदेश में भी खूब प्रचारित किया लेकिन जिनके हाथों में सात दशक तक इसके तकदीर की चाभी थी, उन्होंने उससे हर बार छल किया और बुंदेलखंड की दशा जस की तस बनी रही। जिस बुंदेलखंड के वीरता की गाथाएँ साहस देती हैं, वही बुंदेलखंड पानी के समर में कई दशकों से मात खाता रहा। उजड़ते गाँव और पलायन बुंदेलखंड की त्रासदी का वृतांत बताते हैं। भयानक सूखे की मार से बेहाल हो चुके बुंदेलखंड को कॉंग्रेस सरकारों ने केवल नारे दिये और हर बार चुनाव बाद भुला दिया। बुंदेलखंड की जनता के जीवन में हर दिन अंधकार और अधिक घना होता गया और सपनों के सौदागर उन्हें सब्जबाग दिखाते रहे। कड़वा सच है कि विगत दशकों में बुन्देलखंड से करोड़ों लोग पलायन कर गये। पशुधन को बचाना, कृषि कार्य करना, जीवन के लिए जरूरी पानी जैसी समस्याएँ बुन्देलखंड की नसीब बन गयीं और जन-जीवन में और अँधेरा छाता चला गया। लेकिन जब सच्ची नीयत वाला नेतृत्व मिलता है तो लोकतंत्र में वह दिन आ ही जाता है, जब एक नया सवेरा अँधेरों छांट देता है। बुंदेलखंड के इतिहास में नरेन्द्र मोदी ऐसा सवेरा लाने वाले सूरज की तरह हैं। मोदी जी के नेतृत्व का ही फल है कि जल, वन-भूमि साझाकरण और अधिग्रहण में आने वाली कठिनाईयों से जूझ रही केन-बेतवा लिंक परियोजना अब शुरू हो रही है। यह अकाट्य तथ्य है कि मोदी जी के प्रयास से ही इस महान परियोजना की अनेक अड़चनें दूर हुईं और विश्व जल दिवस पर 8 मार्च को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में यूपी और एमपी सरकारों ने इसके लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। सारी बाधाओं को पार कर अब मोदी सरकार ने 45 हजार करोड़ वाली केन-बेतवा लिंक जैसी बहुप्रतिक्षित परियोजना को जमीन पर उतार कर यहाँ समाज-जीवन की सरलता के सारे मार्ग प्रशस्त कर दिये हैं। इस परियोजना में 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी और मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश वहन करेंगे। इसके तहत केन नदी से बेतवा नदी में पानी भेजा जाएगा और 221 किलोमीटर लंबी संपर्क नहर निकाली जाएगी, जो झांसी के निकट बरुआ में बेतवा नदी को जल उपलब्ध कराएगी। केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट से नॉन मानसून सीजन (नवंबर से अप्रैल के बीच) में क्रमशः मध्यप्रदेश को 1834 तथा उत्तर प्रदेश को 750 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी मिल सकेगा। इसका लाभ मध्य प्रदेश में बुंदेलखंड के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, सागर और दतिया के साथ-साथ शिवपुरी, विदिशा और रायसेन सहित अन्य जिलों को भी मिलेगा। केन-बेतवा लिंक कार्य के पूरा हो जाने से जहां 8 लाख 11 हज़ार हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा पहुंचाई जा सकेगी, वहीं 41 लाख लोगों को सहज तौर पर पीने का पानी मिल पाएगा। बुंदेलखंड में आने वाले उत्तर प्रदेश के 2 लाख 52 हज़ार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई और पेय जल की सुविधा भी इससे मिल सकेगी। बाद में 103 मेगा वाट पनबिजली और 27 मेगावाट सौर ऊर्जा भी पैदा की जा सकेगी। भले ही देश में जल-संकट पर छिटपुट चर्चाएँ होती रहीं हों परन्तु यह एक अटल सत्य है कि 1999 में एनडीए सरकार बनने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल जी ने ही पहली बार नदी जोड़ो परियोजना पर काम शुरू किया था। उस समय एक टॉस्क फोर्स का गठन करके आधारभूत कार्य किया गया। इस टॉस्क फोर्स ने देश की नदियों का वर्गीकरण करके एक रूपरेखा रखी कि किन नदियों को जोड़कर देश को पानी की समस्या से मुक्ति दिलाई जा सकती है। हालांकि 2004 में यूपीए सरकार बनते ही यह योजना ठंडे बस्ते में डाल दी गई। यूपीए की सरकार ने 10 साल नदी जोड़ो परियोजना घोर अनदेखी की। यह रवैया कॉंग्रेस के झूठे विकास की बानगी भी है जो इतिहास के पन्नों में सदा दर्ज रहेगी। कॉंग्रेस की संवेदनहीनता का परिणाम बुंदेलखंड की जनता को भुगतना पड़ा है। लेकिन अब यहां की जनता का जीवन बदलने का रास्ता खुल गया है।



**मोदी सरकार ने सक्रियता से केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए शुरू में ही राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण को इसकी कमान सौंपी तथा प्राधिकरण की मॉनिटरिंग का जिम्मा केंद्रीय जल संसाधन मंत्री को दिया ताकि यह कार्य तेज गति से पूरा हो सके।**

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 06:35 तक |
| नक्षत्रः | आर्द्रा 21:32 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | परिघा, 29:23 |
| सूर्योदयः | 06:19 |
| सूर्यास्तः | 17:58 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 10:41-12:08 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:45-12:31 |

## जन एक्सप्रेस

### बाकी मुद्दे गौड़ हुए !

*जाति जाति चिल्ला कर ।*
*कर रहे सब काम ।।*
*बाकी मुद्दे गौड़ हुए ।*
*अब असली पैग़ाम ।।*
*गली अगर ना दाल तो ।*
*है पुनः विश्राम ।।*
*कर सब कुछ प्रयोग ।*
*हैं रहे नाकाम ।।*
*करने को सब सार्वजनिक ।*
*मन इनका ललचाया ।।*
*है फ़िलहाल महफ़िल ।*
*सत्ता की सब माया ।।*
*होगा कितना कारगर ?*
*पकड़ा जो हथियार ।।*
*लगता विध्न आनी हैं ।*
*अड़चनें हज़ार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*युद्ध के बाद बड़ा पश्चाताप ही परिणति होती है, अक्सर होता है ऐसा देश या इंसान दुख और पश्चाताप में डूब जाता है हमेशा के लिए। सम्राट अशोक भी कलिंग युद्ध के बाद पश्चाताप में ही बुद्ध की शरण में गया था, युद्ध, हिंसा, किसी समस्या का हल नहीं। फिर क्यों लोग करते हैं इतना ज्यादा हिंसा पर भरोसा। युद्ध में जीत जीत नहीं होती। बलपूर्वक हिंसा से किसी से जीतना वीरता नहीं होती, क्रूरता की परिणति ही है मुस्कान और शांती मानवीय सभ्यता, शिक्षा और संस्कृति, संस्कारों का प्रतिफल है, परायों का हिस्सा, जीवन हरण है, तो अहिंसक, अशिक्षित मानव प्रेम, शांति और सौहाद्र का संदेशवाहक सौगुना भला होता है, इतने विकासवान होकर, चंद्रमा की सतह को छूकर, नवीन जिंदगी की खोज में गया मानव।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*जो होता है अच्छे के लिए होता है, कभी कभी विपरीत परिस्थितियां हमारी वर्तमान स्थिति को अच्छा करने के लिए आती हैं।*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वजन कम करने के लिए डाइट में शामिल करें तिल का तेल, तेजी से घटेगा मोटापा

**अनियंत्रित** खानपान और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। वजन बढ़ने की वजह से शरीर कई गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है। इसकी वजह से डायबिटीज, हाइपरटेंशन और थायराइड जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। मोटापे से छुटकारा पाने या वजन कम करने के लिए लोग तमाम तरह की डाइट प्लान और एक्सरसाइज आदि का सहारा लेते हैं। इंटरनेट के इस समय में आपको तमाम तरह के डाइट प्लान मिल जाएंगे, जिनको लेकर यह दावा किया जाता है कि वजन कम करने के लिए उन्हें अपनाना फायदेमंद होता है। यही नहीं मार्केट में वेट लॉस के लिए तमाम तरह के सप्लीमेंट भी बिकते हैं। लेकिन इन सबको आंख मूंदकर अपनाना सेहत के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है।

**तिल के तेल का करें सेवनः** तिल का तेल अनेकों पोषक तत्वों से युक्त और शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर, प्रोटीन, विटामिन ई, ओमेगा 3 फैटी एसिड और एंटी-ऑक्सीडेंट की पर्याप्त मात्रा पायी जाती है। नियमित रूप से इस तेल का सेवन करने से शरीर में फैट बर्निंग प्रोसेस को तेज करने में मदद मिलती है। तिल के तेल में लिग्नान पाया जाता है, जो चर्बी



कम करने और मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने में फायदेमंद होता है। वजन कम करने के लिए तिल के तेल को आप खाना बनाने से लेकर सलाद में भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**वजन कम करने के लिए सरसों का तेलः** सरसों के तेल का इस्तेमाल लगभग हर भारतीय रसोई में किया जाता है। इसमें संतृप्त वसा की मात्रा बहुत कम होती है और इसका सेवन शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। सरसों के तेल में मौजूद गुण शरीर में एक्स्ट्रा फैट जमा होने से रोकने में मदद करते हैं और फैट बर्निंग तेज करने में भी फायदेमंद माने जाते हैं।


**जैतून का तेलः** जैतून के तेल का इस्तेमाल सिर्फ खाने में ही नहीं बल्कि कई गंभीर समस्याओं में भी किया जाता है। इसमें मौजूद गुण शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट को कम करने में मदद करते हैं। जैतून के तेल में बना खाना खाने से आपको बार-बार भूख नहीं लगती है और वजन कम करने में बहुत फायदा मिलता है।

**वजन कम करने के लिए नारियल तेलः** नारियल तेल में मौजूद गुण और पोषक तत्व पेट की चर्बी कम करने में मदद करते हैं। नारियल तेल में लॉरिक एसिड, कैपरिक एसिड समेत कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट को कम करने और शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने में मदद करते हैं। नारियल तेल का इस्तेमाल आप खाना बनाने में आसानी से कर सकते हैं।

**नट्स और सीड्स ऑयलः** वजन कम करने के लिए डाइट में नट्स और सीड्स ऑयली जैसे बादाम, हेजलनट और सूरजमुखी आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन तेलों में हेल्दी फैट पाया जाता है और इसमें मौजूद गुण शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा फैट को बर्न करने में मदद करते हैं। वजन कम करने के लिए डाइट में जरूरी बदलाव के साथ लाइफस्टाइल में भी बदलाव करने चाहिए। इसके लिए शराब का सेवन और स्मोकिंग जैसी आदतों से बचना चाहिए। यही नहीं नियमित रूप से 30 से 40 मिनट एक्सरसाइज करने से भी वजन कम करने में मदद मिलती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# देश में जाति आधारित गणना के पक्ष में नहीं है भाजपा?



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**दरअसल 1990 के दशक की शुरुआत में वीपी सिंह सरकार द्वारा मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू किया गया था जिसके तहत केंद्र सरकार की नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था।**

**यहां तक कि जब 2004 और 2009 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए ने सरकार बनाई, तब भी क्षेत्रीय दलों को कुल मिलाकर 39.3 प्रतिशत वोट मिले। क्षेत्रीय दलों को 2004 के लोकसभा चुनावों में 39.3 प्रतिशत और 2009 के लोकसभा चुनावों में 37.3 प्रतिशत वोट मिले थे। यहां तक कि जब भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान 31 प्रतिशत वोटों के साथ बहुमत हासिल किया, तब भी क्षेत्रीय दलों ने कुल मिलाकर 39 प्रतिशत वोट हासिल किए थे।**

**देश** में जाति आधारित जनगणना का मुद्दा जोर पकड़ चुका है। विपक्षी गठबंधन इंडी के नेता अपनी रैलियों, सभाओं, संवाददाता सम्मेलनों और सोशल मीडिया पोस्टों के जरिये केंद्र सरकार पर दबाव बना रहे हैं कि वह राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत गणना करवाये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर कह चुके हैं कि देश में सबसे बड़ी जाति गरीब है और सबसे बड़ी आबादी भी गरीब की ही है तथा उनकी सरकार अपनी हर नीति के केंद्र में इस वर्ग को रखती है ताकि वह ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हो सकें। जहां तक जातिगत गणना के मुद्दे पर मोदी सरकार के आधिकारिक रुख की बात है तो वह अदालत में तभी स्पष्ट हो गया था जब सितंबर 2021 में केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय के एक प्रश्न के जवाब में कहा था कि जनगणना करते समय अन्य पिछड़ी जातियों की गणना नहीं की जाएगी। दरअसल उस समय तत्कालीन महाराष्ट्र सरकार ने याचिका दायर कर अदालत से आग्रह किया था कि वह केंद्र सरकार को निर्देश दे कि वह जनगणना में पिछड़ी जातियों की भी गणना करे। महाराष्ट्र की तत्कालीन शिवसेना और कांग्रेस की गठबंधन सरकार का तर्क था कि 2011 की जनगणना में तत्कालीन सरकार ने एक आयाम जोड़ा था, जिसके अंतर्गत जातियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर आंकड़े इकट्ठे किए गए थे। सरकार ने वे आंकड़े उस वक्त जाहिर नहीं किए थे लेकिन उन्हें अब जारी किया जाना चाहिए। तत्कालीन महाराष्ट्र सरकार के उस तर्क का विरोध करते हुए मोदी सरकार ने अदालत से कहा था कि उस समय इकट्ठे किए गए आंकड़े इतने अजीबो-गरीब थे कि उन्हें जाहिर करना उचित नहीं होगा। जहां तक भाजपा के इस पर आधिकारिक रुख की बात है तो वह बहुत संभल कर चल रही है लेकिन विपक्ष का कहना है कि उसके दबाव के चलते एक दिन आयेगा जब भाजपा जाति आधारित जनगणना का समर्थन करेगी। वैसे यहां सवाल उठता है कि भाजपा आखिर क्यों नहीं चाहती कि जाति के आधार पर जनगणना हो? जबकि देखा जाये तो अन्य कारणों के अलावा, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा की प्रचंड जीत अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) के मतदाताओं के बीच बनाई गई महत्वपूर्ण पैठ के कारण ही संभव हुई थी। हालांकि ऐसा नहीं है कि भाजपा को अन्य जातियों या समुदायों से समर्थन नहीं मिला था। भाजपा अपने पारंपरिक समर्थकों, उच्च जातियों और उच्च वर्गों पर अपनी पकड़ मजबूत करने के अलावा बड़ी संख्या में दलितों और आदिवासियों के मतों को जुटाने में भी कामयाब रही थी। इसलिए यह सवाल उठता है कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार जाति-आधारित जनगणना कराने के बारे में अनिच्छुक क्यों लगती है? जरा हालिया राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो बहुत कुछ समझ आ जायेगा। दरअसल 1990 के दशक की शुरुआत में वीपी सिंह सरकार द्वारा मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू किया गया था जिसके तहत केंद्र सरकार की नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। इस फैसले ने भारत में चुनावी राजनीति की प्रकृति को बदल कर रख दिया था, खासकर उत्तर भारत के राज्यों में इसका बड़ा असर हुआ था। मंडल के बाद की राजनीति के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ और वह मजबूत होकर राज्यों में अपनी जड़ें जमाने में सफल रहे। उत्तर प्रदेश और बिहार इसके मजबूत उदाहरण हैं। हम आपको बता दें कि 90 के दशक की शुरुआत में भाजपा को अपनी हिंदुत्ववादी राजनीति के चलते 'कमंडल राजनीति' के नाम से जाना जाता था। उस समय कमंडल को मंडल राजनीति का मुकाबला करने के लिए बहुत कठिन संघर्ष करना पड़ा था। भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी तथा तमाम नेताओं के नेतृत्व में कड़ी मेहनत की और दो सांसदों वाली यह पार्टी केंद्र की सत्ता तक पहुँचने में तभी सफल रही जब उसे पिछड़ों और अति पिछड़ों का भरपूर समर्थन मिला। 1998 और 1999 के लोकसभा चुनाव परिणाम इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। उस समय भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का गठन कर केंद्र में गठबंधन सरकार बनाई और अपने हिंदुत्ववादी एजेंडे को किनारे रखकर एनडीए के साझा एजेंडे को आगे बढ़ाया। 1998 और 1999 के लोकसभा चुनाव परिणामों का विश्लेषण करें तो ज्ञात होता है कि उस समय भले भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी थी लेकिन दोनों चुनावों में सर्वाधिक लाभ में क्षेत्रीय दल ही रहे थे। क्षेत्रीय दलों को 1998 में 35.5 प्रतिशत और 1999 में 33.9 प्रतिशत वोट मिले थे।

# बैंक ग्राहक साईबर क्राइम की ठगी के हो रहे शिकार, जिम्मेदार कौन ?

**✻ जिले के आधा दर्जन से अधिक बैंको से ग्राहकों के लाखों रूपये हुए गायब, प्रशासन बेखबर**

जन एक्सप्रेस। विजय प्रताप सिंह



**खरेला/महोबा।** भारतीय स्टेट बैंक, इण्डियन बैंक एवं बैंक आफ बड़ौदा से लोगों की रकम धड़ाधड़ निकलने से ग्राहकों में हड़कम्प मच गया है और लोग बैंकों मे जमा रूपया निकालने के लिए कतारो मे खड़े दिखाई दे रहे हैं।

वहीं मामला संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खरेला पुलिस ने अज्ञात साईबर क्रिमनल्स के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए जांच प्रारम्भ कर दी है। ग्राहक न तो बैंक गया और न ही किसी जनसेवा केन्द्र गया और एईपीएस (अंगूठे) के जरिए उसके खातें से धड़ाधड़ रूपया गायब होने से ग्राहकों मे हड़कम्प मचा हुआ है। फर्जीवाड़ा किसी एक बैंक से नहीं बल्कि सभी प्रतिष्ठित बैंकों के जरिए हो रहा है जिसमें भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, इण्डियन बैंक सभी शामिल है जिनके खातों से ग्राहको के लाखों रूपया निकल गए हैं। कस्बा निवासी रामगोपाल प्रजापति अभी हाल में ही विनियमित क्षेत्र में रिटायर्ड हुए हैं और देयकों का पैसा जैसे ही उनके खाते में आया और जालसाजों का हमला शुरू हो गया है जिनके स्टेट बैंक के खाता से 22 सितम्बर से 3 अक्टूबर के बीच 10-10 हजार रूपया करके 60 हजार रूपया नदारत हो गये।

ग्राहक बैंक गया तो बैंक ने हाथ खड़े कर दिए और शाखा से टरका दिया। कस्बा के प्रमुख नक्शानवीश कय्यूब बाबू के भारतीय स्टेट बैंक से 80 हजार रूपया तीन बार में गायब हो गए। राकेश सिंह के 30 हजार रूपया बैंक आफ बड़ौदा से गायब हो गए। कस्बा खरेला निवासी अजय खरे के इण्डियन बैंक से 40 हजार रूपया और बैंक आफ बड़ौदा खरेला से 30 हजार रूपया, भूपेन्द्र सिंह के एसबीआई चरखारी से 20 हजार रूपया, प्रद्युम्न सिंह का इण्डियन बैंक खरेला से 20 हजार रूपया गायब हो गया और जैसे ही बैंक से रूपया निकलने की सूचना मिली ग्राहक बैंकों में पहुंचा जहां शाखाओं से कोई सहयोग मिलने के बजाए उन्हें दुत्कार के भगा दिया गया या पुलिस व साईबर क्राइम में कम्पलेन करने की सलाह दी गयी लेकिन बैंकों द्वारा कोई पुख्ता प्रबन्ध न किए जाने से रूपयों के निकलने का सिलसिला जारी है और ग्राहक हलाकान हैं। हालांकि अब खरेला निवासी ग्राहक ने कठोर एक्शन लेते हुए बैंकों में चल रही धोखाखड़ी पर कार्यवाही शुरू कराई गयी है जिसमें पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता का उन्हें भरपूर सहयोग मिला है तथा धोखाधड़ी के मामले में अपर्णा गुप्ता ने पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिए जाने के बाद पुलिस हरकत में आयी है और खरेला थानाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला ने अजय खरे की तहरीर पर आईपीसी की धारा 419, 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

बैंको से रूपया निकलने का घटनाक्रम केवल आम ग्राहकों तक ही सीमित नहीं है बल्कि पुलिस का एक बड़ा अधिकारी भी जालसाजों की चपेट में आ गया है हालांकि अधिकारी ने अपने रूपया गायब होने की पुष्टि नहीं की जा रही है। बैकों से रूपयों के निकलने पर सीओ चरखारी उमेश चन्द्र, थानाध्यक्ष खरेला श्रीमती शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक चरखारी गणेश प्रसाद गुप्ता ने खरेला बैंक पहुंचकर जांच प्रारम्भ की है जिससे बैंकों में भी हड़कम्प देखा जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने प्रचार प्रसार वाहन को दिखाई हरी झण्डी




जन एक्सप्रेस। महोबा

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, उप कृषि निदेशक, महोबा डॉ0 अभय कुमार सिंह यादव एवं अन्य अधिकारीगण ने प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ काप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिन ग्रामों में धान की खेती होती है एवं फसल अवशेष जलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं उन ग्रामों में यह प्रचार वाहन, प्रचार-प्रसार कर किसानों को पराली, फसल अवशेष तथा उसके प्रबन्धन के संबंध में जागरूक करेगा।

# महिला सशक्तिकरण टीम ने चौपाल लगाकर महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। महोबा



महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराए जाने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आज महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा सम्बन्धित बीट क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से चैपाल लगाकर शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे-शक्ति मोबाइल, महिला हेल्प डेस्क, महिला साइबर सेल, मातृत्व को सम्बल, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मातृ वंदना योजना आदि के साथ-साथ महिला अपराध से सम्बन्धित धाराओ एवं उनकी प्रक्रिया, विभिन्न हेल्पलाइन नं. (112,1090,181,108,1076, 1098) इत्यादि की जानकारी से जागरुक किया जा रहा है साथ ही साथ क्षेत्र की सम्भ्रान्त महिलाओं, आशा बहुओं, ए0एन0एम0, शिक्षामित्र, आंगनवाणी कार्यकत्री का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर उनसे निरंतर संवाद बनाये रखते हुये क्षेत्र की पीड़ित महिलाओं, बालिकाओं की समस्याओं का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

# विदेश में इंजीनियर सहित परिवार के चार लोगों की संदिग्ध मौत

जन एक्सप्रेस। उरई



विदेश में रह रहे पिता पुत्र व पुत्री समेत चार लोगों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। एक ही परिवार के चार लोगों की हुई मौत के मामले से वहां हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

कानपुर आईआईटी से बीटेक करने वाले तेज प्रताप सिंह 45 वर्ष निवासी मोहल्ला नया राजेंद्र नगर बम्बी रोड उरई सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे और वर्ष 2009 से वो यूएस के न्यू जर्सी सिटी प्लेंसबोरो में अपनी पत्नी सोनल 40 वर्ष, बेटे आयुष 10 वर्ष और बेटी ऐमी 7 वर्ष के साथ रह रहे थे। जहां बुधवार रात को अपने आवास पर चारों लोग संदेह जनक परिस्थितियों में मृत पाए गए। वहां की पुलिस और डिटेक्टिव एजेंसी ने पूरे घर को सीजकर जांच में जुट गई है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर के परिवार के साथ हुई घटना की खबर मृतक तेज प्रताप सिंह के यूएस के न्यू जर्सी में रह रहे साले ने देखी, तब उसने यहां उरई में रह रहे परिवार को खबर दी।सॉफ्टवेयर इंजीनियर व उसके परिवार के साथ हुई घटना की सूचना उरई आते ही पूरा परिवार व इलाके के लोग गमगीन हो गए।

# काम पर निकला वृद्ध राजमिस्त्री हुआ लापता

जन एक्सप्रेस। कुठौंद

मजदूरी पर निकाला वृद्ध राज मिस्त्री अचानक लापता हो गया। खोजबीन के दौरान यमुना पुल पर मिले सदरी व जूतो से परिजनों ने पहचान कर उसकी यमुना में कूदने की आशंका जताई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरो की मदद से यमुना में उसकी खोज भी शुरू करवा दी। फिलहाल देर शाम तक यमुना खंगालने में लगे रहे गोताखोर उसका कोई पता नहीं चल सका। कस्बा कुठौंद निवासी मान सिंह 62 वर्ष राज मिस्त्री का काम करता था। जो रोज की तरह बुधवार की सुबह काम के लिए घर से औरैया के लिए निकले थे। देर शाम तक जब वह वापस घर नहीं पहुंचे तो उनके परिजन को चिन्ता हुई और उन्होंने उनकी तलाश शुरू कर दी। बताया गया कि औरैया की तरफ खोजने निकलने परिजनों को यमुना पुल पर वृद्ध की सदरी और जूते रखे मिले।जिससे उनमें हड़कंप मच गया।

मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर गोताखोरों की मदद से वृद्ध की पानी में तलाश शुरू कर दी। इस दौरान वृद्ध के पुत्र अजय बाबू व लालू प्रसाद ने बताया कि उनके पिता मानसिंह काम के सिलसिले में औरैया आते जाते रहते थे। मामले में शंकरपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि जानकारी मिलते ही देर रात पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। लेकिन मामला पड़ोसी जनपद की औरैया कोतवाली होने की वजह से वहां की पुलिस के द्वारा वृद्ध की तलाश कराई जा रही है।

# डीएम ने अस्थाई गौशाला डकोर का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अस्थायी गौशाला डकोर का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान गौवंशों के लिये हरे चारे की व्यवस्था न होने पर खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत सचिव को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि गौवंशों के लिये प्रतिदिन हरा चारा व पानी, छाया की पर्याप्त व्यवस्था रहे। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही करने पर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

उन्होने पंचायत सचिव को निर्देशित करते हुये कहा कि अस्थायी गौशाला के संचालन में किसी भी प्रकार की अनियमित्ता न होने पाये, गौवंशों को सुबह-शाम भूसा, हरा चारा आदि खिलाया जाये। उन्होने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्थायी गौशाला परिसर के चारों तरफ छायादार पौधे लगाये जाये।साथ ही पौधो की समुचित देखभाल भी की जाये। गौशाला परिसर में बर्मी कम्पोजिट खाद बनाने के लिये गड्डे तो बनाये गये, लेकिन उक्त गड्डों में गोबर नही डाला जाता है। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि बर्मी कम्पोजिट खाद बनाने के लिये उक्त गड्डों में गोबर डाला जाये। बर्मी कम्पोजिट खाद को उपयुक्त स्थान पर उपयोग किया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि अस्थायी गौशाला में रह रहे गौवंशों के लिये उपयुक्त जमीन पर नेपियर घास उगाना सुनिश्चित करे। जिससे गौवंशों को हरे चारे की कमी न रहे। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी डकोर बृजकिशोर कुशवाहा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अशोक कुमार सचान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** थाना क्षेत्र के ग्राम जुगियापुर में देर रात सोते समय युवक को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम जुगियापुर निवासी मोहित परिहार 22 वर्ष बुधवार की रात अपने पड़ोसी के मकान की छत पर सो रहा था। तभी देर रात अचानक उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर युवक जोरों पर चीखने चिल्लाने लगा।जिसकी चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने उसे अचेत अवस्था में देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। इस दौरान परिजन मौजूद लोगों की मदद से उसे अस्पताल ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। मृतक के बड़े भाई पवन ने बताया कि पिता दीवान सिंह की भी कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। मोहित की मौत से मां मालती और बाकी परिवारवालों का बुरा हाल है।

## बन्च केबिल डालते समय गिरा पोल, लाइनमैन घायल

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** गोहन थाना क्षेत्र के कुन्डऊ में बिजली की बन्च लाइन डालने के दौरान बिजली पोल अचानक टूट गया। पोल पर चढ़ा लाईनमैन गिरकर घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल लाइनमेन को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गोहन थाना क्षेत्र के कुंडऊ में बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली की बन्च केबिल डालने का कार्य चल रहा है। तभी इटौरा निवासी लाइनमेन गीतेश कुमार 25 पोल पर चढ़ कर केविल डाल रहा था। तभी अचानक लाइन डालने के दौरान बिजली का पोल टूट गया। जिससे लाईनमैन बुरी तरह से घायल हो गया। घटना के दौरान मचा शोरगुल सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने गंभीर घायल लाइनमैन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## मारपीट व रंगदारी की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सिरसा कलार थाना के ग्राम पाल सरेनी निवासी बाबू सिंह पुत्र जय सिंह ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि कृष्ण मुरारी पुत्र भगवान दीन निवासी पाल सरेनी समेत चार लोगों ने मिलकर उसके घर में घुसकर मारपीट की और गाली गलौज की। धमका कर डेढ़ लाख रुपए की रंगदारी भी मांगी। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## मारपीट के दो मामले दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** पुलिस ने मारपीट के दो मामले दर्ज कर लिए हैं। पहला मामला रेढर थाना क्षेत्र के ग्राम इटौरा निवासी शहनाज पत्नी ईद उल हुसैन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही बीपी सिंह पुत्र विजय नारायण समेत दो लोगों ने मिलकर उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। वही दूसरा मामला आटा थाना क्षेत्र के ग्राम भभुआ निवासी उदय भान पुत्र मैया दिन ने थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि राहुल पुत्र मुकुट सिंह निवासी ग्राम भभुआ थाना आटा समेत तीन लोगों ने मिलकर उसकी उसकी पत्नी हेमलता के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने दोनों मामलों के आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# शासकीय अधिवक्ता क्रिमिनल लखन लाल को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। उरई



सरदार सम्मान समारोह में सामाजिक योगदान देने में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला शासकीय अधिवक्ता (क्रिमिनल) लखन लाल निरंजन को स्वत्रंत देव द्वारा राजधानी लख़नऊ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसके बाद जनपद आगमन पर जजी अधिवक्ता अंशुमान दीक्षित एडवोकेट क्रिमिनिल ने जोरदार तरीके से माल्यार्पण कर स्वागत किया।

जिला बार संघ कनिष्ठ सदस्य अधिवक्ता अंशुमान दीक्षित एडवोकेट ने कहा कि यह पुरस्कार न सिर्फ लखनलाल एडवोकेट के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है, बल्कि पूरे जनपद जालौन के लिए सम्मान के साथ-साथ अधिवक्तओं के लिए गर्ब का विषय है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से उन्होंने अपना जीवन विधि के क्षेत्र में दिया है वह अतुलनीय एवम अनुकरणीय है। उनके कार्यकाल में सबसे ज्यादा मुकदमे में सुनवाई होकर सजा दिलाई जा रही है। उनका जीवन अनुकरणीय है और विधि के व्यवसाय को सिर्फ पैसे के लिए जीवकोपार्जन न मानकर सामाजिक एवं निर्धन लोगो तक न्याय कैसे पहुचे इसके लिए भी शासकीय अधिवक्ता लखन लाल का प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर अधिवक्ता श्याम नारायण शर्मा, औसाफ़ सिद्दकी, गया प्रसाद गुड्डन, निखिल मिश्रा, निखत, मंगलेश तिवारी, निकिता, अमन मिश्रा, शिवाशीष आदि लोग उपस्थित रहे।

# कोर्ट के आदेश पर भाई समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। उरई

जमीन के मामले को लेकर भाई ने भाई के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बहन को जमीन में हिस्सा न मिलने के चलते बहन की फांसी लगाकर हत्या कर दी। इस पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सिरसा कलार थाना के ग्राम दमरास निवासी राम भरत पाल पुत्र सोवरन पाल ने बीते 29 जून 2020 को थाने में तहरीर दी थी कि उसकी बहन को फांसी लगाकर उसके भाई समेत तीन लोगों ने मिलकर मार डाला, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तब कोर्ट के आदेश पर बृजेश कुमार पुत्र सोवरन पाल निवासी ग्राम दमरास थाना सिरसा कलार समेत दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उसके भाई ने बताया कि उसकी बहन रामादेवी जिसकी उम्र 22 वर्ष थी। उसका विवाह बीती 29 जून 2020 को कल्याण सिंह से हुआ था। इसके बाद आपस में ताल मिलाना होने के बाद उसकी बहन मायके दमरास में रहने लगी तथा पिता द्वारा अपने हिस्से का एक-तिहाई भाग पुत्री को देने के लिए पिता ने कह दिया था, लेकिन उसके भाई को यह बात न गवार गुजरी जिसके चलते उसने और दो लोगों ने मिलकर उसकी बहन रामादेवी को फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी। इस पर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हत्या के मामले की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# ब्लॉक प्रमुख के अध्यक्षता में आयोजित हुई क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक

जन एक्सप्रेस। महराजगंज तराई/बलरामपुर



तुलसीपुर विकासखंड के कौवापुर सभागार में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठक करके गांव के विकास से संबंधित जानकारी ली। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने क्षेत्र पंचायत से होने वाले विकास कार्यों के बारे में सुझाव भी दिया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनके क्षेत्र की समस्याओं को अपनी समस्या समझते हैं। सभी समस्याओं का निस्तारण भी किया जाएगा। गुरुवार को ब्लॉक कौवापुर सभागार में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने अपने ऐप से 132 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ औपचारिक बैठक करके क्षेत्र पंचायत से होने वाले विकास कार्यों के बारे में सुझाव लिया। सभी को अवगत कराया की सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य मेरे प्रमुख अंग हैं। ग्राम पंचायत में भी क्षेत्र पंचायत सदस्यों का भी अहम योगदान होता है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव नहीं किया जाएगा। सरकार की नीतियों पर चलकर उनके द्वारा भेजे गए बजट से विकास कार्य कराया जा रहा है। आगामी क्षेत्र पंचायत सदस्य की बैठक में तमाम विकास कार्यों का खाका तैयार किया जाएगा। सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने ग्राम पंचायत के क्षेत्र पंचायत के बजट से होने वाले विकास कार्यों के बारे में अवगत कराये। सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। सभी के सहयोग से ब्लॉक क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। ब्लॉक के तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। इस मौके पर राजू सिंह पिंकू सिंह अब्दुल्ला मास्टर, बकर बडकऊ शशिभूषण सिंह अनीता सुरेंद्र बहादुर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खड़ी गाड़ी से खोई हुई मोबाइल को जल पुलिस ने किया बरामद

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** भगवान श्रीराम की नगरी में स्नान घाट पर जल पुलिस चौकी के ठीक सामने खड़ी गाड़ी से मोबाइल गायब होने की घटना सामने आई जो की एक श्रद्धालु का मोबाइल विवो वि 75 गायब हो जाने पर जिसकी सूचना जल पुलिस को दिया गया जिन्होंने उस श्रद्धालु के साथ मिलकर विवो वि 75 मोबाइल की खोज जारी किया खोज जारी करने के लगभग ढाई तीन घंटे के बाद बड़ी मशक्कत के साथ पता चला कि मोबाईल क्वीन हो पार्क में पड़ा हुआ है जिसको तुरंत जाकर मोबाइल को प्राप्त कर लिया गया और उस श्रद्धालु को मोबाइल उसके सुपुर्द किया गया और मोबाइल को पाकर श्रद्धालु ने और उसके परिवार के सभी लोगों ने जल पुलिस के प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य, कांस्टेबल नित्यानंद यादव व पुलिस मित्र के विजय कुमार की कार्य को देख कर भूरी भूरी प्रशंसा की।

# राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में ड्रिल के विषय में दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में स्थापित 51वीं यू पी बटालियन एन सी सी बलरामपुर के तत्वावधान में बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय घुगौली सिरसिया श्रावस्ती में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 165 के पांचवें दिन गुरुवार को केडेटों को ड्रिल के बारे में जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार 4 अक्टूबर को एनसीसी यूपी 51वीं बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल ने केडेटों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ड्रिल ही अनुशासन की बुनियाद है, यानि ड्रिल ही एक जवान के अंदर अनुशाशन की भावना पैदा करती है। इसलिए ड्रिल हर एक यूनिफार्म फोर्स के ट्रेनिंग का एक अहम् हिस्सा होता है क्योंकि आर्म्ड फोर्स के जवान ज्यादातर हथियार के साथ ड्यूटी करते हैं जहां कि ड्रिल और डिसिप्लिन दोनों की बहुत जरुरत पड़ती है। ड्रिल जवानों के मन और शरीर के बीच सामंजस्य पैदा करता है, जिससे दूसरे विषय की ट्रेनिंग ग्रहण करने के समय काफी सहायता मिलती है। ड्रिल से जवान को अपने संस्था के प्रति आत्मसम्मान तथा अपनत्व की भावना पैदा होता है। इसके पहले प्रातःकालीन समय मे नियमित योग से शिविर का प्रारंभ हुआ। इसके बाद केडेटों के लिए शैक्षणिक कक्षाओं में फील्डक्राफ्ट व बैटलक्राफ्ट, कम्युनिकेशन व मैप रीडिंग आदि संचालित की गई। इस अवसर पर सूबेदार मेजर राम निवास, आनरी लेफ्टिनेंट गुरनैल सिंह, हवलदार मनोज सहित कई एन सी सी अधिकारी व पी आई स्टाफ मौजूद रहे।

# श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य लगभग 90% पूरा

**✱ डे और नाइट दोनों लैंडिंग की सुविधा और 45 मीटर चौड़ा रनवे तैयार, टर्मिनल बिल्डिंग में 500 यात्रियों के रुकने की होगी सुविधा**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



सीएम योगी का लक्ष्य जल्द ही पूर्ण होने वाला है क्योंकि श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य लगभग 90: पूरा हो गया है। एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग का काम बाकी है। निर्माण कार्य को तीन फेस में किया जा रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले भक्त हवाई यात्रा के माध्यम से श्रीराम एयरपोर्ट में उतरेंगे। जिसके बाद रामलला का दर्शन करेंगे।श्रीराम एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग राम मंदिर की तर्ज बनाया जा रहा है। टर्मिनल बिल्डिंग में 500 यात्रियों के रुकने की सुविधा होगी। एयरपोर्ट में 22 50 मीटर की रनवे बनकर तैयार है। यह एयरपोर्ट कई सारी अत्यधिक खूबियों से लैस होगा। इस एयरपोर्ट को डे और नाइट लैंडिंग के लिए तैयार किया जा रहा है। एयरपोर्ट का निर्माण तीन फेस में किया जा रहा है। पहले फेस में श्री राम एयरपोर्ट के रूप में जाना जाएगा। जिसमें घरेलू उड़ान की सुविधा होगी। पूरे देश के एयरपोर्ट से अयोध्या की कनेक्टिविटी होगी। यहां पर 500 यात्रियों के एक बार में आने और जाने की सुविधा होगी। टर्मिनल 1 की बिल्डिंग में 250 यात्री आ-जा सकते है। इस तरीके की 500 यात्रियों की सुविधा होगी। श्री राम एयरपोर्ट में आठ एयरक्राफ्ट खड़ा होने की व्यवस्था की गई है। इस तरीके के एप्रेन बनाए गए हैं। इस एयरपोर्ट में भगवान श्री राम के मंदिर के मॉडल पर आधारित टर्मिनल वन की बिल्डिंग होगी। 6600 स्क्वायर मीटर में फेस वन की बिल्डिंग का निर्माण किया गया है। संयुक्त महाप्रबंधक परियोजना राजीव कुलश्रेष्ठ के अनुसार फेस वन के बाद फेस टू की बिल्डिंग के लिए निर्माण कार्य शुरू होगा। यह बिल्डिंग 50 हजार स्क्वायर मीटर की होगी । जिसमें अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरी जाएगी। इसके लिए रनवे 3750 मी के करीब का होगा। सबसे पहले घरेलू उड़ानों को शुरू किया जाएगा। उसके बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एयरपोर्ट का विस्तार कर निर्माण किया जाएगा। एयरपोर्ट के संयुक्त महाप्रबंधक राजीव कुलश्रेष्ठ के अनुसार घरेलू उड़ान के लिए बने श्री राम एयरपोर्ट में 2250 मीटर का रनवे बनकर तैयार है। जब यह एयरपोर्ट मिला था तो 1500 मी का रनवे मिला था। अब यहां पर डे और नाइट दोनों लैंडिंग की सुविधा उपलब्ध की जा रही है। इसके लिए 45 मीटर चौड़ा रनवे बनाया गया है। आने वाले समय में एयर कनेक्टिविटी और यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए इसको अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जाएगा।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति की हुई बैठक



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मण्डलायुक्त अध्यक्ष गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति की बैठक मण्डलायुक्त कार्यालय में आयोजित की गयी। जिसमें पूर्व की बैठक के अनुपालन आख्या की बिन्दुवार समीक्षा की गयी तथा अयोध्या स्थित भजन संध्या स्थल,राम कथा संकुल में ऑडीटोरियम मुक्ताकाशी प्रेक्षागृह के व्यवसायिक संचालन हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से चयनित फर्मो के साथ एमओयू के निष्पादन हेतु प्रारूप पर चर्चा की गयी।

समिति द्वारा अयोध्या में दीपोत्सव के आयोजन में राम की पैड़ी एवं अन्य प्रमुख मंदिरों पर विभिन्न अवसरों पर प्रज्जवलित दीपों को संकलित कर ई-दीपोत्सव प्रसाद मोबाइल एप्लीकेशन का निर्माण कर विक्रय करने की सेवाओं के सम्बंध में भी चर्चा की गयी। अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित म्युजिकल एलबम बनाये जाने के सम्बंध में विचार किया गया। मण्डलायुक्त ने म्यूजिक एलबम निर्माण में जिलाधिकारी संतकबीरनगर महेंद्र सिंह तंवर एवं प्रसिद्व साहित्यकार, लेखक यतीन्द्र मोहन मिश्र एवम अन्य प्रमुख साहित्यकारो से भी सहयोग लिये जाने के लिए कहा। बैठक में उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण नगर आयुक्त विशाल सिंह, मुख्य कोषाधिकारी श्रीमती ममता सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी सितांशु पांडेय, उपनिदेशक पर्यटन राजेन्द्र प्रसाद यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नाराज अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने दिया धरना

जन एक्सप्रेस। बीकापुर- अयोध्या



ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी बीकापुर विशाल कुमार की कार्यप्रणाली से गुरुवार को तहसील के अधिवक्ताओं में नाराजगी फैल गई। नाराज अधिवक्ताओं द्वारा गुरुवार दोपहर उप जिलाधिकारी न्यायालय के सामने धरने पर बैठकर प्रदर्शन किया जाने लगा और अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाए जाने लगा। बताया गया कि गुरुवार सुबह रजिस्ट्री कार्यालय के 55 वर्षीय दस्तावेज लेखक प्रेमचंद राय के निधन हो जाने के चलते बार एसोसिएशन बीकापुर के अधिवक्ताओं ने शोक सभा का आयोजन कर एक दिन शोक मनाने का निर्णय लेते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आबाद अहमद खां ने बताया कि शोक सभा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिए जाने के बाद बीकापुर तहसील के सभी अदालतों को शोक प्रस्ताव भेजकर यह अवगत कराया गया कि गुरुवार को बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता शोक मनाते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। तथा सभी अदालतों से सामान्य तिथि निर्गत किए जाने की अपील की गई। जिसके बाद बीकापुर तहसील के उपजिलाधिकारी न्यायालय को छोड़कर शेष सभी अदालतों द्वारा गुरुवार के मुकदमो में सामान्य तिथियां निर्गत कर दी गई। जिसकी जानकारी मिलने पर बार अध्यक्ष आबाद अहमद खा ने उपजिलाधिकारी को स्थिति से अवगत कराते हुए वादों में सामान्य तिथि लगवाए जाने का आग्रह किया। लेकिन उपजिलाधिकारी द्वारा न्यायालय पर बैठकर वादों की सुनवाई प्रारंभ कर दी गई। जिसे लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया। तहसील के अधिवक्ता बार अध्यक्ष आबाद अहमद खान की अध्यक्षता में उप जिलाधिकारी न्यायालय के सामने ही धरने पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन तथा नारेबाजी के बाद उपजिलाधिकारी विशाल कुमार अपने न्यायालय से उठकर सरकारी वाहन से जिला मुख्यालय की तरफ चले गए। धरना प्रदर्शन के बाद बार अध्यक्ष आबाद अहमद खा ने बताया कि उपजिलाधिकारी का कार्य व्यवहार गलत है। उनकी कार्यप्रणाली को देखते हुए शुक्रवार को सभी अदालतो पर कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। धरना प्रदर्शन में मंत्री ब्रह्मानंद मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम नारायण पांडे, पूर्व अध्यक्ष राम तेज वर्मा, सदानंद पाठक, अरुण कुमार मिश्रा, पुष्पेंद्र मिश्रा, बृजेश तिवारी उमेश पांडे, राम जगत तिवारी, आलोक सिंह ,मोइनुद्दीन, बैजनाथ तिवारी , बृजेश यादव, अरविंद पांडेय, अंबिका मिश्रा, सुशील पांडेय , संजय पांडेय, अखिल यादव कालिंदी पाल सहित तहसील के तमाम अधिवक्ता शामिल रहे। उप जिलाधिकारी विशाल कुमार द्वारा अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने का कारण अपर्याप्त बताया गया। और कहा गया कि अधिवक्ताओं को उनके साथ बैठकर वार्ता किया जाना चाहिए था।

# नाबालिग ई रिक्शा चालकों पर पुलिस ने शुरू की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। बलहा, बहराइच



नानपारा तहसील मुख्यालय पर पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर राहुल पांडे के निर्देश पर नाबालिग ई रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान चलाया गया। विभिन्न चौराहे, तिराहे तथा गली कूचों में नानपारा पुलिस और यातायात पुलिस के जवान मुस्तैद हो गए और जांच शुरू कर दी। 3 दिन चले अभियान में करीब 40 से अधिक ई रिक्शा का चालान किया गया है। इन्हें नाबालिक बच्चे चला रहे थे। हालांकि पुलिस ने बच्चों को चेतावनी देते हुए छोड़ दिया। वही ई रिक्शा मालिकों को भी चेतावनी दी गई है की दोबारा सड़कों पर नाबालिक बच्चों को ई रिक्शा चलाने के लिए न दें।

नानपारा तहसील मुख्यालय पर ई रिक्शा की भरमार है। नगर के मुख्य मार्ग पर कटी चौराहे से लेकर बाईपास तक प्रतिदिन दर्जनों ई-रिक्शा सड़कों पर दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। शिवपुर मोड़ से बाईपास तक काफी संख्या में ई रिक्शा चल रहे हैं। नानपारा नगर क्षेत्र वैसे भी अतिक्रमण की गिरफ्त में है। मुख्य मार्ग पर ही दुकानदार अपनी दुकान बढ़कर लगाते हैं। जिस कारण मुख मार्ग सकरा हो गया है। स्टेशन रोड तिराहे से स्टेशन तक मार्ग अधिक चौड़ा नहीं है। शिवपुर मोड़ से बाईपास रोड भी अतिक्रमण का शिकार है। नानपारा नगर क्षेत्र में दो-तीन चौड़े मार्ग को छोड़कर बाकी लोगों को गलियों से होकर गुजरना पड़ता है। प्रशासन ने मुख्य मार्ग से जाम की समस्या को समाप्त करने के लिए भारी वाहनों को बाईपास से आने-जाने की अनुमति दे रखी है। शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। प्राइवेट बस स्टैंड को भी शहर से बाहर कर दिया गया है। इसके बावजूद जाम की समस्या समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे में काफी संख्या में ई रिक्शा चालक सवारियां बिठाकर दौड़ते नजर आ रहे हैं। मुख्य मार्ग पर दुकानों के सामने ही सवारी की इच्छा के मुताबिक ई रिक्शा चालक रोक कर सवारियां उतारने और बिठाते हैं। इस कारण भी जाम की समस्या उत्पन्न होती है।

खास बात तो यह है कि ई रिक्शा मलिक जब खुद किसी काम के लिए चले जाते हैं तो ऐसी दशा में वे अपने बच्चों को सवारियां ढोने के लिए ई-रिक्शा थमा देते हैं। नाबालिक ई रिक्शा चालकों की वजह से जाम की समस्या से तो लोगों को दो-चार होना पड़ता ही है। दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है। हालत यह है कि नगर के मुख्य मार्ग पर पूरा दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। जिस पर प्रभावी अंकुश के लिए पुलिस उपाधीक्षक नानपारा ने कोतवाली नगर पुलिस और यातायात पुलिस को मुख्य मार्ग पर ई रिक्शा के संचालन को डाइवर्ट करने के निर्देश दिए थे इसके साथ ही इस शिकायत पर की शहर में अधिकतर ई रिक्शा नाबालिक बच्चे चलाते हैं जिनके ऊपर कारवाई करने के निर्देश भी दिए गए थे। पुलिस ने अभियान चलाया और करीब 40 नाबालिक बच्चों को ई रिक्शा चलाने के दौरान रोका गया। ई रिक्शा का चालान किया गया और मालिकों को भी चेतावनी दी गई है।

## जिले में खुले 133 के सापेक्ष 89 धान क्रय केंद्र, 17.55 लाख कुंटल है खरीद लक्ष्य

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जिले में धान खरीद को लेकर प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों की ओर से व्यापक तैयारी की जा रही है। इसके तहत सभी प्रभारी अधिकारी प्रभावी कार्ययोजना के साथ धान खरीद करेंगे। डीएम ने सभी क्रय एजेन्सियों के जिला प्रभारियों को निर्देश दिया कि खरीद अवधि के दौरान नियमित रूप से क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर बोरों, धनराशि की उपलब्धता, खरीदे गये धान की डिलेवरी, राईस मिलों की सम्बद्वत्ता इत्यादि की कार्रवाई एक सप्ताह में पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। बैठक के दौरान विपणन निरीक्षक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि विगत वर्षो में जिले में धान की अच्छी खरीद की गयी थी जिसके लिए जनपद भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री व शासन स्तर से सराहना की गयी थी। उन्होंने बताया कि जनपद में विभिन्न क्रय एजेन्सियों के 133 क्रय केन्द्र खोला जाना है। जिसके सापेक्ष अब तक खाद्य विभाग के 20, पीसीएफ के 32, पीसीयू के 25, यूपीएसएस के 10 व भारतीय खाद निगम के 02 इस प्रकार 89 क्रय केन्द्र अनुमोदन के उपरान्त खोले गये।

# मानव अधिकार हनन रोकने में नाकाफी हैं आयोग: अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस। बहराइच




प्राचीन मानव अधिकार काउंसिल के स्थापना दिवस पर सेनानी भवन सभागार में एक गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति न्याय पीठ के अध्यक्ष (मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी) सतीश कुमार श्रीवास्तव रहे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बार एसोसिएशन बहराइच के अध्यक्ष मदन गोपाल त्रिपाठी ने प्रतिभाग किया और गोष्ठी की अध्यक्षता काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एबुलेस एडवोकेट ने की तथा संचालन सरदार सरजीत सिंह जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीडब्लूसी अध्यक्ष श्री सतीश ने कहा कि यूं तो केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार दोनों ने मानव अधिकार आयोग का गठन एक संवैधानिक संस्था के रूप में किया है, परंतु यह आयोग मानव अधिकार हनन रोकने में नाकाफी है। इस कारण मानव अधिकार संगठन जो नॉन गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशंस हैं। उनकी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य तो यह है कि मानव अधिकार हनन के मामलों में जब कार्यवाही करने की नौबत आती है तो इसमें लीपापोती की जाने लगती है। उन्होंने आशा जताई की प्राचीन मानव अधिकार काउंसिल अपने उद्देश्यों में सफल होकर मानव अधिकारों की रक्षा करने में अपनी महती भूमिका निभाएगी, जो कार्य मानव अधिकार आयोग नहीं कर पाते उन्हें नाम गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशन वाली मानव अधिकार काउंसिल सहजता से कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि मानव अधिकार दिवस पर पुलिस विभाग में प्रत्येक वर्ष एक संगोष्ठी आयोजित कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर दी जाती है, जबकि सर्वाधिक मानव अधिकार उल्लंघन की घटनाएं पुलिस द्वारा किए जाने का मामला प्रकाश में आता है। काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अबुलेस ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान द्वारा प्रदत मानव अधिकारों के लिए प्रदेश के प्रत्येक जनपद में सेशन न्यायालय का गठन किया गया है, परंतु पीड़ित की शिकायत सुनने का सीधे अधिकार इन न्यायालय को प्राप्त नहीं है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सीडीओ ने इंटरलॉकिंग कार्य, खेल मैदान तथा पंचायत भवन का किया औचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य द्वारा विकास खण्ड तुलसीपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत नन्हुवापुर में कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इण्टरलाकिंग कार्य, कनहरा में खेल के मैदान, पंचायत भवन का मुआइना किया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि इण्टरलाकिंग का कार्य गुणवत्तापूर्ण कराते हुये कार्यों में तेजी लाए। इसके साथ ही विद्यालयों में शुद्ध पेयजल, साफ-सफाई, बच्चों को शतप्रतिशत किताबों, ड्रेसों का वितरण, गुणवत्तापूर्ण भोजन आदि के बारें में निर्देशित किया गया। उनके द्वारा कम्पोजिट विद्यालय में अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण करते हुये सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया है कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु बच्चों व अध्यापकों की उपस्थिति शतप्रतिशत होनी चाहिए इसका विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर डीआरडीए सी0पी0 श्रीवास्तव, डीसी0 मनरेगा सतीश पाण्डेय व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### वेयरहाउस का जिलाधिकारी ने किया त्रैमासिक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में बने ईवीएम-वीवीपीएटी वेयरहाउस का जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में त्रैमासिक निरीक्षण किया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुरक्षा के बीच में ईवीएम-वीवीपीएटी वेयरहाउस का डबल लॉक खोला गया। जिला निर्वाचन अधिकारी और जिलाधिकारी द्वारा मशीनों के रखरखाव एवं वेयरहाउस की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंन सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा,डीपीआरओ,अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियंता आरएडी, सहायक निर्वाचन अधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### 10 दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के उमरनी पिपरी चौराहे पर आयोजित होने वाले 10 दिवसीय रामलीला मंचन का बुधवार देर शाम को शुभारंभ किया गया। पहले दिन रावण की तपस्या एवं भगवान शंकर और रावण के प्रसंग का मंचन किया गया। पुरोहित पंडित चंद्रप्रकाश की मौजूदगी में आदर्श रामलीला समिति के प्रबंधक विश्राम वर्मा द्वारा फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित करके रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। डायरेक्शन मोहम्मद जहीर द्वारा किया गया। रामलीला मंत्र का शुभारंभ करते हुए प्रबंधक विश्राम वर्मा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने अपने सामाजिक जीवन में सामाजिक समरसता का संदेश दिया है सभी लोगों को व्यवहारिक जीवन में उनके आदर्श जीवन चरित्र का अनुसरण करना चाहिए। पहले दिन रामलीला मंचन के दौरान बूंदाबांदी होने से मंचन में कुछ व्यवधान भी पैदा हुआ। प्रबंधक रामलीला मंचन का ने बताया कि इस बार रामलीला मंचन में कई बाल कलाकार भी पात्र अभिनय में अपनी प्रतिभा साबित करने को उत्सुक है। यहां स्थानीय ग्रामीण कलाकारों द्वारा दो दशक से अधिक समय से रामलीला मंचन का कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर आदर्श रामलीला समिति के जितेंद्र वर्मा, वासुदेव वर्मा, प्रदीप वर्मा, शत्रुघ्न वर्मा, विकास पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य एवं आजीविका में औषधीय पौधों का अधिक महत्व

**जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर-अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय द्वारा औषधीय सगंध एवं पान शोध परियोजना अंतर्गत अनुसूचित जाति के किसानों को पौध वितरण एवं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में यह कार्यक्रम छेतारी, गाजनपुर गांव में आयोजित किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. संजय पाठक ने कहा कि एलुवेरा, सतावर, अश्वगंधा के प्रयोग को प्रतिदिन करें। उन्होंने कहा कि औषधीय एवं सुगंधित पौधे स्वास्थ्य और आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डा. पाठक ने किसानों से आहवान किया कि वे औषधीय पौधों की खेती करें इससे उनकी आय में भी वृद्धि हो सकती है। परियोजना के मुख्य अन्वेषक डा. राम सुमन मिश्रा ने कहा कि हजारों किसान औषधीय एवं सुगंध पौधों की खेती करके अधिक मुनाफा कमा सकते हैं जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। भारत में उत्पादन होने वाला सुगंध पौध का तेल विदेशों में निर्यात किया जाता है। विभागाध्यक्ष डा. भानु प्रताप ने पौधों में समय-समय पर वृद्धि एवं उनके विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। गोष्ठी का संचालन डा. राम सुमन मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन अखंड प्रताप सिंह ने किया।

### अवध विवि में नैक एवं एनआईआरएफ पर चिंतन शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में गुरूवार को पूर्वाह्न 11 बजे नैक एवं एनआईआरएफ(राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क) विषय पर एक दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीआरआईएसपी यूपी के स्टेट हेड एवं पूर्व कुलपति डॉ0 राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रो0 बलराज चौहान ने सभागार में समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को नैक एवं एनआईआरएफमें प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षण संस्थानों को शैक्षिक गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। तभी अन्य उच्च शैक्षिक संस्थानों की बराबरी कर पायेंगे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### थाईलैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के कप्तान का गृह जनपद आगमन पर गाजे बाजे के साथ किया गया भव्य स्वागत

**जनएक्सप्रेस/जौनपुर।** थाईलैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के कप्तान व राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के असिस्टेंट कोच अक्षय कुमार यादव पुत्र पलकधारी यादव का गृह जनपद निवासी मजीठी महराजगंज का गुरुवार को आगमन पर स्थानीय पड़ाव से मजीठी तक गाजे बाजे के साथ जुलूस निकालकर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया इस दौरान उन्होंने बताया कि वह पुणे में अंडर 14,अंडर 16,अंडर 18 क्रिकेट मैच खेलने के बाद इनका चयन थाईलैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में हुआ।जहां



इनकी प्रतिभा को देखते हुए थाईलैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया उन्होंने बताया कि मलेशिया म्यामार चाइना भूटान देश के खिलाफ टी20 व एक दिवसीय मैच खेल चुके हैं जल्द ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम के साथ खेलेंगे।स्वागत के दौरान उन्होंने सबका आभार प्रकट किया।इस मौके पर रमेश यादव, सपा नेता जय नाथ यादव यादव,जिला पंचायत सदस्य राजेश यादव,राकेश मिश्रा, भोला प्रसाद सेठ,संजय सिंह,शोभनाथ यादव,विराट यादव,प्रदीप कुमार,दया नाथ,पप्पू यादव,हरिश्चन्द्र दूबे सहित सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया।

### देश का नाम रोशन करने वाली ऐश्वर्या मिश्रा का सम्मान करेगी परिश्रम संस्था

**जनएक्सप्रेस/जौनपुर।** एशियाई खेलों में भारत को महिलाओं की 4 गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा में सिल्वर पदक दिलाने वाली टीम का हिस्सा ऐश्वर्या मिश्रा का सम्मान 'परिश्रम' संस्था करेगी। ऐश्वर्या संभवतः 10 अक्टूबर को देश लौटेंगी, तब उनका भव्य ढंग से स्वागत भी किया जाने वाला है। 'परिश्रम' संस्था के प्रमुख कृपाशंकर सिंह ने बताया कि महिला खिलाड़ियों की शानदार सफलता के लिए




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्विट कर सभी को बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी दहिसर पूर्व में रहने वाली ऐश्वर्या मिश्रा की सफलता पर शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बताया कि ऐश्वर्या मिश्रा के पिता कैलाश मिश्र दहिसर पूर्व के धारखाडी स्लम एरिया में फल बेचकर बेटी के सपनों को पूरा कर रहे हैं। मुंबई के स्लम में रहने वाली ऐश्वर्या मिश्रा का परिवार जौनपुर जिले के मडियाहू तहसील अंतर्गत स्थित सुल्तानपुर गांव का रहनेवाला है। ऐसे में परिश्रम संस्था द्वारा परिश्रमी परिवार की बेटी का सम्मान अपने आप में एक आकर्षक और प्रेरणादायक कार्यक्रम होगा।

### किशोरी की अर्धनग्न तस्वीर प्रसारित करने के आरोप में चार पर केस

**जनएक्सप्रेस/जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का फेसबुक पर फेंक आईडी बनाकर अर्धनग्न तस्वीर प्रसारित करने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाइयों सहित तीन के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर उनकी धर पकड़ को प्रयास तेज कर दिया है। गांव निवासी किशोरी की माता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गौरा गांव निवासी कृष्णा विश्वकर्मा, अंकेश और मुकेश विश्वकर्मा ने फेसबुक पर दिलीप विश्वकर्मा के नाम से फर्जी आईडी से उसकी 16 वर्षीय पुत्री की फोटो डबिंग कर उसे अर्धनग्न बनाकर फोटो और विवाह का फर्जी कार्ड प्रसारित कर दिया है। जिसकी पुष्टि मोबाइल से हो जाने पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### एक नामजद सहित चार के खिलाफ दुराचार के प्रयास का केस दर्ज

**जनएक्सप्रेस/जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की रात चार युवकों के द्वारा विवाहिता संग दुराचार के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता के शोर मचा देने से आरोपित अपने नापाक इरादे में कामयाब नहीं हो सके। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। गांव निवासी विवाहिता का आरोप है कि वह रात में अपने घर के बगल छप्पर में सो रही थी। लगभग 11 बजे शेख असरखपुर गांव निवासी प्रदीप राजभर तीन अन्य साथियों को लेकर उसके छप्पर के भीतर घुस आये। उस समय वह गहरी नींद सो रही थी। वे बिस्तर पर बैठ उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगे। तभी उसकी नींद खुल गई। अपने अगल बगल कई युवाओं को देख उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। जब पास पड़ोस के लोग मौके की तरफ दौड़े तो आरोपित भाग गए।

### गर्भवती बकरी की सर्जरी कर पशु चिकित्सक ने बचायी जान

**जनएक्सप्रेस/जौनपुर।** सरपतहा थाना क्षेत्र के राजकीय पशु चिकित्सालय अढ़नपुर में गुरुवार को वहां पर तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी डा आलोक सिंह पालीवाल ने सर्जरी कर एक गर्भवती बकरी की जान बचायी। सर्जरी की सफलता देख बकरीपालक ने चिकित्सक के प्रति आभार जताया। बदलापुर तहसील क्षेत्र का ऊदपुरगेल्हुआ निवासी



कल्पनाथ पाल की बकरी 160 दिन के गर्भ से थी। गर्भ में बच्चे की मौत हो जाने के कारण उसका प्रसव नहीं हो पा रहा था, जिसके कारण बकरी की हालत गंभीर थी।जिसे लेकर वह काफी परेशान सा था। इसी बीच डाक्टर पालीवाल के बारे में जानकारी होने पर वह गुरुवार को अढ़नपुर स्थित चिकित्सालय पर आया जहाँ चिकित्सक द्वारा सर्जरी कर मृत बच्चे को बाहर निकाल कर बकरी की जान बचायी गई। सर्जरी की सफलता देख बकरीपालक ने चिकित्सक के प्रति आभार जताया।

### भाजपा विधायक के प्रयास से बदलापुर नगर पंचायत को मिली बड़ी सौगात

**जनएक्सप्रेस/जौनपुर।** भाजपा विधायक रमेश चन्द्र मिश्र के प्रयास से बदलापुर नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो में इंटरलॉकिंग, नाली, हाईमास्ट लाइट की स्थापना किए जाने हेतु प्रस्तावित कुल धनराशि 4 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किस्त 2 करोड़ रुपए की धनराशि उत्तर प्रदेश



जारी करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने जारी कर दिया। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने इसके लिए वृहस्पतिवार लखनऊ में विकास मंत्री एके शर्मा से मिलकर आभार व्यक्त किया।और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया

### अधिवक्ता संघ ने मृतक साथी की पत्नी को चेक सौपकर की आर्थिक मदद



**जनएक्सप्रेस/जौनपुर।** शाहगंज तहसील अधिवक्ता संघ ने साथी अधिवक्ता आर पी सिंह की बेवा को उनके आवास पर पहुंच कर दो लाख का चेक सौंपकर आर्थिक मदद की। गौरतलब हो कि कोरवलिया भांदी गांव निवासी आर पी सिंह 65अधिवक्ता की विगत दो अक्टूबर को लम्बी बीमारी के चलते उपचार के दौरान निधन हो गया। जिसकी सूचना पर संघ के अध्यक्ष भोलेन्द्र यादव अधिवक्ता साथियों के साथ मृतक के आवास पर पहुंच कर मृतक की बेवा पत्नी शशिकला सिंह को दो लाख का चेक सौंपकर आर्थिक मदद किया। इस मौके पर लालचंद गौतम, राजीव सिंह, धर्मेन्द्र यादव, मोहम्मद सारिक, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, नितेश कुमार, रामसहाय समेत समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे। लोगों ने संघ के लोगों के प्रति आभार जताया।

# राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण






**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

- डेंगू वार्ड में भर्ती मरीजों का जाना हाल, चिकित्सको को दिए बेहतर उपचार के निर्देश
- चिकित्सकों की तैनाती को उपमुख्यमंत्री से फोन पर की वार्ता

प्रदेश के गन्ना विकास एंव चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज गुरूवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया और विभिन्न वार्डों में भर्ती डेंगू बुखार आदि के रोगियों से मिलकर उनका हाल जाना और उपचार आदि की व्यवस्थाओं के बारे में उनसे जानकारी हासिल की। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने चिकित्सालय में चिकित्सकों की मौजूदगी के बारे में जानकारी की तो मौके पर मौजूद चिकित्सक ने बताया की शासन से सात चिकित्सकों की यहॉ तैनाती की गई है लेंकिन मात्र दो चिकित्सकों ने ही यहा ज्वाइन किया है इसपर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एंव स्वास्थ्य विभाग के मुखिया मा0 बृजेश पाठक से फोन पर वार्ता कर चिकित्सकों को तत्काल ज्वाइन कराने का अनुरोध किया ताकि रोगियों को उपचार की बेहतर व्यवस्था हो सकें। राज्यमंत्री श्री गंगवार का आज दोपहर जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण जनपद में तेजी से फैल रहे डेंगू एंव अन्य बीमारियों के परिपेक्ष्य में था जहॉ बडी संख्या में लोग पीड़ित हो रहें है और चिकित्सालयों में उपचार के लिए भर्ती हो रहे हैं। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने चिकित्सालय में पहुॅच कर सबसे पहले इमरजेन्सी वार्ड का निरीक्षण कर वहा भर्ती मरीजों का हाल जाना और सबसे वार्ता कर उपचार के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद ओ0पी0डी में बैठे मरीजों से मिले और चिकित्सा मिलने सम्बन्धित जानकारी हासिल की। इसके बाद राज्यमंत्री श्री गंगवार चिकित्सालय में बने डेंगू वार्ड में पहॅुचे जहॉ भर्ती करीब तेरह मरीजों का हाल जाना और उपचार के बारे में सबसे अलग-अलग वार्ता की। इस मौके पर मौजूद डा0 रमाकान्त सागर से राज्यमंत्री ने उपचार के बारे में जानकारी हासिल की जिसपर डा0 सागर ने बताया की उपचार की बेहतर व्यवस्था की जा रही है दवाओं आदि की कोई कमी नही हैं। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने वार्ड में भर्ती मरीजों को चिकित्सालय की ओर से वितरित किए जाने वाले भोजन को स्वंय देखा और उसकी क्वालिटी सुधारने के निर्देश दिए। बाद में पत्रकारों से वार्ता करते हुए राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा कि जनपद में डेंगू बुखार आदि का तेजी से प्रकोप होने के कारण जिला अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली उपचार आदि की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में निरीक्षण किया गया उन्होनें कहा कि दवाओं आदि की कोई कमी नही है। चिकित्सकों की कमी के चलते उन्होनें प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री बृजेश पाठक से यहा ट्रान्सफर हुये चिकित्सकों को तत्काल् ज्वाइनिंग कराने की कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। उन्होनें साफ-सफाई और स्वच्छयता अभियान निरन्तर चलायें जाने की भी अपील नागरिकों एंव पालिका प्रशासन से की है ताकि गन्दगी के चलते बीमारी को फैलने से रोका जा सकें।

### सीएम योगी का कार्यक्रम आज, राज्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा



**पीलीभीत।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के आगवन के कल शुक्रवार को आगमन के मददेनजर गन्ना विकास एंव चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज मुस्तफाबाद में जाकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं को देखा। वन्य प्राणि सप्ताह के अन्तर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री 06 अक्टूबर को मुस्तफाबाद वन विश्राम भवन परिसर महोफ पीलीभीत टाईगर रिजर्व में आयोजित वन जीव संरक्षण और सतत इको परिर्यटन विकास कार्यशाला में भाग लेने के लिए यहॉ पहुॅच रहे है। मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे कार्यक्रम में पहुॅचेगें। इसकी तैयारियों का निरीक्षण करने हेतु राज्यमंत्री श्री गंगवार ने आज कार्यक्रम स्थल का मौका मुआयना किया और अधिकरियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बालाजी आईटीआई में रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती पर आयोजित की गई विचार संगोष्ठी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**




अखिल विद्यार्थी परिषद द्वारा रानी दुर्गावती की 500वी जयंती के उपलक्ष्य में जनपद के बालाजी आईटीआई कॉलेज सैदपुर पीलीभीत में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मातृशक्ति को समर्पित इस कार्यक्रम में मंच पर प्रतिभाशाली मातृशक्ति सेवायोजन कार्यालय से पारूल चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख डॉ गौरव वर्मा रहे, साथ ही अनेकों छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम के माध्यम से रानी दुर्गावती के तेज, शौर्य, साहस और योग्यता के बारे में जाना। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। जिला प्रमुख डॉ गौरव वर्मा ने बताया कि वर्तमान युवा पीढ़ी भारत वीर भूमि में जन्मे राष्ट्र भक्त, महापुरुषों के जीवन चरित्र से परिचित हो इस उद्देश्य को लेकर रानी दुर्गावती जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। और रानी दुर्गावती के शौर्य एवं त्यागमयी जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी जीवनी प्रस्तुत की। साथ ही उन्होंने बताया कि अपनी वीरता के लिए जानी जाने वाली रानी दुर्गावती का युद्ध कौशल सराहनीय था। जो कि आज भी प्रेरणादायी हैं। पारूल चौधरी ने कहा कि रानी दुर्गावती जैसी वीरांगनायें आज की नारी का आदर्श होना चाहिए। उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर सन् 1524 को महोबा के राजा कीर्ति सिंह के घर जन्मीं उनकी एक मात्र संतान थीं। विवाह के चार वर्ष बाद पति की असमय मृत्यु होने पर तीन वर्षीय पुत्र वीर नारायण को सिंहासन पर बैठाकर संरक्षक के रूप में स्वयं शासन करना प्रारंभ किया। उन्होंने कई बार दुष्टआतताई मुगल शासकों से युद्ध कर संपूर्ण क्षेत्र की रक्षा की। विभाग संगठन मंत्री शाहजहांपुर पीलीभीत मनोज कुमार ने अपने अनुभव सांझा करते हुए ऐसी घटनाओं को बताया जिससे छात्राओं को प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि भारतीय नारी एक ओर शील, विनय, सौंदर्य एवं भक्ति की प्रतिमूर्ति है वहीं दूसरी ओर त्याग, बलिदान, शौर्य और साहस की परिचायक है। प्रत्येक नारी में ऐसे गुण विद्यमान होते हैं बस उन्हें खोजने की जरूरत होती है। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक अरुण पांडे एवं आभार कॉलेज के प्रधानाचार्य विकास सक्सेना द्वारा व्यक्त किया गया। इस मौके पर नगर सह मंत्री अभिषेक गंगवार, जिला सदस्यता प्रमुख अरुण सूर्यवंशी, शुभम भारती, हर्ष सक्सेना, गौरव मौर्या सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।



## साइबर क्राइम की रोकथाम को चलाया जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**हजारा(पूरनपुर)।** दिन प्रतिदिन बढ़ते साइबर अपराध को रोकने के लिए हजारा थाना साइबर पुलिस टीम एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेश के क्रम में प्रतिदिन बढ़ रहे साइबर अपराध के रोकथाम व बचाव के बारे में थाना क्षेत्र के शारदा विद्या मंदिर विद्यालय कबीरगंज में हजारा थाना के उप निरीक्षक संजीव कुमार उप निरीक्षक तेजवीर सिंह महिला आरक्षी शिवानी एवं रेनू भारती विद्यालय में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव हेतु बरती जाने वाली सावधानियां एवं साइबर अपराध की शिकायत के संबंध में सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर साइबर अपराध के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जा सकती है और सावधानी बरतते हुए साइबर अपराध द्वारा ठगी का शिकार होने से बच सकते हैं।पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को अपना या अपने परिवार का बैंक खाता नंबर पैन कार्ड नंबर आधार कार्ड नंबर ओटीपी आदि किसी प्रकार की जानकारी किसी भी अनजान कॉलर को व्यक्त न करें टीम ने यह भी बताया है कि बैंक आपके किसी भी दस्तावेज की जानकारी फोन पर नहीं लेता है।

## पराली खेतों से उठाकर गौशाला पहुंचायें बदले में खाद ले जायें कृषक: विवेक वर्मा

- मेले का उद्घाटन भाजपा विधायक ने फीता काटकर किया तथा कृषकों को पराली न जलाये जाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी

**जन एक्सप्रेस । हरीश वर्मा**

**बीसलपुर।** कृषि उप संभागीय प्रांगण में कृषक मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन भाजपा विधायक ने फीता काटकर किया तथा कृषकों को पराली न जलाये जाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कृषि उप संभागीय कार्यालय प्रांगण में कृषक मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटना भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा पराली जलाये जाने का रोक लगायी गयी है। कृषक अपने खेतों में धान कटने के बाद व गन्ना छीलने के बाद पराली को न जलायें। बल्कि उसे गौशाला भिजवा दें ताकि गौशाला में बंधे गौबंशीय पशुओं को चारा की सुविधा हो जायेगी बदले में गोबर की खाद लेकर अपने खेतों में डालें जिससे फसल की पैदाबार बढ़ेगी और कृषक को मुनाफा होगा। इसलिए कोई भी काश्तकार पराली अपने खेतों में नहीं जलायेगा जिस काश्तकार ने पराली जलाई उसके खिलाफ कार्यवाही करवायी जायेगी।

### किसान को अनुदान का लाभ मिल सके

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कृषक अनुदान पर 50 प्रतिशत छूट पायें और बीज लेकर अपने खेतों में बोयें। ताकि समय से फसल खेतों में बोयी जा सके और किसान को अनुदान का लाभ मिल सके। ब्लाक टैक्नोलोजी मैनेजर अनिल वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पात्र किसानों से अपील है कि किसान ईकेबाईसी करा दें एवं भूमि भी दर्ज करा दें। जिससे किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सके। इस मौके पर अरुण कुमार, संजीव गंगवार, संजीव मौर्य, नितिन गंगवार, अमर सहित भारी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

## नेपाल में हुए बवाल के बाद लगा कर्फ्यू, सीमा पर बढ़ी चौकसी





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

- पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात ने सीमा का लिया जाएजा
- सुरक्षा एजेंसियों को किया गया सतर्क

**हजारा(पूरनपुर)।** पड़ोसी मुल्क नेपाल में हुए बवाल और कर्फ्यू को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात पीलीभीत ने भारत नेपाल सीमा पर पहुंचकर सीमा क्षेत्र का जायजा लिया।ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक कर सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों को चौकसी बर्तने का निर्देश दिया है।सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसी चौकन्नी हो गई है और भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी है।

हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत का पड़ोसी मुल्क नेपाल में सद्भावना रैली को लेकर हुए बवाल को देखते हुए भारत नेपाल सीमा पर लगी सशस्त्र सीमा बल और पुलिस बल को अलर्ट कर दिया गया है।नेपाल में हुए बवाल को देखते हुए सशस्त्र सीमा बल का जायजा लेने बुधवार को क्षेत्राधिकारी यातायात पीलीभीत सुनील दत्त इंडो नेपाल बॉर्डर पर स्थित कंबोज नगर पुलिस चौकी पहुंचकर सशस्त्र सीमा बल से सीमा से संबंधित जानकारी ली वहीं उन्होंने सीमा पर गश्त बढ़ाने का फरमान भी जारी किया है और किसी भी संवैधानिक हरकतों से निपटने का सख्त निर्देश दिया है और वहीं ग्रामीणों से नेपाल ना जाने की सलाह दी और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।पुलिस व एसएसबी ने संयुक्त रूप से गश्त कर सुरक्षा समिति की ली बैठक्भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी यातायात पीलीभीत सुनील दत्त और सशस्त्र सीमा बल के असिस्टेंट कमांडेंट आई जमीर हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार कंबोज नगर पुलिस चौकी प्रभारी राकेश कुमार पुलिस और एसएसबी के जवानों के साथ संयुक्त रूप से भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय स्तंभ संख्या 34 पर संयुक्त रूप से पैदल गश्त किया है तो वही संदिग्ध व्यक्तियों की सघन तलाशी अभियान के साथ चेकिंग किया है।क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार पुलिस एवं एसएसबी के साथ गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज, कंबोज नगर,बमनपुरी भागीरथ,बैल्हा में ग्राम सुरक्षा समिति एवं संभ्रांत व्यक्तियों की बैठक करते हुए शासन के दिशा निर्देश पर उनकी समस्याओं को सुनते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया और भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर तस्करी मादक पदार्थ एवं अन्य संबद्ध तस्करी की रोकथाम के बारे में भी चर्चा किया है। इस दौरान उप निरीक्षक संजीव कुमार, रविंद्र पाल सिंह, तेजवीर सिंह महिला आरक्षी शिवानी के अलावा दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम में 234 बच्चों के हीमोग्लोबिन का हुआ जाँच

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर**

- जलालपुर ब्लॉक किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम में 234 बच्चों के हीमो ग्लोबिन का हुआ जाँच




जलालपुर ब्लॉक अंतर्गत बयालसी इंटर कालेज परिसर में किशोर स्वास्थ्य मंच के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे 234 बच्चों के हीमोग्लोबिन का जाँच किया गया। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी के अधीक्षक डॉक्टर आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में आरबीएसके टीम के द्वारा किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया जिसमे डॉक्टर रंजना ने बच्चों को सम्बोधित करते हुये कही कि किशोरवस्था में शरीर में काफ़ी हार्मोनल बदलाव आते हैं,जिस दौरान काफ़ी समस्याओ से बच्चे बच्चियां जूझती हैं लेकिन अपनी बाते स्वजनो से नहीं कह पाती हैं ऐसे में रोग को बिना छुपाये अपने स्वजनो के माध्यम से चिकित्सक से सुझाव लेकर इलाज करवा कर रोग से छुटकारा पाने चाहिए। इसी क्रम में डॉक्टर हेमंत यादव ने बच्चों को कुपोषण से बचाव व अन्य बीमार से सम्बंधित जानकारी दिये। कार्यक्रम के पोस्टर प्रतिभाग में आदर्श गाँव के विषय में तीन टीमों के बच्चो ने प्रतिभाग किये जिन्हे पुरस्कृत किया गया। प्रतिभाग करने वालें बच्चों को कालेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर शैलेन्द्र सिंह और डॉक्टर आलोक कुमार सिंह के द्वारा ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर अजीत यादव, डॉक्टर नंदनी गुप्ता, ऑप्टम दिनेश कुमारसिंह, अमरनाथ, वृजेशकुमार , नेहा राय रीना भाष्कर, रीमा उपस्थित रहें

# रुपये जमा करने बैंक गए युवक का बैग हुआ पार

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित बैंक में नगदी जमा करने गए युवक का बैग किसी ने पार कर दिया। पीड़ित के मुताबिक बैग में 1.5 लाख की नगदी, साढे छह लाख की एफडी व अन्य जरूरीर कागजात थे। बैंक के सीसीटीवी फुटेज में एक युवक बैग ले जाता दिखा है। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है।



- बैग में थे डेढ लाख की नगदी के साथ साढे छह लाख के एफडी व अन्य दस्तावेज
- बैंक के सीसीटीवी फुटेज में बैग ले जाता नजर आया युवक

सदर कोतवाली के मोहल्ला दरोगा बाग सिविल लाइन निवासी अनुज अवस्थी पुत्र स्व. ईश्वर प्रकाश गुरूवार को घर से बैग में डेढ लाख की नगदी लेकर लेकर मोतीनगर स्थित एचडीएफसी बैंक में जमा करने गया था। जहां काउंटर पर बैग रखकर वह जमा पर्ची भरने लगा। इसी दौरान किसी ने उसका बैग पार कर दिया। पर्ची भरने के बाद बैग गायब देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने अपनी व्यथा मैनेजर को बताई। जिस पर उन्होंने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दिखाई। जिसमें एक युवक बैग लेकर जाता नजर आया है। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। जिस पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित के मुताबिक बैग में जमा करने के लिए लाई गयी डेढ लाख की नगदी के अलावा यूनियन बैंक की पांच लाख की एफडी, पीएनबी की डेढ लाख की एफडी, स्कूटी की आरसी के अलावा अन्य जरूरी दस्तावेज थे।

# दुष्कर्म पीड़िता से मारपीट और दुपट्टे से गला कसने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

बांगरमऊ कोतवाली के एक गांव निवासी दुष्कर्म पीड़िता ने पांच लोगों पर कोर्ट से लौटते मारपीट करने और दुपट्टे से गला कसने का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र सौंपा है। उसका कहना है कि हमलावर उसे मृत समझ कर भाग गए। वहां पहुंचे भाई ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में भाई को धमका कर हल्की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की जबकि उसके बयान तक नहीं कराए गए। गौरतलब हो कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती ने 24 दिसंबर 2022 को बदली पुरवा गांव निवासी अरविंद पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था। पुलिस ने दुष्कर्म समेत अन्य

- एसपी को शिकायती पत्र देकर की कार्रवाई की मांग



धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पीड़िता का आरोप है कि सुलह का दबाव बनाने के इरादे से आरोपी उसे व परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहा है। समाधान दिवस में की गयी शिकायत पर एक महिला और पुलिस सिपाही की कहीं आने जाने पर उसकी उसकी सुरक्षा में तैनात किया गया था। बीती 25 सितंबर को उसी मुकदमें की पेशी लौटते समय पुलिस कर्मियों ने उसे उन्नाव से ले जाकर बांगरमऊ कोतवाली गेट के बाहर ही छोड़ दिया। वहां से घर जाते समय रास्ते में बाइक सवार पांच लोगों ने दुपट्टे से उसका गला कस उसके साथ मारपीट की। उसे मृत समझकर वहीं छोड़कर फरार हो गए। ढूंढते हुए पहुंचे भाई ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इस मामले में पुलिस पर भाई को धमका कर पुलिस ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जबकि उसके बयान नहीं लिए गए। एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने उचित कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने जांच कराते हुए कार्रवाई का आश्वासन उसे दिया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दो बाईक आपस मे टकराईं, सवार गम्भीर रूप से घायल

**जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के भल्ला फार्म कांथा मार्ग पर नहर मोड़ के समीप दो बाइकों में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने नाजुक हालत के चलते एक युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के भल्लाफार्म-कांथा मार्ग पर स्थित एक कम्पनी के गोदाम से निकले बाइक सवार युवकों को गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक सवार टक्कर मार कर फरार हो गया। जिसमें सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बीकामऊ गांव निवासी शिवा तिवारी पुत्र सुरेश तिवारी उम्र 22 वर्ष, गणेश शंकर पुत्र राजकुमार 20 वर्ष निवासी सफीपुर उन्नाव व अमरेश तिवारी पुत्र कमलेश तिवारी 20 वर्ष निवासी राजेपुर पतारी थाना कोतवाली उन्नाव गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल शिवा को नाजुक हालत के चलते चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल गणेश शंकर ने बताया की उसका मित्र शिवा उपरोक्त कंपनी के गोदाम में काम करता है। आज दोपहर वह हम दोनों को भी काम की बात कराने के लिए ले गया था। जहां से निकलने के बाद हादसा हो गया।

### चोरों ने इलेक्ट्रानिक मोटर समेत इंजन और आरा मशीन की पार

**जन एक्सप्रेस/नवाबगंज।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव में एक किसान का बोरिंग पर रखा इंजन व एक आरा मशीन से इलेक्ट्रॉनिक मोटर सहित अन्य सामान चोर पार कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव निवासी किसान सुशील कुमार साहू पुत्र महावीर के खेत से बुधवार की रात चोर बोरिंग पर रखा इंजन व पंखा चोरी कर ले गए तथा गांव के ही बउवा अवस्थी पुत्र शिव बालक की गांव के किनारे आरा मशीन है जहां एक कमरा बना हुआ है। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखा कांटा बांट समेत एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा सहित दो इलेक्ट्रॉनिक मोटर व अन्य सामान भी पार कर गए। सुबह जब चोरी की जानकारी होने पर पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। इस संबंध में एसओ अवधेश कुमार ने बताया कि जैतीपुर गांव से दो लोगों ने चोरी हो जाने की तहरीर दी है जांच की जा रही है।

### अपरहण के फरार चल रहे आरोपी को दबोचा

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि गुरूवार को कोतवाली पुलिस एसपी के निर्देश पर संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पोनी रोड झंडा चौराहे से कुछ दूरी पर अपरहण के मामले में वांछित कानपुर ग्वालटोली निवासी अजय निषाद उर्फ सागर पुत्र स्व. मुन्ना को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपित को विधिक कार्रवाई में निरुद्ध कर कोर्ट भेजा।



### फरार चल रहे वारंटी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान दरोगा सुशील कुमार यादव ने रहमत नगर निवासी राजेश उर्फ धनकपाल पुत्र गनेशी को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि पकड़े गये आरोपी एक मामले में वांछित चल रहा था, उसका कोर्ट से वारंट जारी हो गया था। जिस पर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** रहमत नगर निवासी राजू रहमान की पत्नी वरीशा फातिमा (32) का शव गुरूवार दोपहर कमरे में संदिग्ध हालत में पाया गया। जिस पर परिजनों में कोहराम मच गया। फांसी की जानकारी पति राजू ने मायके पक्ष के लोगों को दी। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने बेटी ही दहेज को लेकर हत्या करने का आरोप लगाते हुये हंगामा काटा। काफी देर तक हंगामा होता रहा। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिये भेजा और हंगामा काट रहे लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। जिसके बाद मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुये कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि शव को पीएम के लिये भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही कारण पता चल सकेगा। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### मोबाइल चोरों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि गुरूवार को एसआई जीपी रमन ने मुखबिर की सूचना पर गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास से संदिग्ध हालत में खड़े दो युवकों को पकड़ा। जहां पुलिस ने उनकी तलाशी ली। इस दौरान उनके पास से दो मोबाइल मिले। पूछताछ में मोबाइल चोरी के बताये। जिस पर उन्हें पकड़ कर कोतवाली लाया गया। जहां दोनों आरोपियों ने अपना नाम गोताखोर निवासी आरिफ और शमीम बताया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पर कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों महिला ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** साढ़ थाना क्षेत्र के मेहरौली गांव मे गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे संदिग्ध परिस्थिति में महिला की फांसी लगाने से मौत हो गई जिसमे ससुरालीजनों ने अज्ञात कारण के चलते फांसी लगा कर आत्म हत्या करना बताया है । वहीं कुछ देर बाद पहुंचे मायके पक्ष ने दहेज की मांग पूरी न करने पर मार पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। साढ़ थाना पुलिस ने फोरेंशिक टीम के सहारे सभी साक्ष्य जुटाते हुए शव का पंचनामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के मिर्खी गांव निवासी शिव नाथ पासवान ने बताया कि उन्होने अपनी पुत्री शशि 25 वर्ष की शादी कानपुर नगर के साढ़ थाना क्षेत्र के मेहरौली गांव निवासी महावीर पासवान के पुत्र शिव करन उर्फ सोनू के साथ की थी शादी के कुछ दिन बाद से ही दोनो के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा शुरू हो गया जिसके चलते दोनो के मध्य किसी न किसी बात पर विवाद होता रहता था इसी बीच दोनों के दो बच्चे आर्यन 6 वर्ष व शुभी 7 माह भी हुए कुछ दिन पूर्व शोनू ने नया ई-रिक्सा खरीदा और उसे चलाने लगा था ग्रामीणों के अनुसार प्रति दिन की तरह कल सुबह भी शोनू घर से नहा धो कर खाना पीना खाकर रिक्सा लेकर चलाने निकल गया इधर शोनू के मांता पिता खेतों की तरफ निकल गए थे तभी शोनू की पत्नी शशि मौका पाकर कमरे के अंदर दरवाजा बंद कर बेड पर भगौना व भगौना पर स्टूल रख कर फांसी लगा ली। साढ़ थाना प्रभारी सतीश राठौर ने बताया कि पिता की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्यवाही की जा रही है।



# एक्सप्रेस वे पर सड़क पार कर रही वृद्धा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

छत्तीसगढ़ के तीर्थयात्रियों की बस का टायर गुरूवार सुबह आगरा एक्सप्रेस वे पर बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत सिरधरपुर गांव के पास फट गया। चालक बस का पहिया बदल रहा था। इसी दौरान बस पर सवार एक वृद्धा उतर कर सड़क पार करने लगी जिसे कोई वाहन टक्कर मारता हुआ निकल गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने उसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। छत्तीसगढ़ से दो यात्री बसें बीती 29 सितंबर को डेढ़ सौ तीर्थ यात्रियों को लेकर निकली

- टायर फटने के चलते रूकी थी छत्तीसगढ के तीर्थ यात्रियों की बस
- बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के सिरधरपुर गांव के पास गुरूवार भोरपहर की घटना

थी। मथुरा वृंदावन के दर्शन के बाद दोनों बसे आयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि के दर्शन करने जा रही थी। गुरूवार सुबह आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत सिरधरपुर के पास एक बस का टायर फट गया। जिस पर दोनों बसे किनारे खड़ी कर चालक दल बस का पहिया बदलने की कवायद में लगा था। इसी दौरान वृद्ध तीर्थयात्री रामबाई (65) पत्नी वार्ता साहू निवासी मुंडपार, नवागढ़ जनपद जंगीपार छत्तीसगढ़ को सड़क पार करते समय किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बास सभी तीर्थ यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने वृद्धा को उपचार के लिए बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमों पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पंपिंग सेट चुराने वाले तीन शातिर भेजे गए जेल

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

अचलगंज थाना क्षेत्र में पंपिंग सेट चुरा कर भाग रहे चोरों को सड़क निर्माण कर रहे मजदूरों व सिक्योरिटी गार्डों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। उनके कब्जे से ऑटो रिक्शा व पंपिंग सेट बरामद करते हुए चोरी के आरोप में तीनों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अचलगंज थाना क्षेत्र के जगजीवनपुर निवासी श्रीकृष्ण मिश्र का पम्पिंग सेट गांव के करीब नहर के किनारे स्थित खेत मे लगा हुआ था। बीती एक

- मजदूरों व सिक्योरिटी गार्डों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया

अक्टूबर की रात कुछ लोग पम्पिंग सेट खोल कर ऑटो रिक्शे में रख कर कोरारी की ओर भागने का प्रयास कर रहे। हड़बड़ी में वे सामने से आ रही बाइक में भिड़ गए। जिस पर चोरों व बाइक सवार युवकों में बहस होने लगी। पास में ही लालगंज उन्नाव हाइवे सड़क निर्माण कर रहे मजदूर व सिक्योरिटी गार्ड भी मौके पर पहुंच गए। उनके रिक्शे में इंजन लदा देख मजदूरों व सिक्योरिटी गार्ड को शक हुआ। मौके पर पहुंची पीआरवी इंजन व रिक्शा समेत तीनों को थाने ले आई। गुरुवार को पुलिस ने सोहित निवासी पोनी, मोहित निवासी सोभाखेड़ा व नदीम निवासी जमी सराय सफीपुर को एक देशी तमंचा व कारतूस के साथ पंपिंग सेट और ई रिक्शा की बरामदगी दिखाते हुए न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसओ प्रशांत द्विवेदी के मुताबिक तीनों का अपराधिक इतिहास रहा है।

# निर्माणाधीन फैक्ट्री में कार्यरत महिला मजदूर की सर्प के काटने से मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के रामबक्सखेड़ा गांव में निर्माणाधीन फैक्ट्री में काम करने आई महिला को बीती रात जहरीले सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल उन्नाव ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजा है। चमरौली के रामबक्सखेड़ा गांव में मैदा फैक्ट्री का निर्माण हो रहा है। जिसमे बिहार प्रान्त के पुरुष और महिला मजदूर काम कर रहे है। जोकि तिरपाल की झोपड़ी में रात को जमीन पर सोते है। बुधवार रात झोपड़ी में अपने परिवार के साथ सो रही महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया महिला दुलरिया पत्नी संतोष भुईया उम्र लगभग 33 वर्ष बिहार प्रान्त के औरंगाबाद के ग्राम कुड़वा थाना मोह की रहने वाली है। लगभग 3 महीने से दोनों पति-पत्नी फैक्ट्री निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे। बुधवार रात लगभग 1.30 बजे सांप ने सोते समय काट लिया। मजदूर उपचार के लिए उसको लेकर जिला अस्पताल उन्नाव पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

# छात्र और मानसिक बीमार युवती के फंदे से लटके मिले शव

- औरास थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव की दोनों घटनाएं

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

औरास थाना क्षेत्र में एक छात्र और मानसिक बीमार युवती के शव फंदे से लटके मिले। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दोनों ही घटनाओं में परिजनों ने कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया है।

**केस एक**

औरास थाना क्षेत्र के नंदौली गांव निवासी विनीत कुमार (16) कस्बे के इंटर कालेज में कक्षा आठ का छात्र



था। गुरुवार भोरपहर वह खेत पर जाने के बाद वह वापस नहीं लौटा तो घर वालों को चिंता हुई। इसी बीच खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने नंदौली-मानसिंह खेड़ा गांव जाने वाले मार्ग पर नरेंद्र सिंह की आम की बाग में उसका शव दुपट्टे के फंदे से लटका देखा। घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के पिता अमृतलाल तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मोहल्ले के मुताबिक गृह कलह से आजिज होकर उसने यह कदम उठाया है। मृतक चार भाईयों में सबसे छोटा था। करीब दस साल पहले उसकी मां की मौत जहर खाने से हो गई थी। पिछले साल बड़े भाई कमलेश की बुखार से मौत हो चुकी है। फिलहाल परिजन घटना के पीछे वजह नहीं बता सके हैं।

**केस दो**

औरास थाना क्षेत्र के मुश्ल्यावां गांव निवासी रेनू (23) काफी दिनों से मानसिक बीमार चल रही थी। परिजन लखनऊ के निजी अस्पताल से उसका उपचार करा रहे थे। मां भानमती और छोटी बहन मीनू लखनऊ सत्संग में गई थी। छोटा भाई अर्पित घर के बाहर गया था। इसी दौरान घर में अकेली रेनू ने गुरूवार सुबह नौ घर के अंदर कोठरी में लगे छल्ले में दुपट्टे के फंदे से लटककर जान दे दी। कुछ देर बाद भाई अर्पित के घर पहुंचने घटना की जानकारी हुई। मृतका के भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पोस्टमार्टम कराया। भाई अर्पित ने बहन के मानसिक बीमार होने की बात कही है। मृतका चार भाई बहनों में दूसरे नंबर की थी। एसओ औरास रेखा सिंह ने बताया परिजनों की तहरीर पर किशोर व युवती के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# बिल्हौर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय पूरा में शत प्रतिशत उपस्थिति पर बच्चों को पुरस्कृत किया

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर खंड शिक्षा अधिकारी रवि प्रताप सिंह ने गुरुवार को कंपोजिट विद्यालय पूरा द्वितीय में प्रतिमाह के भांति इस माह भी शतप्रतिशत उपस्थित वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें 47 बच्चों को पुरस्कार दिया गया है। विद्यालय में प्रतिमाह शतप्रतिशत उपस्थित वाले बच्चों को कई वर्षों से पुरस्कृत किया जाता आ रहा है। इसके साथ खेल प्रतियोगिताओं में ब्लॉक में स्थान पाने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों में देव कक्षा 7, उज्जवल कक्षा 8, निर्भय कक्षा 8, अंशिका कक्षा 8, शाहीन कक्षा 6, महेंद्र कक्षा 6, नैना गुप्ता कक्षा 7, राधा कक्षा 8, रेशमा कक्षा 7 , मीनाक्षी कक्षा 8, आकांक्षा कक्षा 8, अनिरुद्ध कक्षा 6, माही कक्षा 6 , तकदीर कक्षा 6, गणेश कक्षा 6, सलमान कक्षा 6,




खुर्शीद कक्षा 6 , उर्मिला कक्षा 6, कशिश कक्षा 6, सूर्यांश कक्षा 6 आदि मौके पर उपस्थित बच्चों को प्रधानाध्यापक आदित्य कुमार, धर्मेंद्र कटियार, सुषमा शुक्ला, सुमन आनंद, शबनम, अर्चिता त्रिवेदी, आदि उपस्थित होकर बच्चों को प्रस्कृत करने में सहयोग किया खंड शिक्षा अधिकारी रवि प्रताप सिंह ने बताया कि इस तरह की प्रतिमाह पुरस्कार प्राप्त करने पर बच्चों में उत्साह बढ़ता है और वह अगले माह शतप्रतिशत उपस्थिति देने में कामयाब होते हैं। जिससे उनके परिवार के लोग भी इस पर ध्यान देते हैं। यह हमारे ब्लॉक ही नहीं जिले का प्रथम विद्यालय है जहां पर इस तरह से पुरस्कार किया जाता है और खेलकूद में भी इस स्कूल के बच्चों ने जिले में नाम रोशन किया है। इसका श्रेय प्रधानाचार्य आदित्य कुमार को जाता है।

# सड़क किनारे अवैध बोरिंग की तो खैर नहीं, महापौर ने दी सख्त हिदायत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सड़क किनारे अवैध बोरिंग हुई तो खैर नहीं महापौर प्रमिला पांडे ने गुरुवार शाम आर्य नगर चौराहे के करीब सड़क किनारे बोरिंग होते हुए देखा तो नाराज हो गई। महापौर ने गाड़ी से उतरकर सीधे मौके पर पहुंची और वहां मौजूद ठेकेदार को फटकार लगाते हुए पूछा कि किसके आदेश से यहां सड़क किनारे बोरिंग हो रही है आरोपी ठेकेदार जब कोई आदेश नहीं दिखा पाया तो महापौर ने तत्काल स्वरूप नगर थाने के इंस्पेक्टर और जोनल चार प्रभारी लालचंद सरोज को मौके पर तलब कर लिया। महापौर ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया। इस मामले में महापौर ने बताया कि वह किसी काम के सिलसिले से आर्य नगर चौराहे से गुजर रहीं थीं तभी उन्होंने चौराहे के पास सड़क किनारे बोरिंग



होते हुए देखी बोरिंग के कारण आसपास मिट्टी का मलवा जमा था और जल भराव के कारण बोरिंग का गंदा पानी सड़क पर बह रहा था जिसके कारण लोगों को यहां से निकलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। महापौर ने बताया कि शहर में अवैध बोरिंग के कारण जहां सड़कें टूट रही हैं वहीं इससे गंदगी और जगह-जगह जल भराव भी हो रहा है महापौर ने बताया कि अगर सड़क किनारे अवैध बोरिंग होते हुए पाई गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में महापौर ने जल्द ही नगर निगम की टीम गठित करने का निर्देश दिया है जो शहर में अवैध बोरिंग को ना केवल रोकने का काम करेगी बल्कि उनसे जुर्माना भी वसूल करेगी।

# सर्वोदय हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर में बिना लाइसेंस के चल रहा आईसीयू

**जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे**

**कानपुर नगर।** कल्याणपुर बिठूर रोड स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर में स्वास्थ्य विभाग की आंखों में धूल झोककर आईसीयू और एनआईसीयू चलाया जा रहा है। जबकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की माने तो अस्पताल को आईसीयू चलाई जाने की परमिशन नहीं है।

आपको बताते चलें कल्याणपुर बिठूर रोड स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर मानक विहीन बिल्डिंग में संचालित किया जा रहा है। यह हॉस्पिटल पहले कल्याणपुर के राजकीय उन्नयन बस्ती के पास चलता था। जिसे जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मानक पूरा न होने की वजह से बंद कर दिया था। लेकिन अब यही अस्पताल कल्याणपुर बिठूर रोड पर संचालित है। सूत्रों ने यह भी बताया कि अस्पताल में डिग्री होल्डर नर्सिंग स्टाफ नहीं है। जितना भी नर्सिंग स्टाफ कार्य कर रहा है वह अनट्रेंड है। अस्पताल के बारे में जब एडिशनल सीएमओ सुबोध प्रकाश से जानकारी करनी चाहिए तो उन्होंने




साफ शब्दों में कहा कि इस नाम के कल्याणपुर क्षेत्र में चलाई जाने की कोई सूचना नहीं है। और ना ही इस अस्पताल का नाम हम लोगों की सूची में है। तो समझने वाली बात यह है कि आखिर किसके आदेश पर यह मानक विहीन अस्पताल संचालित किया जा रहा है।

# श्री राम कथा के दूसरे दिन भी कथा श्रोताओं की उमड़ी भीड़

**जन एक्सप्रेस/ कानपुर नगर**

बीते दिन गुरुवार को भी श्री राम कथा के दूसरे दिन कथा श्रोताओं की उमड़ी भीड़ आपको बताते चलें कि महाराजपुर विधानसभा के वार्ड 87 के पहाड़पुर श्रीनगर बीएलसीएल सोसाइटी में भारतीय जनता पार्टी के नेता मनोज गुप्ता उर्फ सोनू भैया के तत्वाधान में हो रही 9 दिवसीय राम कथा के दूसरे दिन श्रोताओं की भीड़ देखने को मिला संत श्री चरण दास जी महाराज द्वारा शिव चरित्र का सुंदर वर्णन किया गया व्यास जी ने मां पार्वती के जन्म और भगवान शिव द्वारा विवाह के लिए सहमत एवं शिव शिव बारात की कथा सुनाई संत श्री चरण दास जी महाराज ने कहा कि राजा दक्ष प्रजापति ने भगवान शंकर का अपमान करने के लिए महा यज्ञ का आयोजन किया था जिसमें उनसे भगवान शिव को छोड़कर समस्त देवताओं को आमंत्रण भेजा था भगवान शंकर के मना करने के बाद भी सती अपने पिता के यहां जाने की इच्छा जताई तो भगवान शंकर ने बिना बुलाए जाने पर कष्ट का भागी बने की बात कही।



# गारंटी है एमपी विकास में टॉप पर आएगा: मोदी

## जबलपुर में कहा, जनधन, आधार, मोबाइल की त्रिशक्ति से कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र तहस-नहस किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबलपुर में कहा कि ना गरीबों का पैसा लूटने दूंगा और ना ही कांग्रेस के नेताओं की तिजोरी भरने दूंगा। हमने जनधन, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रिशक्ति बनाई कि कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र तहस नहस हो गया। आज गरीबों का पैसा गरीबों के हित में लग रहा। मोदी ने कहा 2014 के पहले हजारों करोड़ के घोटाले हेडलाइन बना करते थे। गरीबों पर खर्च होने वाला पैसा कांग्रेस नेताओं की तिजोरियों में जा रहा था। हमने कांग्रेस सरकार की बनाई भ्रष्ट व्यवस्थाओं को बदलने का अभियान चलाया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबलपुर में रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के मौके पर वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक एवं उद्यान का शिलान्यास किया। साथ ही दुर्गावती स्मारक पर डाक टिकट और सिक्के भी जारी किए। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से ही देश के अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े 12 हजार 600 करोड़ के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया।

### गरीबों का पैसा लूटने नहीं दूंगा

कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री कहते थे कि एक रुपए भेजते हैं, तो 15 पैसा पहुंचता है। 85 पैसे कौन सा पंजा खींच लेता था। मोदी ने आकर सब साफ कर दिया। ना गरीबों का पैसा लूटने दूंगा और ना ही कांग्रेस के नेताओं की तिजोरी भरने दूंगा। हमें जनधन, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रिशक्ति बनाई कि कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र तहस नहस हो गया। आज गरीबों का पैसा गरीबों के हित में लग रहा।

### कांग्रेस की भ्रष्ट व्यवस्था को बदला

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो आज 20-22 साल की उम्र वाले हैं। उन्हें पता ही नहीं होगा कि मोदी के आने से पहले क्या हाल था। तब हजारों करोड़ों रुपए के घोटाले हेडलाइन बना करते थे। गरीब पर खर्च होने वाला पैसा कांग्रेस नेताओं की तिजोरियों में जा रहा था। हमने कांग्रेस सरकार की बनाई भ्रष्ट व्यवस्थाओं को बदलने का अभियान चलाया। 11 करोड़ फर्जी नामों को हमने सरकारी दफ्तरों से हटाया।

### कांग्रेस ने आदिवासियों को सम्मान नहीं दिया

जिस दल ने इतने सालों तक देश में सरकार चलाई, उसने आदिवासियों को सम्मान नहीं दिया। आदिवासियों के योगदान को पहचान नहीं दी? देश को पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति देने का सौभाग्य भी भाजपा को मिला। आजादी के बाद दशकों तक जो दल सरकार में बैठा रहा, उसने एक ही काम किया, एक ही परिवार की चरण वंदना की। देश की परवाह नहीं की।

### ये लोग अब भारत को गाली देने लगे

पूरी दुनिया भारत का गुणगान कर रही है, वहीं वो राजनीतिक दल जिनका सब लुट गया है, उन्हें सिवाय कुर्सी के कुछ दिखता नहीं है। अब ये इस हद तक गए है कि भाजपा को गाली देते देते भारत को गाली दे रहे हैं। ये लोग आए दिन डिजिटल इंडिया के लिए हमारा मजाक उड़ाते है। इन लोगों ने कोरोना वैक्सीन पर भी सवाल उठाए।



### राजस्थान में बोले पीएम, गहलोत जी, आप आराम कीजिए

पीएम मोदी ने राजस्थान के जोधपुर में मुख्यमंत्री गहलोत पर सरकारी कार्यक्रम में मौजूद ना रहने पर तंज कसते हुए कहा- मैं सरकारी कार्यक्रम से आ रहा हूं, लेकिन वहां मुख्यमंत्री (अशोक गहलोत) गायब थे। क्योंकि उनको मोदी पर इतना भरोसा है कि मोदी आएगा तो सब ठीक हो जाएगा। मैं भी उनको कहता हूं कि अब आप आराम कीजिए, हम संभाल लेंगे। पीएम ने जोधपुर में एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग की आधारशिला रखी, जिसे 480 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। साथ ही जोधपुर आईआईटी देश को समर्पित किया। इस दौरान करीब 5 हजार करोड़ के स्वास्थ्य, शिक्षा, रेल और सड़क से जुड़े प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।

### कांग्रेस ने एक परिवार का महिमा मंडन किया: शिवराज

एक सरकार पहले सालों तक रही उसने एक खानदान के लोगों का ही महिमामंडन किया। रानी दुर्गावती की प्रतिमा भी भाजपा सरकार ने लगाई। कांग्रेस ने कभी पेसा एक्ट लागू नहीं किया। ये काम करने का सौभाग्य भी हमें मिला। आज पेसा एक्ट जल, जमीन और जंगल का अधिकार दे रहा है। पेसा एक्ट के तहत गांव में छोटे-मोटे विवाद समितियां भी निपटा देती है। पेसा को जमीन पर उतारकर आदिवासी समाज का कल्याण किसी ने किया तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया।



### महापुरुषों, वीरों, वीरांगनाओं को भुलाया

दुनिया के किसी देश में रानी दुर्गावती जैसा कोई उनका नायक होता, नायिका होती, तो वो देश पूरी दुनिया में उछल कूद करता। आजादी के बाद हमारे देश में भी यही होना चाहिए था, लेकिन हमारे महापुरुषों को भुला दिया गया। हमारे तेजस्वी, तपस्वी, त्याग और तपस्या की मूर्ति वीरों और वीरांगनाओं को भुला दिया गया।

### मोदी की गारंटी, एमपी विकास में टॉप पर होगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता वंचितों को वरीयता है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को उनका हक देने का काम भी भाजपा ने किया है। भाजपा सरकार गरीबों की सरकार है। अपने परिवार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ लोग प्रपंच कर रहे हैं। लेकिन मोदी की गारंटी है एमपी विकास में टॉप पर आएगा।

### स्मारक में रानी दुर्गावती की 52 फीट ऊंची प्रतिमा लगेगी

स्मारक एवं संग्रहालय में वीरांगना रानी दुर्गावती की अष्टधातु से बनी प्रतिमा लगाई जाएगी। यह प्रतिमा 52 फीट ऊंची होगी। संग्रहालय में स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई लड़ने वाले आदिवासी योद्धाओं की शौर्य गाथा को भी चित्रित किया जाएगा। यहां ओपन थिएटर भी बनाया जाएगा। साथ ही, रानी दुर्गावती की जीवन गाथा को बताने के लिए लाइट एंड शो का मंचन करने का प्रावधान भी स्मारक एवं संग्रहालय में किया गया है।

### उत्साह बता रहा महाकौशल के मन में क्या?

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आज जबलपुर का एक नया ही रूप देख रहा हूं। मैं देख रहा हूं, जबलपुर में जोश है। महाकौशल में मंगल है, उमंग है, उत्साह है। ये जोश और ये उत्साह दिखाता है कि महाकौशल के मन में क्या है? प्रधानमंत्री के ऐसा कहने के बाद पब्लिक मोदी-मोदी के नारे लगाने लगी।

# नेपाल प्रशासन ने कर्फ्यू में दी ढील, सीमा पर सामान्य हुआ आवागमन

जन एक्सप्रेस । अशोक उपाध्याय

**भारत नेपाल सीमा, बहराइच।** नेपाल में गत मंगलवार को दो समुदायों के बीच हुए तनाव के बाद नेपाल प्रशासन ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया था। सेना के जवान सड़कों पर गस्त करने लगे थे। लोगों को घर से बाहर निकलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। कर्फ्यू का असर भारत नेपाल सीमा पर जारी आवागमन पर भी पड़ा। एक दूसरे देश के नागरिक कर्फ्यू के कारण फस गए थे। मालवाहक वाहनों का तांता लग गया था। कर्फ्यू के कारण लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही थी। लेकिन इस बीच बुधवार की देर रात नेपाल के जिलाधिकारी ने कर्फ्यू में दिन में 12 घंटे की ढील देने की घोषणा की है। बृहस्पतिवार की सुबह ८ः00 बजे से रात ८ः00 बजे तक



कर्फ्यू हटा लिया गया है। इस बीच लोग सुचारू रूप से आवागमन कर सकेंगे। ज्ञातव्य है कि नेपाल का सीमावर्ती नेपालगंज शहर रविवार को सोशल मीडिया पर हुई एक आपत्तिजनक पोस्ट के बाद अशांति की ओर बढ़ गया था। मंगलवार को एक संगठन की ओर से बाजार बंद की घोषणा करने के साथ जुलूस निकाला गया। इस दौरान कुछ शरारती तत्वों ने जुलूस पर पथराव किया। जिसमें कई लोग जख्मी हुए थे। नेपालगंज बाजार अशांत हो गया। इस पर नियंत्रण के लिए नेपाल के बांके के जिला अधिकारी विपिन आचार्य ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाने की घोषणा कर दी थी। इस संबंध में सुरक्षा कर्मियों को पत्र जारी कर कर्फ्यू ग्रस्त इलाके में गस्त बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद कर्फ्यू ग्रस्त इलाके में सेना ने मोर्चा संभाल लिया था। अचानक लगाए गए कर्फ्यू के कारण भारतीय क्षेत्र के काफी संख्या में लोग नेपाल और नेपाल के काफी संख्या में नागरिक भारतीय क्षेत्र में फंस गए थे। नेपाल सीमावर्ती इलाके के बांके जिले में लगाए गए कर्फ्यू का असर भारतीय सीमा पर भी देखा गया था। भारत नेपाल सीमा पर कर्फ्यू के बाद सन्नाटा पर असर गया था व्यापारी असमंजस में थे। भारतीय सुरक्षा कर्मियों ने भी सतर्कता बढ़ाते हुए सीमा पर गस्त बढ़ा दी थी। बुधवार को जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार वर्मा ने भी सीमा की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया था। लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की थी। नेपाल सरकार गृह मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार विगत चार दिनो से अशान्त नेपालगञ्ज बाँके जिले में स्थिति तेजी से सामान्य हुई है। इसके बाद सुबह आठ बजे रात आठ बजे तक कर्फ्यू मे छूट दी गई है। इसके बाद भारत नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी के बीच आवागमन शुरू हो गया है। जिला अधिकारी बाँके नेपालगञ्ज विपिन आचार्य के अनुसार कर्फ्यू में छूट के दौरान किसी प्रकार के जुलूस और प्रर्दशन की अनुमति नही है। साथ ही एक स्थान पर पाच से अधिक व्यक्ति न तो जमा हो सकते हैं और न ही झुंड में आवागमन कर सकते हैं। किसी प्रकार की सभा की अनुमति भी नहीं दी गई है। पोस्टर, पर्चा, बैनर पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। नेपाल के बांके के जिला अधिकारी के इस आदेश के बाद सीमा पर आवागमन शुरू हो गया है।

### अपने-अपने वतन लौटें नागरिक

नेपाल के बांके जिले की उप महानगरपालिका में मंगलवार को दोपहर बाद अचानक अशांति का माहौल फैल गया। यह वह वक्त था जब काफी संख्या में भारतीय मजदूर, कामगार, व्यापारी, पर्यटक और आम नागरिक अपना काम काज निपटा रहे थे। काफी संख्या में नेपाली नागरिक भारत की रुपईडीहा बाजार में दैनिक उपयोग की वस्तुओं खरीदारी में व्यस्त थे। इसी के साथ भारत के विभिन्न महानगरों में मेहनत मजदूरी कर रहे काफी संख्या में नेपाली नागरिक विभिन्न वाहनों से रुपईडीहा कस्बे में पहुंचे थे। अचानक नेपाल में कर्फ्यू लगने की खबर और सीमा पर सुरक्षा कर्मियों की ओर से बढ़ाई गई चौकसी ने सभी को हैरान कर दिया था। भारत और नेपाल सीमा क्षेत्र में काफी संख्या में लोग फंसे हुए थे लेकिन सुरक्षा कर्मी कर्फ्यू के आदेश के चलते लोगों को आने-जाने नहीं दे रहे थे। बुधवार को कुछ नागरिकों को सुरक्षा कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारी पर आने जाने तो दिया लेकिन फिर भी लोगों में डर व्याप्त था। गुरुवार की सुबह कर्फ्यू में दी गई ढील के बाद काफी संख्या में लोग अपने वचन सुरक्षित लौट पाए हैं।

# संजय सिंह को 5 दिन की रिमांड पर भेजा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली शराब घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने आप सांसद संजय सिंह को ईडी की 5 दिन की रिमांड पर भेज दिया। हालांकि, ईडी ने कोर्ट से 10 दिन की रिमांड मांगी थी। एजेंसी ने कहा कि हमें डिजिटल डेटा निकालना है। संजय को दूसरे लोगों के साथ बिठाकर पूछताछ करनी है। दरसल, संजय सिंह को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। उधर, सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर अगली तारीख 12 अक्टूबर तय की। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने ईडी से पूछा- सबूतों की कड़ी एक-दूसरे से नहीं जुड़ रही हैं। आपकी दलीलें अनुमान पर आधारित हैं, जबकि यह सबूतों पर होनी चाहिए। बेंच ने ईडी से सवाल किया कि सरकारी गवाह बने कारोबारी दिनेश अरोड़ा के बयान के अलावा सिसोदिया के खिलाफ सबूत कहां हैं। सिसोदिया को अगर पैसे मिले तो किसने दिया और यह उन तक कैसे पहुंचा? पैसे देने वाले बहुत सारे लोग हो सकते हैं। जरूरी नहीं कि यह शराब से जुड़ा हो।

### 'शराब घोटाले की आंच केजरीवाल तक जाएगी'

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा- आज आम आदमी पार्टी के तीसरे स्तम्भ की गिरफ्तारी हुई है। ये आंच सत्येंद्र जैन से चलकर मनीष सिसोदिया और फिर संजय सिंह तक पहुंची हैं। मेरा मन कहता है कि ये बहुत जल्द अरविंद केजरीवाल के गिरेबान तक जाने वाली है।

# महाराष्ट्र में फर्जी ट्रांसफर ऑर्डर देने वाला कॉन्ट्रैक्टर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र में फर्जी ट्रांसफर का ऑर्डर देने वाले 40 साल के कॉन्ट्रैक्टर को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को यह जानकारी मुंबई साइबर पुलिस ने दी है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के फेक साइन बनाकर 6 सरकारी अफसरों के तबादले का आदेश दिया था। पुलिस का कहना है कि सांगली जिले के रहने वाले आरोपी का नाम मोहम्मद इलियास याकूब मोमिन है। उसने फर्जी आदेश दिखाकर कथित रूप से पैसे ठगे। मोमिन काफी पढ़ा-लिखा है और उसने पैसे कमाने के लिए यह ठगी की। मोमिन ने बिजली विभाग केअसिस्टेंट इंजीनियर और डिप्टी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर समेत 6 लोगों को ठगा। उनके तबादले के फर्जी कागजात तैयार किए। इतना ही नहीं डिप्टी सीएम फडणवीस के निजी सचिव विद्याधर महाले की फर्जी मेल आईडी भी तैयार की और 23 जुलाई को ट्रांसफर लेटर भेजा। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से मिले मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश रचने से जुड़ी कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।


# एजेंसियां ऐसा कठोर रुख अपनाएं, जिससे नया आंतकवादी संगठन नहीं बन सके: अमित शाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो दिवसीय आतंकवाद विरोधी सम्मेलन 2023 में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें न केवल आतंकवाद से लड़ने की जरूरत है, बल्कि इसके पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को भी खत्म करने की जरूरत है। इसके लिए हमें पूरी सरकार और टीम इंडिया की भावना के साथ काम करना होगा। सभी आतंकवाद विरोधी एजेंसियों को ऐसा कठोर दृष्टिकोण अपनाना होगा कि नए आतंकवादी संगठन न बन सकें। उन्होंने कहा कि एनआईए, एटीएस और एसटीएफ का काम केवल जांच तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें लीक से हटकर सोचना चाहिए और



आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नए कदम उठाने चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक सहयोग की आवश्यकता है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी शामिल है। अमित शाह ने दिल्ली में आंतकवाद रोधी बैठक में कहा कि मोदी सरकार के कड़े निर्णयों की वजह से जम्मू-कश्मीर, नक्सल प्रभावित इलाकों और पूर्वोत्तर में हिंसा में कमी लाने में बड़ी सफलता मिली है। पीएम मोदी ने क्रिप्टो, हवाला, आतंकवाद वित्तपोषण से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। इसके बहुत अच्छे नतीजे आए हैं, लेकिन बहुत कुछ किया जाना अभी भी बाकी है।




# धार्मिक व अध्यात्मिक अघाड़ी (भाजपा) मुंबई के अध्यक्ष सुरेश दी. मिश्र की माताश्री की शोक सभा संपन्न

जन एक्सप्रेस । मुम्बई

धार्मिक व अध्यात्मिक अघाड़ी भाजपा मुंबई अध्यक्ष व महाराष्ट्र रामलीला मंडल के महासचिव सुरेश दी. मिश्र की माता स्व. श्रीमती लल्ली देवी की शोक सभा व भजन संध्या गत सोमवार को मुंबई मराठी पत्रकार संघ, पत्रकार, दूसरी मंजिल पर आजाद मैदान, फोर्ट में शाम 7.30 बजे रखा गया। स्वर्गीय श्रीमती लल्ली देवी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, भाजपा मुंबई उपाध्यक्ष त्रिपाठी, उभामो मुंबई जेपी सिंह, उत्तरभारतीय समाज के अशोक पाण्डेय, बद्रीप्रसाद पाण्डेय, रंजीत सिंह, विनय मिश्र, सुभाष शुक्ल,वरिष्ठ पत्रकार अनुराग त्रिपाठी, अभयमिश्र, पुष्पराज, शिक्षाविद् बालगोविंद तिवारी, लच्छन यादव, व धार्मिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी श्रद्धा सुमन अर्पित किया विशेषतः उप्र से लखनऊ से पधारे स्व.श्रीमती लल्ली देवी के इकलौते 11साल छोटे भाई विनोद त्रिपाठी ने लखनऊ विश्वविद्यालय से 1975 में शिक्षा पूरी करके कारपोरेट सेक्टर



(कोकाकोला, भोलानाथ कारपेट्स, सुपरहाउस लिमिटेड, सोमैया आरगेनिक्स लि.,अलाना ग्रुप आदि) में प्रशासनिक तथा मानव संसाधन एवं विकास विभाग के पदों पर सेवाऐं दी। वर्तमान में वो अंग्रेजी व जीवविज्ञान के शिक्षक पद पर सेवाऐं दे रहे हैं। प्रों विनोद त्रिपाठी अपने बहन के शोक सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित करने व उनकी तेरहवीं संस्कार विधि में शामिल होने के लिए लखनऊ से आये थे। श्रद्धांजली सभा में उत्तर भारतीय समाज के सभी मान्यवरों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर स्व श्रीमती लल्ली देवी को भगवान मोक्ष प्रदान कर अपने चरणों में स्थान दें,ऐसी मंगल कामना की।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)